
फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 72 संख्याः 188 प्रभात जयपुर, गुरुवार 10 फरवरी, 2022 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.00 रु.

ARBiT



जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot


epaper.rashtradoot.com

Hiring Attitude Against Skill

Transformation from an Idealist to an Optimist...to a Realist to a Pessimist....to a Cynic; down the slide it goes on forever. Cynics are popular but cynicism is a cancer.

How Genetics Affect Food Choices

Decadent Desserts for V-day



*एक नए शोध के अनुसार, लाखों साल पहले पूर्वी अफ्रीका के ''स्काय आयलैण्ड'' पहाड़ों का ''साउण्ड ट्रैक'' आज के साउण्ड ट्रैक के समान ही रहा होगा। वो इसलिए क्योंकि, नन्ही सी रंगबिरंगी चिड़ियों का समूह 5 लाख या शायद 10 लाख वर्षों से एक ही गाना गा रहा है। नैक्टरिनायडाय फैमिली की ''सनबर्ड्स'', रंगबिरंगी और छोटे साइज़ की चिड़ियाँ हैं। हमिंगबर्ड से मिलती -जुलती और पराग खाने वाली ये चिड़ियाँ पूरे अफ्रीका और एशिया में बड़ी संख्या में पाई जाती हैं। पूर्व में इन्हें डबल कॉलर्ड सनबर्ड कहा जाता था। युनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, बर्कली, में इन्टिग्रेटिव बायॉलजी के प्रौफेसर तथा म्यूज़ियम ऑफ वर्टिब्रेट ज़ूऑलजी के अध्यक्ष, राओरी बोवी, जो इस शोध के वरिष्ठ लेखक हैं, ने कहा, ''ये छोटे-छोटे रत्न हैं जो अचानक आपकी नज़रों के सामने आ जाते हैं।'' ईस्टर्न डबल-कॉलर्ड सनबर्ड, जिसे ''स्काय आयलैण्ड सनबर्ड'' भी कहते हैं, पूर्व अफ्रीका में मोज़ाम्बीक से कीनिया तक, ऊँचे पहाड़ों की चोटियों पर रहते हैं। आसमान छूती इन पहाड़ियों ने लाखों वर्षों के लिए इस प्रजाति की विभिन्न आबादियों या वंशावलियों को एक दूसरे से आइसोलेट (विलग) कर दिया। लेकिन, एक दूसरे के साथ कोई भी इन्टरैक्शन (परस्पर क्रिया) नहीं होने के बावजूद, स्काय आयलैण्ड सनबर्ड्स की कई आबादियाँ बिल्कुल एक दूसरे के समान हैं, इनमें अन्तर करना मुश्किल हो जाता है। शोधकर्ताओं ने इन चिड़ियों के बारे में और जानकारी हासिल करने के लिए, 2007 से लेकर 2011 तक ईस्ट अफ्रीका में 15 स्काय आयलैण्ड्स का दौरा किया और 6 अलग-अलग वंशावलियों की 123 सनबर्ड्स के गाने रिकॉर्ड किए। शोधकर्ताओं ने पाया कि, चिड़ियों की कुछ आइसोलेटेड आबादियाँ अभी भी वही गाना गाती हैं। इससे शोधकर्ताओं ने यह थ्योरी दी कि एक दूसरे से अलग होने के बाद भी इनके गानों में परिवर्तन नहीं हुआ हैं। उन्होंने पाया कि दो आबादियाँ, जो बहुत अधिक लंबे समय से अलग थीं, उन दोनों के गाने लगभग एक समान थे। पूर्व शोधों के अनुसार जिओलॉजिकल परिस्थितियों में बदलाव से चिड़ियों और उनके गानों में बार-बार परिवर्तन होते हैं। लेकिन ईस्ट अफ्रीका के पहाड़ों के पर्यावरण में अधिक बदलाव नहीं हुआ है जिसके कारण लंबे समय से चिड़ियों के गाने वही के वही हैं।*

# भाजपा अभी ताकत की स्थिति के साथ चुनाव मैदान में उतर रही है वैस्टर्न यू.पी. में

## भाजपा ने पिछले चुनाव में 46.3 प्रतिशत वोट व 58 में से तरेपन सीटें जीती थीं इस क्षेत्र में

**-श्रीनन्द झा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 9 फरवरी। भाजपा का खुद का आंतरिक आकलन यह है कि, 58 विधानसभा सीटों वाले पश्चिमी उत्तर प्रदेश में पार्टी को वर्ष 2017 जैसा शानदार प्रदर्शन करने की उम्मीद नहीं है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में गुरुवार को मतदान होना है। प्रश्न यह है कि क्या इस क्षेत्र में भाजपा को जो नुकसान होगा वह वृहद स्तर पर होगा।

वर्ष 2017 में भाजपा ने अपने सहयोगियों के साथ यहां की 58 में से 53 सीटें जीतकर बड़ी उपलब्धि हासिल की थी, जबकि सपा, बसपा और आर.एल.डी. सहित सभी विपक्षी पार्टियां 5 सीटों पर ही सिमट गई थीं। इस क्षेत्र में भाजपा को सपा के 21 और बसपा के 22 प्रतिशत वोटों की तुलना में 46.3 प्रतिशत वोट प्राप्त हुए थे। अब मुख्य चुनौतीकर्ता मानी जा रही सपा का प्रदर्शन तभी बेहतर हो सकता है यदि भाजपा के वोट शेयर में 15 प्रतिशत की आनुमानित कमी और साथ ही सपा के वोट शेयर में 15 प्रतिशत की वृद्धि का चुनावी गणित बैठ जाए।

- **बसपा को 22 प्रतिशत तथा सपा को 21 प्रतिशत वोट मिले थे।**
- **पर, इस बार सामाजिक व राजनीतिक स्थिति फर्क है, तथा सपा मुख्य प्रतिद्वंद्वी के रूप में उभरी है। पर जब तक भाजपा के वोटों में 15 प्रतिशत की कमी न आये और सपा के वोट पन्द्रह प्रतिशत न बढ़ें, सपा ''फिनिशिंग लाइन'' को छू नहीं पायेगी।**
- **पर, यह भी सच है कि, अखिलेश अपने राजनीतिक पत्ते बड़ी होशियारी से खेल रहे हैं।**
- **वो जानबूझ कर मुसलमानों को वैस्टर्न यू.पी. में ज्यादा टिकट देने के जाल में नहीं फंसे, सहारनपुर व मुजफ्फरनगर जिलों में उन्होंने एक भी मुस्लिम उम्मीदवार खड़ा नहीं किया।**
- **साथ ही अपने मूल वोट बैंक, यादवों से कुछ दूरी बनाने का प्रयास किया, जिससे भाजपा का, अखिलेश के शासन को ''गुण्डा व माफिया'' के रूप में प्रस्तुत करने का प्रयास पूरी तरह सफल नहीं हो रहा।**

किसान आंदोलन, बेरोजगारी और मंहगाई सहित कई कारकों के कारण पिछले पांच वर्षों में सामाजिक-राजनीतिक समीकरण बदल गए हैं। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने इस क्षेत्र से कई मुस्लिम प्रत्याशियों को मैदान में उतारने का लालच ना करके एक प्रशंसनीय कार्य किया है। उदाहरण के लिए सपा ने मुजफ्फरनगर और मेरठ जिलों के विधानसभा क्षेत्रों में एक भी मुस्लिम उम्मीदवार खड़ा नहीं किया है।

मुजफ्फरनगर के कादिर राणा परिवार या सहारनपुर के इमरान मसूद जैसे विवादास्पद और पावरफुल मुस्लिम नेताओं को सपा का टिकट नहीं दिया गया। यह भी माना जा रहा है कि उन्होंने सपा के मुख्य समर्थक वर्ग एवं अपने राजनीतिक तेवरों के लिए जाने वाले यादवों से कुछ दूरी बनाने का प्रयास किया है। जिससे भाजपा का, अखिलेश शासन को ''गुण्डा व माफिया'' के रुप में प्रस्तुत करने का प्रयास पूरी तरह सफल नहीं हो पा रहा। लेकिन इसके बावजूद पार्टी की संभावनाओं के लिए एक विपरीत स्थिति यह है कि, भाजपा अपनी ताकत के बल पर अब भी यू.पा. के संघर्ष में बने रहने

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# इस वर्ष अप्रेल से अगस्त तक 75 राज्यसभा सदस्य रिटायर होंगे

## इनमें 13 सांसद कांग्रेस पार्टी के हैं, जिनमें कपिल सिब्बल, चिदंबरम, आनंद शर्मा, ए.के. एंटनी., जयराम रमेश व अंबिका सोनी शामिल हैं

**-रेणु मित्तल-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 9 फरवरी। राज्यसभा के 75 सांसद इस साल, 2022 में सेवानिवृत्त हो रहे हैं। ये सांसद इस साल अप्रैल से लेकर अगस्त तक कई टुकड़ों में सेवानिवृत्त होंगे।

सेवानिवृत्त होने वाले इन सांसदों में, 13 सांसद कांग्रेस के हैं। इनमें से कितने लोग पुनः राज्यसभा में आ सकेंगे, यह बात कई कारकों पर निर्भर करेगी, जिनमें सन्निकट विधानसभा चुनाव भी शामिल हैं।

राजस्थान के 4 राज्यसभा सांसद, इस वर्ष जुलाई में सेवानिवृत्त हो रहे हैं। ये चारों सदस्य भाजपा के हैं, लेकिन क्योंकि कांग्रेस इस समय राज्य में सत्तारूढ़ है, तथा अगर पार्टी एकजुट बनी रहती है तथा निर्दलीय विधायक इसके साथ बने रहते हैं, तो यह 4 में से 3 सीटें जीत सकती है। उस स्थिति में,

- **राजस्थान से चार राज्यसभा सदस्य, के.आई. एल्फाँस, हर्षवर्द्धन सिंह डूंगरपुर, ओम प्रकाश माथुर व राम कुमार वर्मा हैं। पर कितनी सीटें इस बार भाजपा को मिलेंगी? संभवतया एक, क्योंकि कांग्रेस की सरकार है और अगर पार्टी संगठित रही और निर्दलीय विधायकों का समर्थन मिला तो तीन सीटें कांग्रेस की झोली में जा सकती हैं।**
- **इसी प्रकार सात मनोनीत राज्यसभा सदस्य भी अप्रेल में रिटायर हो जायेंगे।**

भाजपा को एक ही सीट मिलेगी। सेवानिवृत्त होने वाले राज्यसभा सांसद हैं- के.आई. एल्फाँस, हर्षवर्धन सिंह डूँगरपुर, प्रकाश माथुर तथा राम कुमार वर्मा।

राज्यसभा से सेवानिवृत्त हो रहे प्रतिष्ठित नेताओं में शामिल हैं- केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण (कर्नाटक), पूर्व वित्त मंत्री पी. चिदम्बरम (महाराष्ट्र), पूर्व केन्द्रीय मंत्री कपिल सिब्बल (उत्तर प्रदेश), पूर्व केन्द्रीय मंत्री आनन्द शर्मा (हिमाचल प्रदेश), पूर्व केन्द्रीय रक्षा मंत्री अम्बिका सोनी (पंजाब) तथा जयराम रमेश (कर्नाटक)। निर्मला सीतामरण के अतिरिक्त, ये सभी सांसद कांग्रेस के हैं। इनके अलावा, महाराष्ट्र से चुने गये एन.सी.पी. सदस्य प्रफुल्ल पटेल तथा शिव सेना सदस्य संजय राउत भी सेवानिवृत्त होने वाले सांसदों में शामिल हैं। वर्तमान मंत्रियों में, महाराष्ट्र से चुने गये पीयूष गोयल तथा झारखंड से चुने गये मुख्तार अब्बास नक़वी हैं। सेवानिवृत्त हो रहे अन्य प्रमुख सांसद हैं- बिहार से लालू यादव की पुत्री मीसा भारती तथा मध्य प्रदेश से पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ पत्रकार एम.जे. अकबर।

दिलचस्प बात यह है कि, 7 मनोनीत सदस्य भी इस वर्ष सेवानिवृत्त हो रहे हैं। इनमें डॉ. सुब्रमन्यम स्वामी भी शामिल हैं, जो नरेन्द्र मोदी पर निरन्तर प्रहार करते रहते हैं।

यह देखना सचमुच बड़ा रूचिकर होगा कि, डॉ. स्वामी आर.एस.एस. के दबाव के फलस्वरूप, राज्यसभा में वापस लाये जाते हैं या फिर मोदी आर.एस.एस. की अवहेलना करते हुये, अपना स्वयं का निर्णय लेते हैं। अप्रैल में, 5 सांसदों के स्थान, पंजाब में खाली हो जायेंगे तथा अंबिका सोनी का स्थान

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# जैसलमेर ट्रक यूनियन की दादागिरी

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 9 फरवरी। कॉम्पटीशन कमीशन ऑफ इण्डिया (सी.सी.आई.) ने सानू खनन क्षेत्र से,

- **कॉम्पटीशन कमीशन ऑफ इण्डिया ने ट्रक यूनियन के कामकाज की भर्त्सना की। सी.सी.आई. का कहना है कि, यूनियन किसी गैर यूनियन के ट्रक को माल ढोने का मौका नहीं लेने देती तथा निर्धारित माल ढोहने की दर भी यूनियन ही तय करती है और लागू करती है।**

सी.जे.डी. लॉजिस्टिक कम्पनी द्वारा किए जा रहे खनिज परिवहन में बाधा डालने को लेकर जैसलमेर की डम्पर ट्रक यूनियन की कटु आलोचना की है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# सुनील जाखड़ का पद गया

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 9 फरवरी। पूर्व पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष तथा पूर्व सांसद सुनील जाखड़ (68) को, चुनाव प्रचार को दिशा एवं गति देने वाली चुनाव-प्रबन्धन समिति की अध्यक्षता के दायित्व से चुपचाप हटा दिया गया है।

- **सुनील जाखड़ पंजाब की चुनाव प्रबंधन समिति के अध्यक्ष थे, पर अब यह जिम्मेवारी लुधियाना के रवनीत सिंह बिट्टू को सौंपी गई है।**
- **जाखड़ का पद जाने का कारण, मु.मंत्री का उम्मीदवार नहीं बनाये जाने पर उनकी यह टिप्पणी थी कि, उनके मु.मंत्री न बनने का सबसे बड़ा कारण उनका धर्म था।**

इस पद से उन्हें हटाए जाने का कारण थी, उनकी यह टिप्पणी, कि उनका हिन्दू धर्म उनके मुख्यमंत्री बनने के रास्ते में आड़े आ गया, जबकि अधिकांश पार्टी विधायक चरणजीत चिन्नी को नहीं, बल्कि उन्हें चाहते थे और मु.मंत्री पद का उम्मीदवार चन्नी को बनाया गया।

जाखड़ को प्रचार समिति के अध्यक्ष पद की प्रतिष्ठापूर्ण जिम्मेदारी दी गई थी, जिसके फलस्वरुप राज्य कांग्रेस अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू को काफी खीज भी हुई थी, क्योंकि वे प्रचार - योजना का दायित्व स्वयं लेना चाहते थे। लेकिन पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने, विवादास्पद बयान देने के लिए उन्हें सजा दी, खासतौर से जब, रविवार को चन्नी को विधानसभा चुनावों में पार्टी का मुख्यमंत्री चेहरा घोषित किए जाने के बाद जाखड़ ने लुधियाना में टिप्पणी की थी कि, वो ''सक्रिय राजनीति से बाहर'' हो गये हैं।

चुनाव प्रचार योजना से जाखड़ को बाहर किये जाने की विधिवत घोषणा के बिना ही, लुधियाना सांसद रवनीत सिंह बिट्टू (46) को चुनाव -प्रबन्धन

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# केन्द्रीय स्कीम में राज्य सरकारों की भूमिका

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 9 फरवरी। केन्द्र इस बिन्दु पर विचार कर रहा है कि 1 अप्रैल से शुरु हो रहे वित्त वर्ष में, केन्द्र तथा केन्द्र- राज्य योजनाओं के अन्तर्गत आवंटित धनराशि के प्रबंधन व उपयोग में राज्य सरकारों की भूमिका समाप्त कर दी जाये। केन्द्र का कहना है कि ऐसा करने से फण्ड के वितरण में प्रशासकीय अवरोध एवं अड़चनें खत्म हो जायेंगी।

वित्त मंत्रालय के सूत्रों का कहना है कि प्रायः फण्ड के वितरण में विलम्ब हो जाता है तथा राज्य सरकारें विभिन्न स्तरों पर वितरण को रोक देती हैं ताकि कुछ समय के लिये उस धनराशि को राज्य के प्रोजेक्टों के काम में ले सकें। इसलिए 500 करोड़ रु. से ज्यादा राशि की योजनाएं राज्य सरकारों के माध्यम से क्रियान्वित नहीं की जायेगी।

- **वित्त मंत्रालय 500 करोड़ रूपये से अधिक लागत की स्कीम्स का पैसा अब सीधे लाभान्वितों (बैनिफिशियरीज़) के अकाउंट में भेजेगा। केन्द्रीय सरकार का मानना है, जब यह पैसा राज्य सरकारों के माध्यम से वितरित होता है तो, एक तरफ तो विलंब होता है तथा प्रशासनिक खर्चा बढ़ जाता है।**

विचार यह चल रहा है कि एक नया ''ट्रैजरी सिंगल अकाउन्ट'' (टी.एस.ए.) मॉडल अपनाया जाये जिससे सम्बंधित योजनाओं के फण्ड सीधे लाभार्थियों तथा वैन्डर्स को ही जारी किए जायें। ये फण्ड भारतीय रिज़र्व बैंक के पास रहेंगे।

एक वर्ष में 500 करोड़ रू. से कम राशि की योजनाओं के क्रियान्वयन में राज्य सरकारें शामिल कर ली जायेंगी। राज्य सरकारें एक नियत कॉमर्शियल बैंक में सैन्ट्रल नोडल खाता खोलेंगी, जहाँ से ''सही समय'' पर पैसा जारी किया जाता रहेगा, लेकिन कार्य-विशेष के लिये निर्धारित राशि की 25 प्रतिशत से अधिक राशि जारी नहीं की जा सकेगी तथा अतिरिक्त राशि तभी जारी की जायेगी, जब पहले जारी हुई राशि के 75 प्रतिशत हिस्से का उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर दिया जायेगा।

# डेनमार्क नॉर्मल हुआ

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 9 फरवरी। अगर जनसंख्या के अनुपात में देखा जाए तो डेनमार्क की गिनती दुनिया के सर्वाधिक कोविड केस वाले देशों में है तथा वहाँ अस्पताल में भर्ती मरीजों की संख्या भी अब तक की सर्वाधिक है। लेकिन, इसके बावजूद, डेनमार्क की सरकार ने सारे प्रतिबंध हटा दिये हैं। अब यहाँ पब्लिक ट्रांसपोर्ट और बंद स्थानों में भी मास्क पहनना अनिवार्य नहीं है।

- **सरकार ने कोविड से संबंधित सभी पाबंदियां, जैसे ''मास्क'' पहनना आदि, हटाईं।**

यह कदाचित् सहजबुद्धि के विपरीत प्रतीत होता है, लेकिन देश के सत्ताधारियों का कहना है कि मृत्यु तथा अस्पतालों में भर्ती होने वाले लोगों की संख्या कोविड केसों की तुलना में काफी मन्द गति से बढ़ रही है तथा आई.सी.यू. में भर्ती मरीजों की संख्या पिछले महीनों

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# नए लोग भी मंत्री-मुख्यमंत्री बनें, लेकिन पहले उनकी रगड़ाई जरूरी

## कॉन्स्टिट्यूशन क्लब के शिलान्यास के अवसर पर मुख्यमंत्री गहलोत ने कहा, बुढ़ापे में राजनीति हमारे इन्टरैस्ट की बात नहीं है, सेहत के लिए जरूरी है

जयपुर, 9 फरवरी (का.प्र.)। मुख्यमंत्री अशोकगहलोत ने एक बार फिर युवा नेताओं और कार्यकर्ताओं को मेहनत करने की नसीहत दी और कहा कि जो युवा नेता-कार्यकर्ता राजनीति में आगे आ रहे हैं, उनकी रगड़ाई यानी ग्रूमिंग जरूरी है। उन्होंने कहा कि जो युवा संगठन में रहकर लम्बे समय तक रगड़ाई करवाकर कुर्सी पर आता है उसका व्यवहार, काम करने का तरीका, अनुभव सब अलग ही होता है। उन्होंने बूढ़ों को राजनीति के लिए जरूरी बताते हुए कहा कि ''बुढ़ापे में राजनीति करना सेहत के लिए बहुत जरूरी है। अतः हमें अंतिम सांस तक जनता की सेवा करने की जरूरत है।''

विधानसभा के नजदीक कॉन्सटिट्ययूशन क्लब के शिलान्यास कार्यक्रम में गहलोत कहा कि राजनेता अगर ज्यादा लोगों से मिल लेता है तो दुःखी हो जाता है और जब लोग उससे मिलने नहीं आते तब भी वह यह सोचकर दुखी होता है कि कहीं दुकान तो बंद नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि ''मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सलाह देना चाहूंगा कि 75 साल के बाद नेता को घर बैठाने का उनका फैसला अच्छा नहीं है। कभी कांग्रेस में कामराज ने फैसला किया था कि 60 साल के नेता को राजनीति से निकाल दो। मैंने पता किया है कि पहले के दौर में व्यक्ति की एवरेज उम्र होती थी 34 साल। वर्ष 1960 में जब कामराज जी ने फैसला किया तब एवरेज उम्र 40 होती थी। बाद में उम्र बढ़ती गई। अब औसत उम्र 70 साल है। यहां कई ऐसे मंत्री नेता बैठे हैं, क्या हेमाराम चौधरी, शांति धारीवाल, गुलाबचन्द कटारिया, डॉ. सीपी जोशी जैसे नेता बूढ़े दिखते हैं। ये लोग 10 किलोमीटर रोज चलते हैं। एसेम्बली में और बाहर भी मुकाबला करते हैं। गुलाबचन्द कटारिया को राज्यपाल बना दें तो बात अलग है।''

- **राजनीतिज्ञ ज्यादा लोगों से मिलने से दुखी होता है, लोग मिलने नहीं आते तो भी दुखी होता है कि, कहीं दुकान तो बंद नहीं हो रही है।**
- **भाजपा विधायकों पर तंज किया, दुश्मनी जमकर करो, लेकिन ये गुंजाइश रखो कि जब कभी हम दोस्त हो जाएं तो शर्मिन्दा ना होना पड़े।**

इसी के साथ उन्होंने राजेन्द्र राठौड़ से कहा ''आप तो स्व. भैरों सिंह शेखावत के शागिर्द रहे हो। बताओ हम रिटायर हो जाएं तो कहां जाएं। घर बैठ जाएंगे तो लोग मिलने भी नहीं आएंगे। आपको कह दें कि उम्र हो गई है, घर बैठ जाओ, तो स्वास्थ्य बिगड़ जाएगा। इसलिए यह हमारे इनट्रैरेस्ट की बात नहीं है, यह सेहत के लिए जरूरी है। हमने ऐसा क्या गुनाह किया है। जिन्दगी जनता के काम में लगा दी। अब बीमार हो जाएं। तो हुलिया ही बिगड़ जाता है। हम अपना हुलिया क्यों बिगाड़ें।''

युवा नेताओं को लेकर गहलोत ने कहा कि ''कोई सीधा राज्यसभा में चला जाता है या बिना रगड़ाई करवाए आ जाता है तो उसके व्यवहार में बहुत अंतर होता है। मैं चाहता हूँ कि नए लोग भी मंत्री, मुख्यमंत्री सभी पदों पर आएं। लेकिन उनकी ग्रूमिंग होना और उनका संगठन में काम करके आना जरूरी है।'' गहलोत ने खुद का उदाहरण देते हुए कहा कि ''मैंने भी 40 साल रगड़ाई करवाई है।''

उन्होंने वसुंधरा राजे के पहली बार मुख्यमंत्री बनने के कार्यकाल का उदाहरण देते हुए बताया कि ''तब एसेंबली समाप्त होने पर राजे सभी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

कल्पना विश्व पर शासन करती है। –नेपोलियन

# बंजर व अनुपयोगी भूमि पर बिजली की खेती

बंजर या अनुपयोगी भूमि पर बिजली की खेती अजीब अवश्य लग रही है पर सरकार की इस योजना में राजस्थान लीडर प्रदेश बनता जा रहा है। रेगिस्तानी प्रदेश होने से बंजर और अनुपयोगी भूमि की प्रदेश में अधिकता है। यह बंजर और बेकार भूमि बिजली उत्पादन करन लगे और उत्पादित बिजली की खरीद भी 25 साल के लिए तय हो जाए तो काश्तकार के लिए इससे अच्छी बात क्या हो सकती है? इससे जहां अनुपयोगी भूमि से बिजली निपजने लगेगी तो सरकार को भी सस्ती दर पर बिजली मिलेगी और काश्तकार की भी निश्चित आय सुनिश्चित हो सकेगी।

राजस्थान सोलर एनर्जी उत्पादन के लिए अनुकूल प्रदेशों में प्रमुख प्रदेश है। इसलिए राजस्थान सरकार और किसान दोनों ही इस योजना में लीडर की भूमिका में आगे आए हैं। इसमें कोई दो राय नहीं कि प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाअभियान यानी कि कुसुम योजना प्रदेश के बंजर और खेती योग्य भूमि नहीं होने की स्थिति से यह भूमि भी बिजली के उत्पादन के लिए उपजाऊ हो गई है। दरअसल केन्द्र सरकार ने कुसुम योजना के तीन कंपोनेंट बनाए हैं और तीनों ही कंपोनेंट किसानों से जुड़े होने के साथ ही उनके लिए लाभकारी भी है। कुसुम ए कंपोनेंट तो पूरी तरह से अन्नदाता की अनुपयोगी भूमि को नियमित आय का साधन बनाने का माध्यम है।

केन्द्र सरकार की इस योजना को राजस्थान ने हाथों–हाथ लिया है और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सहित राज्य सरकार की मशीनरी इस योजना के क्रियान्वयन के लिए युद्धस्तर पर जुट गई। इस योजना की क्रियान्विति की सबसे बड़ी बाधा ऐसी भूमि पर सोलर प्लांट लगाने पर आने वाले खर्च के लिए ऋण की सहज उपलब्धता नहीं होना रहा है। किसान के पास इतना पैसा नहीं तो बंजर भूमि से आय भी नहीं। ऐसे में योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए वित्तपोषण पहली आवश्यकता महसूस की जाती रही है। इस मुद्दें को प्रभावी तरीके से विभिन्न स्तरों पर उठाया भी गया पर खास परिणाम प्राप्त नहीं हो सके। अब राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की मंशा और अक्षय ऊर्जा निगम के सीएमडी व राज्य के एसीएस एनर्जी डॉ. सुबोध अग्रवाल के सीधे वित्तदायी बैंकर्स से संवाद कायम करने से सकारात्मक हल निकल सका है। बैंकों से सहमति के अनुसार किसानों को कुसुम योजना के कंपोनेंट ए के तहत बंजर व बेकार भूमि पर आधा किलोवाट से 2 मेगावाट तक के सोलर प्लांट लगाने के लिए बिना कोलेटरल सिक्योरिटी के ऋण मिल सकेगा।

राजस्थान के अतिरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा डॉ. सुबोध अग्रवाल बैंकों को यह समझाने में पूरी तरह सफल रहे कि इस योजना में वित पोषण में बैंकों को किसी तरह का जोखिम नहीं है। सीधी सी बात है बंजर भूमि में लगे सोलर प्लांट से बिजली का उत्पादन होगा। उत्पादित बिजली सीधे ग्रीड में जाएगी। संबंधित ग्रीड द्वारा 25 साल तक 3 रु.14 नए पैसे प्रति यूनिट की दर से काश्तकार को भुगतान किया जाएगा। बैंकों से संवाद में यह तय हो सका कि एस्क्रो खाते के माध्यम से भुगतान प्रक्रिया होगी जिससे डिस्काम द्वारा खरीदी गई बिजली का भुगतान सीधे काश्तकार के बैंक के ऋण खाते में किस्त के रुप में व शेष राशि काश्तकार के स्वयं के खातें में जमा हो सकेगी। इससे बैंक की किस्त भी समय पर जमा होना सुनिश्चित हो सकेगा और काश्तकार को भी भुगतान प्राप्त हो सकेगा। यह अपने आप में सकारात्मक सोच व समझ का ही परिणाम है।

**राजस्थान सोलर एनर्जी उत्पादन के लिए अनुकूल प्रदेशों में प्रमुख प्रदेश है। इसलिए राजस्थान सरकार और किसान दोनों ही इस योजना में लीडर की भूमिका में आगे आए हैं। प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं कुसुम योजना प्रदेश के बंजर और खेती योग्य भूमि नहीं होने की स्थिति से यह भूमि भी बिजली के उत्पादन के लिए उपजाऊ हो गई है।**

यह सही है कि कुसुम ए योजना के क्रियान्वयन में समूचे देश में राजस्थान पहले स्थान पर होने के बावजूद बैंकों से ऋण मिलने में आ रही दिक्कतों के कारण यह योजना अधिक गति नहीं पकड़ पा रही थी। अभी तक इस योजना में राजस्थान में 14 संयत्र स्थापित हो चुके हैं। अक्षय ऊर्जा निगम के पास 722 मेगावाट क्षमता स्थापना के 623 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। राजस्थान के बाहर केवल एक प्रदेश में ही केवल मात्र एक संयत्र स्थापित होने की जानकारी है। ऐसे में राजस्थान सरकार की पहल इस योजना को धरातल पर लाने में सहायक सिद्ध होगी।

राजस्थान सरकार की कुसुम ए योजना के क्रियान्वयन को लेकर गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि किसानों को इस योजना में आसानी से वित्त पोषण के लिए केन्द्र सरकार से लेकर वित्तदायी संस्थाओं बैंकों से लगातार आग्रह किया जाता रहा है। सीधे संवाद का ही परिणाम रहा है कि देश के कुछ बैंकों खासतौर से केनरा व एयू बैंक आदि ने किसानों को अब बिना कोलेटरल सिक्योरिटी के ऋण देने के लिए सहमति प्रदान कर दी है। चर्चा के दौरान एक–दो नही अपितु सभी आवेदकों को ऋण उपलब्ध कराने पर सहमति से सकारात्मक परिणाम प्राप्त होंगे व प्रदेश की बंजर व अनुपयोगी भूमि भी विद्युत उत्पादन कर सोना उगलने लगेगी।

प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाअभियान कुसुम योजना तीन कंपोनेंट में संचालित हो रही है। इसमें ए कंपोनेंट में राजस्थान विद्युत वितरण निगमों के 33/11 केवी सबस्टेशन के 5 किलोमीटर दायरें में किसानों/विकासकर्ताओं की बंजर व अनुपयोगी भूमि पर आधा किलोवाट से लेकर 2 मेगावाट क्षमता के सोलर ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना कर सकते हैं। इन सोलर सयंत्रों पर उत्पादित बिजली को 3 रुपए 14 पैसे की दर पर 25 साल तक संबंधित डिस्कॉम द्वारा खरीद का समझौता होता है और इस आषय का पावर परचेज एग्रीमेंट पीपीए हस्ताक्षिरत किया जाता है जिससे सोलर ऊर्जा उत्पादनकर्ता किसान की बिजली 25 साल तक खरीद की व्यवस्था भी सुनिश्चित हो जाती है।

अब एस्क्रो व्यवस्था के तहत बैंकों के ऋण की किस्त डिस्काम्स द्वारा सीधे बैंकों में काश्तकारों के खातों में जमा हो सकेगी और शेष राशि काश्तकार के खाते में जमा हो जाएगी। इससे यह साफ हो गया है कि बैंकों को ऋण राशि की किस्त सीधे डिस्कॉम से मिल जाएगी तो किसान को बैंक किस्त के अतिरिक्त शेष राशि मिल जाएगी। इससे एक बात और साफ हो जाती है कि इस तरह की उपयोगी योजना को बनाते समय सभी पक्षों खासतौर से वित्तपोषण, मार्केटिंग आदि को सुनिश्चत कर लेना चाहिए ताकि योजना का समय पर और सही तरह से क्रियान्वयन हो सके। देर–सबेर ही सही पर राजस्थान सरकार की पहल पर बैंकों की सहमति से योजना को निश्चित रुप से पंख लगेंगे वहीं देश और प्रदेश दोनों के लिए यह उपयोगी योजना साकार हो सकगी। बिना कोलेटरल सिक्योरिटी के बैंकों की सहमति से अब अन्य प्रदेशों के इस तरह के काश्तकारों और सरकारों के लिए भी इस योजना को आगे बढ़ाने की राह प्रशस्त हो गई है।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ.राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**
**( वरिष्ठ लेखक )**

## राशिफल गुरूवार 10 फरवरी, 2022



पंडित अनिल शर्मा

माघ मास शुक्ल पक्ष, नवमी तिथि, गुरूवार, विक्रम संवत 2078, रोहिणी नक्षत्र रात्रि 3:32 तक, ऐन्द्रयन योग सांय 6:44 तक, कौलव करण दिन 11:09 तक, चन्द्रमा आज वृष राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–मकर, चन्द्रमा–वृष, मंगल–धनु, बुध–मकर, गुरू–कुम्भ, शुक्र–धनु, शनि–मकर, राहु–वृष, केतु–वृश्चिक राशि में।

आज रवियोग सम्पूर्ण दिन–रात रहेगा। ज्वालामुखी योग दिन 11:09 तक है। आज गुप्त नवरात्र समाप्त होंगे सर्वार्थ सिद्धि और आज श्री हरि जयन्ती, महानन्दा नवमी, रोहिणी व्रत (जैन) है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ सूर्योदय से 8:39 तक, चर 11:19 से 12:41 तक, लाभ–अमृत 12:41 से 3:26 तक, शुभ 4:48 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 1:30 से 3:00 तक। सूर्योदय 7:11, सूर्यास्त 6:11

**मेष**
व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। चलते कार्यों का विस्तार हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे।

**वृष**
नौकरीपेशा व्यक्तियों का प्रभाव–प्रभुत्व बढ़ेगा। महत्वपूर्ण व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त हो सकते हैं। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।

**मिथुन**
आर्थिक मामलों में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। धन हानि हो सकती है। अनावश्यक धन खर्च होगा। समय अनर्गल कार्यों में खराब हो सकता है।

**कर्क**
परिवार में चल रहे आपसी मतभेद दूर होंगे। परेशानियां दूर होने लगेगी। विवादों से से राहत मिलेगी। आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**सिंह**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी। नवीन कार्यों उचित सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।

**कन्या**
धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। परिवार में शुभ–मांगलिक संदेश प्राप्त होंगे। व्यावसायिक मामलों में उचित परामर्श मिलेगा।

**तुला**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। बनते कार्य बिगड़ने का भय है। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है।

**वृश्चिक**
परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

**धनु**
अस्त–व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। अनहोनी की आशंका से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। व्यावसायिक स्थिति में सुधार होगा।

**मकर**
व्यावसायिक कार्यों के लिए बाहर जाना पड़ सकता है। व्यावसायिक खर्चों में अनावश्यक वृद्धि होगी। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है।

**कुंभ**
घर–परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में मौज–मस्ती एवं उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

**मीन**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित यात्रा सफल रहेगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।

# आवागमन एवं संचार सुविधाऐं बढ़ी, क्या चुनाव क्षेत्र का पुन: सीमांकन कर घटाई जा सकती है सांसदों व विधायकों की संख्या ?

भारत में अब गुणवत्तापूर्ण आवागमन के साधन और टेक्नोलॉजी का विकास और उसकी उपलब्धता कही अधिक व्यापक और सस्ती हो हो जाने के बाद देश में अब सांसदों व विधायकों की संख्या में कम से कम एक चौथाई कमी होना देश हित में होगा। पूर्व में जब देश के प्रत्येक प्रदेश में सीमांकन आयोग के द्वारा चुनाव के लिए चुनाव क्षेत्र और निर्वाचन क्षेत्र का निर्धारण किया था, उस वक्त निर्वाचित सांसद और विधायक के लिए अपने निर्वाचन या चुनाव क्षेत्र में वोटरों या जनता से संपर्क साधना कुछ कठिन था, पहुँच की दृष्टि से और सम्प्रेषण अथवा संवाद की दृष्टि से कुछ कठिन भी था।

संचार साधनों तक पहुंच इस कदर बढ़ी है कि दूर–दराज गांव के प्रत्येक तीसरे युवा के पास अब मोबाइल या स्मार्ट फ़ोन या लैप टॉप मौजूद है, इसलिए निर्वाचित सांसद या विधायक पहले से 35 से 50 प्रतिशत अधिक जनसँख्या से सम्पर्क और संवाद किसी समय बना सकता है, अत: देश के परिसीमन आयोग को पुन: सीमांकन निर्धारण करना चाहिए इससे सांसदों और विधायकों पर होने वाले खर्च में कमी होगी ।

वर्तमान मे चुनाव क्षेत्र का सीमांकन 2001की जनगणना के आधार पर किया हुआ है जो 20 से अधिक वर्ष पुराना है । एक पूर्व सांसद श्री प्रतीश नंदी ने भी मई 5, 2014 के देहली के एक अंग्रेजी अखवार में 'लाइफ ऑफ़ एन इंडियन मेंबर ऑफ़ पार्लियामेंट' शीर्षक से एक खबर छापी थी जिसमे उन्होंने आश्चर्यजनक तथ्य से कहा कि 443 सांसदों में से 315 करोड़पति थे, जिनके हाथ में हमने अपने भाग्य को सोंप दिया था।

ऐसा भी नहीं है कि ऐसे लेख सरकार के पास पहुंचते नहीं? पहुंचते तो हैं लेकिन सरकार में बैठे सदस्य निर्विकार रूप से निर्विकल्प बने रहते हैं, उन्हें पता है कि कोई लेखक कुछ कर नहीं सकता। ऐसे मसले तो सुप्रीम कोर्ट में ही निर्णीत हो सकते हैं लेकिन अब कुछ अच्छे संकेत मिल रहे हैं। अधिवक्ता श्री अश्वनी उपाध्याय जी ने सुप्रीम कोर्ट में ऐसी याचिकाएं लगाई हैं। आशा करनी चाहिए कि उच्च तम न्यायालय इन जनता विरोधी प्रकरणों पर शीघ्र न्याय प्रदान करेगी जिससे सरकार द्वारा फ़िज़ूलख़र्ची और अतार्किक व्यय पर पूर्णरूपेण रोक लग सके। इस विषय पर अभी दो–तीन बातें लिखना सामायक होगा ।

देश में एक आंकलन के अनुसार 4120 विधायक, 462 एम् एल सी और 776 सांसद हैं, इनके मूल वेतन पर प्रतिवर्ष 15 अरब 65 करोड़ 60 लाख खर्च होता है... आवास, यात्रा, इलाज, विदेशी सैर–सपाटा और सुरक्षा कर्मिओं की इनके इर्दगिर्द फौज पर खर्चा जोड़ा जाय तो 16 अरब से भी अधिक बैठेगा। अत: कुल मिला कर 32 अरब सालाना देश के माननियों पर व्यय होता है, यह रकम जनता के द्वारा विभिन्न



प्रो. वीर बहादुर सिंह

प्रकार के टैक्स चुकाने से राज कोष में पहुँचती है, और बदले में आपके द्वारा चुने ये प्रतिनिधि सदन में कितना योगदान देते हैं? हम सभी टेलीविज़न पर देखते हैं और भी अनेक खर्च मिला कर सौ अरब रुपये से भी अधिक भार जनता पर पड़ता है, केवल स्वयं के शोषण के लिए।

पीएम को भी सब मालूम है । उन्हें अपने प्रथम काल में एक इस पर सर्जिकल स्ट्राइक करनी थी,नहीं की; क्योंकि वह भी इसी सिस्टम का एक हिस्सा हैं और 2024 से पहले ऐसे किसी कार्य की जनता को अपेक्षा नहीं रखनी चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता श्री अश्वनी उपाध्याय के कथन के अनुसार देश में लगभग सभी प्रदेश भारी

■ **एमएलए और सांसदों के मूल वेतन, आवास, यात्रा और इलाज आदि पर हर वर्ष लगभग 32 अरब रूपये खर्च होता है**

कर्ज में डूबे हुए हैं उनके अनुसार कुल कर्जा यदि जोड़ा जाय तो राशि 70 लाख करोड़ के लगभग पहुंच जाती है। प्रश्न ये उठता है कि प्रदेश ये कर्ज किस्से लेते हैं और क्यों? वैसे तो भारत सरकार भी बड़े प्रोजेक्ट के लिए विदेशी कर्ज लेती है लेकिन वह कर्ज एक विशेष प्रोजेक्ट के लिए ही होता है और उसी में खर्च होती है। प्रदेशों में वर्तमान में ऐसा कोई बड़ा प्रोजेक्ट कार्यरत नहीं लगता जिसके लिए प्रदेशों को कर्जा लेना पड़े?

असल में छिपी बात ये है कि सभी प्रदेशों की सरकारों ने अपने स्वयं के खर्चे अनावश्यक इतने बढ़ा रखे हैं कि साधारण बजट प्रोविशंस मे केवल कर्मचारिओं का वेतन, भत्ते, पेंशन और सबसे मुख्य वर्तमान विधायकों की वेतन और पूर्व के विधायकों की पेंशन और उनकी सुरक्षा आदि पर खर्च हो जाता है। उदहरण के तौर पर यदि राजस्थान प्रदेश की बात करे तो 563 पूर्व विधायकों की पेंशन पर 29 करोड़ 82 लाख रुपए वार्षिक और पारवारिक पेंशन पर 3 करोड़ 83 लाख वार्षिक खर्च होता है। यह राशि 33 करोड़ 65 लाख के करीब सालाना हो जाती है।

आम जनता की गाढ़ी कमाई से टैक्स के जरिये राज कोष में जमा राशि में से करोड़ों रुपये खर्च किये जा रहे हैं। माननीयों के सदन में कार्य का आंकलन करते हुए और सदन में उपस्थित व सम्बाद में हिस्सेदारी अधिकांशत: नगण्य रहती है। तो फिर इन पर इतनी बड़ी धनराशि का खर्च देश व प्रदेश की जनता के कल्याण को आंकते हुए बिलकुल वाजिब नहीं कहा जा सकता।

देश के सभी प्रदेशों की अवस्था लगभग ऐसी ही है। इसलिए मेरा ये सुझाव है कि सभी सदनों (विधान सभा और लोक सभा) में सदस्यों की संख्या पर पुनर्विचार कर देश का परिसीमन आयोग (डीलिमिटेशन कमिशन) इस पर गंभीरता से विचार कर प्रत्येक चुनाव क्षेत्र की सीमा वर्तमान से लगभग 30 से 50 प्रतिशत बढ़ा कर पुन: निर्धारण कर घोषित करे, जिससे आगामी चुनाव (2024) में उसके अनुसार ही चुनाव संपन्न हों। यदि ऐसा होता है तो जनप्रतिनिधिओं पर होने वाले खर्चे में व्यापक स्तर तक कमी संभव हो सकेगी । यह प्रकरण मेरे मस्तिष्क में कई माह से पल्वित हो रहा था। पाठकों से निवेदन है कि इस पर अपनी निष्पक्ष प्रतिक्रिया मुझे अथवा सरकार को अपने लेखों द्वारा प्रेषित करने की चेष्टा करें।

**प्रो. वीर बहादुर सिंह,**
**पूर्व कुलपति, महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर।**

# चंबल नदी पर बने प्रदेश के सबसे बड़े राणा प्रताप सागर बांध ने 52 साल पूरे किये

**रावतभाटा,** (निसं)। चंबल नदी पर प्रदेश का सबसे बड़ा राणा प्रताप सागर बांध ने बुधवार को 52 साल पूरे कर लिए हैं। रावतभाटा नगर के चंबल नदी पर बना राणा प्रताप सागर बांध 9 फरवरी 1970 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा राष्ट्र को समर्पण किया गया था, उस समय यह राजस्थान का सबसे बड़ा विद्युत उत्पादन केंद्र था।

इस पनबिजलीघर से आज तक 2400 करोड़ यूनिट बिजली का उत्पादन हो चुका है । तथा 29 दिसंबर

■ **पनबिजलीघर को राज्य स्तर पर 26 जनवरी 2022 को सर्वश्रेष्ठ परफॉर्मेन्स की शील्ड के साथ प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया**



राणा प्रताप सागर बांध।

से लगातार चल रही एक इकाई ने लगभग साढे तीन करोड़ यूनिट उत्पादित कर सभी आशंकाओं को निर्मूल साबित कर दिया। 8 माह के कठिन परिश्रम के बाद चली इकाई को राज्य स्तर पर भी सराहा गया तथा पनबिजलीघर को राज्य स्तर पर 26 जनवरी 2022 को सर्वश्रेष्ठ परफॉर्मेन्स की शील्ड के साथ प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। राणा प्रताप सागर बांध के स्थापना दिवस पर अधिशाशी अभियंता आशीश जैन सहित समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रदान की। इस अवसर पर पंजाब इलेक्ट्रीक वर्क्स कोटा से आए जसविंदर सिंह का पहली इकाई में किये गये कार्यों में योगदान हेतु सम्मान किया गया।

राजस्थान में चंबल पर बने सबसे बडे बांध राणा प्रताप सागर की खासियत है कि यह सर्वाधिक क्षमता का बांध है। इस बांध में पूर्ण जलाशय का 1157.50 है, तथा अधिकतम जलस्तर 1162 फीट तक हो सकता है। बांध में अतिरिक्त पानी निकासी की क्षमता 6.5 लाख क्यूसेक है, जो इसके 17 क्रेस्ट गेटो और 4 स्लूज गेटो पर आधारित है। बांध की ऊंचाई 177 फीट एवं बांध की लंबाई 1143 मीटर है। जलाशय 198 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है, इसकी अधिकतम चौड़ाई 16 किलोमीटर है।

इसमें सेल भण्डारण क्षमता 290.48 करोड़ क्यूबिक मीटर है। राणा प्रताप सागर बांध पर पन बिजलीघर में 43–43 मेगावाट की क्षमता की चार इकाईयों द्वारा 172 मेगावाट विद्युत का उत्पादन कर हाड़ौती के किसानों को पानी की आपूर्ति की जाती है। 2019 में राणा प्रताप सागर बांध के सभी गेट खोल देने से राणा प्रताप सागर विद्युत गृह की समस्त इकाईयां पूर्णत: जलमग्न होकर बंद हो गई थी, जिनमें इकाई 1 को 28 माह बाद 29 दिसंबर को चलाया गया था, जो वर्तमान में लगभग 10 लाख यूनिट का प्रतिदिन उत्पादन कर राज्य को सबसे सस्ती बिजली प्रदान कर रही है। राणा प्रताप सागर बांध से राजस्थान और मध्यप्रदेश में बड़े क्षेत्रफल की सिंचाई में पानी छोड़ा जाता है। इस बांध से भीलवाडा, रामगंजमंडी, झालावाड़ को भी पेयजल परियोजना के तहत पानी की आपूर्ति की जा रही है। यह बहुउद्देशीय बांध हो चुका है, जिसमें हजारों लोगों को रोजगार, प्रदेश को बिजली और पानी मिल रहा है। वहीं इस बांध के समीप राजस्थान परमाणु विद्युत परियोजना निर्माणाधीन इकाई 7 व 8, भारी पानी संयंत्र एवं निर्माणाधीन न्यूक्लियर फ्यूल कॉम्पलेक्स भी इसी बांध पर निर्भर है।

## वर वधु ने सबसे पहले गुरूओं का आशीर्वाद लिया

**झुंझुनूं,**(निसं)। चनाना के किसान दुलाराम धींवा ने अपने बेटे संदीप की शादी भडौन्दा खुर्द निवासी लक्ष्मी से होने पर महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय के प्रधानाचार्या पुष्पा ढाका को 11हजार रुपये की राशि का चेक भेंट किया। किसान दुलाराम धींवा ने कहा कि सुविधाओं के अभाव के चलते वह आगे नही पढ पाया जिसका उन्हें मलाल है। पैसे के अभाव में कोई बच्चा शिक्षा से वंचित नही रहें, इसके लिए वह आगे भी स्कूल के लिए मदद करते रहेंगे। नवविवाहित जोडे ने सबसे पहले स्कूल में आकर गुरुजनों से आशीर्वाद लिया। प्रेरक वरिष्ठ अध्यापक राजवीर चनाना ने बताया कि किसान के बडे बेटे व दिल्ली डिफेंस अकेडमी चुरू के निदेशक तेजपाल धींवा ने घोषणा की है संसाधनों के अभाव में किसी भी बच्चे को शिक्षा से वंचित नही होने दिया जाएगा महात्मा गांधी स्कूल के समस्त स्टाफ ने किसान दुलाराम धींवा का साफा पहनाकर सम्मान किया एवं आभार जताया। वर – वधु दोनो दिल्ली पुलिस में कार्यरत हैं।

इस मौके पर व्याख्याता वीरेंद्र सिंह शेखावत, राजवीर चनाना, प्रेमलता, राकेश जांगिड, अब्दुला खान, रामनिवास, कनखाराम, प्रवीण, रामसिंह, नरेश, अरविंद, सरिता, संजू, जितेंद्र, प्रमेंद्र, राजेन्द्र, राधाकृष्ण, सुमन, माना, जगदीप, रविन्द्र, मिनेश, नीलम, दीपिका अनवार, मनोज, महावीर, महेंद्र, सुमन, पतासी देवी, रजनीश बेनीवाल सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं गणमान्य लोग मौजूद रहें।

# भील राजा कोटिया ने की थी कोटा राज्य की स्थापना

राजस्थान में अरावली के पहाड़ों पर लगभग चार हजार वर्ष ईसा पूर्व से जनजातियों का कब्जा था। प्रदेश में कोटा, बांसवाड़ा, डूंगरपुर, मनोहर थाना, कुशलगढ़, भीनमाल, उदयपुर, प्रतापगढ़, भोमट, सलूंबर और जगरगढ़ क्षेत्र अरावली के पहाडों से घिरा हुआ था।

प्रारंभ में अरावली के पहाड़ों से घिरे इन राज्यों में लंबे समय तक भील राजाओं का शासन रहा था। राणा पूंजा भील ने मेवाड़ में भील जनजाति को एकजुट कर भीलों की मजबूत सेना का निर्माण किया। राणा पूंजा भील की इसी सेना के सहयोग से महाराणा प्रताप ने मुगलों का सामना किया था।

भील राजा कोटिया ने की थी कोटा राज्य की स्थापना। कोटा राज्य भील जाति का प्रमुख केंद्र था यहां पर कई वर्षों तक भील राजाओं का शासन रहा। कोटा के पास स्थित अकेलगढ़ का पुराना किला तथा आसलपुर की ध्वस्त नगरी पर भील राजाओं का शासन था। यहां के भील सरदारों को कोटिया उपनाम से जाना जाता था। बूंदी के शासक समरसिंह के पुत्र जैत्रसिंह ने 1274 ईस्वी में भील राजा कोटिया को मारकर कोटा राज्य पर कब्जा किया और हाडा वंश राज्य की स्थापना की।

डूंगरपुर राज्य की स्थापना डूंगरिया भील ने की थी। उसकी वीरता



पन्नालाल मेघवाल

एवं बहादुरी से अन्य राज्य भयभीत रहते थे। श्यामलदास के वीर विनोद के अनुसार चित्तौड के राजा रतन सिंह के पुत्र कुंवर महाप ने 1197 ईस्वी में डूंगरिया भील को मारकर डूंगरपुर पर अधिकार किया था।

डूंगरपुर के पहले शासक कुंवर महाप और उनके वंशज थे। कुंवर महाप ने गलियाकोट में राजधानी स्थापित की। गलियाकोट में आज भी उनका खंडहर महल है। 1527 ईस्वी में खानवा के युद्ध में बागोर के रावल उदयसिंह बाबर के खिलाफ मेवाड़ के लिए लड़ रहे थे। उसके बाद उनके दोनों पुत्रों के बीच उसका क्षेत्र बँट गया और दो अलग–अलग राज्यों का गठन हुआ। पृथ्वीराज डूंगरपुर में रहे जबकि उनके भाई जगमालसिंह बांसवाड़ा के स्वतंत्र शासक बने।

भील राजा बिया (बापड़ा) चरपोटा ने चित्तौड़गढ़, मल्हारगढ़ एवं धारगढ़ राजधानियों पर राज किया। उनके दो पुत्र अमरा एवं वागा चरपोटा थे। भील राजा बिया के पुत्र भील राजा अमरा ने अमरथुन बसाया। दूसरे पुत्र भील राजा वागा ने वाडगुन बसाया।

भील राजा अमरा के दो पुत्र बांसिया एवं बदिया थे। भील राजा अमरा के बाद भील राजा बांसिया यहां के शासक बने। राजा बांसिया व उसके भाई बहन ने अमरचंद नगर से निकलकर एक घने जंगल को काटकर नगर बसाया, जिसका नाम भील राजा बांसिया के नाम से बांसवाड़ा किया गया।

भील राजा बांसिया ने बांसवाड़ा राज्य की स्थापना की थी। उन्होंने बांसवाड़ा की स्थापना 14 जनवरी 1515 ईस्वी को मकर संक्रांति के दिन की थी। इस दिन खुशी से तिल–पपड़ी का प्रसाद बनाकर पूरे नगर में बांटा गया। यह परंपरा बांसवाड़ा में आज भी चल रही है।

बांसिया भील की दो पत्नियां संवाई एवं हंगवाई थी। संवाई के नाम से संवाईपुरा नगर बसाया गया जबकि हंगवाई के नाम से अमरथुन में हंगनगर पहाड़ का नामकरण किया गया। बांसिया भील के तीन बहनों के नाम से



तालाबों का नामकरण किया गया।

बांसिया भील ने बांसवाड़ा में समाईपुरा और अमरथुन में हुरनगर पहाड़ पर किले का निर्माण कराया था, जिसके अवशेष आज भी मौजूद है। डूंगरपुर राज्य के उदयसिंह के द्वितीय पुत्र जगमाल ने इस राज्य को जीतकर अपना अधिकार किया था। वागड़ प्रदेश की बहुसंख्यक आबादी भील समुदाय की है। भील समुदाय में स्त्री एवं पुरुष समान हैं। अप्रैल महीने में भगोरिया त्यौहार होता है। इसमें लड़के–लडकियां मेले में आते है। इस मेले में वे अपना पसंदीदा जीवनसाथी चुनकर परिणय सूत्र में बंधते हैं।

**पन्नालाल मेघवाल,**
**वरिष्ठ लेखक एवं स्वतंत्र पत्रकार।**

# भाजपा-रालोपा विधायकों ने विधानसभा में उठाई रीट की सीबीआई जांच की मांग

## विपक्ष के विधायकों ने काली पट्टी बांधकर और तख्तियां लहराकर विरोध जताया

**जयपुर**, (वि.सं.) विधानसभा शुरू होते ही भाजपा और रालोपा विधायकों ने राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा (रीट) पेपर लीक के मुद्दे पर घेर लिया। सदन में विपक्ष के विधायक हाथों पर काली पट्टी बांधकर पहुंचे और

- रालोपा के तीन विधायकों ने अभिभाषण के बीच ही वैल में आकर नाराजगी जताई, इसके बाद वाक आउट कर गये
- राज्यपाल ने विरोध कर रहे विधायकों से अपनी सीटों पर बैठने का आग्रह किया लेकिन विपक्ष ने उनकी बात भी अनसुनी कर दी

सीबीआई जांच की मांग को लेकर सदन में तख्तियां लहराई। वहीं आरएलपी विधायकों ने अभिभाषण के दौरान करीब 15 मिनट तक वेल में आकर नारेबाजी की। इसके बाद वे सदन से वाकआउट कर गये।

भाजपा के विधायक और रालोपा के तीनों विधायक "रीट की सीबीआई जांच हो" लिखी तख्तियां थामे सदन में आये और अभिभाषण के शुरु होते ही तख्तियां सामने करके अपनी जगह पर खड़े हो गए। भाजपा सदस्यों में नेता प्रतिपक्ष गुलाब चंद कटारिया, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक सतीश पूनिया, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष कैलाश मेघवाल व उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र सिंह राठौड़ सहित सभी विधायकों ने तख्तियां लहराई। रालोपा विधायक नारायण बेनीवाल सहित पार्टी के तीनों विधायक नारायण बेनीवाल, पुखराज गर्ग और इंद्रा देवी रीट परीक्षा मामले की सीबीआई जांच की मांग करते हुए तख्तियां लहराते हुए वेल में आ गये और इस मांग के समर्थन में बोलते रहे। करीब पन्द्रह मिनट बाद तीनों विधायक सदन से बहिर्गमन कर गए जबकि भाजपा के सदस्य अपनी जगह पर पूरे अभिभाषण में खड़े रहे। राज्यपाल कलराज मिश्र ने विरोध कर रहे विधायकों से अपनी सीटों पर बैठने का आग्रह करते हुए कहा कि आप बैठ जांएगे तो अच्छा लगेगा, सदन चलता रहेगा, आप डटकर विरोध करना लेकिन विरोध कर रहे सदस्य अपनी जगह पर पूरे अभिभाषण के दौरान खड़े रहे। अभिभाषण के बाद मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, वसुंधरा राजे की सीट की तरफ आये और कहा कि बैठकर भी तख्ती दिखा देते तो हम विरोध मान लेते।



बीजेपी विधायक धर्मेन्द्र मोची, गुरदीप सिंह और रामप्रताप कासनिया ने रीट मामले की सीबीआई जांच, प्रतियोगी परीक्षाओं में धांधली बंद करने और बेरोजगारों, किसानों के मुद्दों को लेकर स्लोगन लिखे बैनर का चोला पहनकर विधानसभा में एंट्री की।

### दोनों लेवल रद्द हों : नारायण बेनीवाल

**जयपुर**, (वि.सं.)। विधानसभा के बाहर मीडिया से रूबरू आरएलपी विधायक नारायण बेनीवाल कहा कि पार्टी के तीनों विधायकों ने राज्यपाल के अभिभाषण का पुरजोर विरोध किया है। हमारी मांग है कि रीट परीक्षा की सीबीआई जांच हो और दोनों लेवल की परीक्षा रद्द हो। सरकार मान रही है कि रीट परीक्षा में गड़बड़ी हुई है। तो जांच कराने में क्या ऐतराज है। सत्ता में बैठे किसी बड़े नेता का इसमें हाथ है। सरकार उन्हें बचाने की कोशिश में जुटी है। हम पूरे बजट सत्र में यह कोशिश करेंगे कि युवाओं को न्याय मिले।

विधायक पुखराज गर्ग ने कहा रीट लेवल 1 और लेवल 2 दोनों की परीक्षा साथ में हुई। दोनों के पेपर शिक्षा संकुल में साथ थे। जिनके हाथ में परीक्षा के पेपर की जिम्मेदारी थी, वो अरेस्ट हुए हैं। यह कैसे सम्भव हो सकता है कि एक पेपर स्ट्रॉन्ग रूम से लीक हो गया। दूसरा लीक नहीं हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि दोनों पेपर लीक हुए हैं। परीक्षा रद्द करवाकर नए सिरे से वापस परीक्षा करानी चाहिए। ताकि ईमानदारी और मेहनत से परीक्षा की तैयारी करने वाले अभ्यर्थियों को राहत मिल सके। गरीब, किसान के बच्चों की नौकरी लगनी मुश्किल हो गई है।

# राज्यपाल ने कोविड महामारी से निपटने में सरकार की सराहना की



राज्यपाल कलराज मिश्र ने अभिभाषण से पहले बुधवार को विधानसभा में संविधान की प्रस्तावना एवं मूल कर्तव्यों का वाचन किया।

- राज्यपाल कलराज मिश्र ने अभिभाषण में सरकार की उपलब्धियां गिनाईं
- 'वर्तमान सरकार के कार्यकाल में अब तक एक लाख से अधिक पदों पर नियुक्ति दी जा चुकी है तथा 94 हजार पदों पर भर्ती प्रक्रियाधीन हैं।'

**जयपुर** (वि.सं.)। राज्यपाल कलराज मिश्र ने विधानसभा के सातवें सत्र में आज अभिभाषण दिया। मिश्र ने कोरोना महामारी से निपटने में सरकार द्वारा उठाये गये कदमों की सराहना करते हुए कहा कि लॉकडाउन में प्रवासी मजदूरों, गरीबों और जरुरमंदों के लिए खर्च करने में राज्य सरकार ने कोई कमी नहीं छोड़ी।

मिश्र ने कहा कि कोविड काल में जरुरतमंद लोगों तक सहायता पहुंचाने के लिए निराश्रित लोगों का सर्वे कराया गया तथा जरुरतमंद 33 लाख परिवारों को 5500 रुपए प्रति परिवार सहातार्थ दिए गए। जिससे राजकोष पर 1815 करोड़ रुपए का भार आया।

उन्होंने कहा कि प्रवासी मजदूर का पैदल पलायन जब अन्य राज्यों से बड़ी समस्या बनकर उभरा तब हमारी सरकार ने बेहतर प्रबंध किया। विशेष गाड़ियों और रेलों का खर्च राज्य सरकार ने उठाया। एक लाख 45 हजार टेस्ट प्रति दिन करने की क्षमता प्रतिदिन विकसित की गई। बेहतरीन करोना प्रबंधन से रिकवरी रेट बेहतर रही और मृत्यु दर भी नियंत्रण में रही। दवाइयों की उपलब्धता के लिए एयरक्राफ्ट तक का इस्तेमाल किया गया और आक्सीजन टेंकर की भी जीपीएस द्वारा मॉनिटरिंग करने जैसे नवाचार किए।

मिश्र ने कहा कि 40 हजार ऑक्सीजन कांस्ट्रेक्टर खरीदे तथा राजकीय चिकित्सालयों में 473 से अधिक आक्सीजन जनरेशन प्लांट एवं 40 हजार आक्सीजन कंसंट्रेटर आदि से एक हजार मैट्रिक टन से अधिक की मेडिकल ऑक्सीजन उत्पादन क्षमता विकसित कर ली गई हैं। राज्य में मात्र 5909 ऑक्सीजन बेड एवं 1211 आईसीयू बेड क्षमता उपलब्ध थी। जिससे बढ़ाकर 28 हजार ऑक्सीजन बेड और छह हजार आईसीयू बेड क्षमता उपलब्ध कराई जा चुकी है।

राज्य में बजरी खनन में आ रही परेशानियों का हल न्यायिक प्रक्रिया से करने का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि अब तक टोंक, राजसमंद, भीलवाड़ा एवं जालोर में छह खनन पट्टों में खनन प्रारंभ किया जा चुका है तथा इस माह अन्य क्षेत्रों में भी पर्यावरण अनुमति प्राप्त कर खनन प्रारंभ हो जायेगा। खनिज पदार्थों से होने वाली आय का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि आगामी वर्षों में लगभग छह हजार 838 करोड़ राजस्व प्राप्त होगा। हस्तशिल्प एवं कलाकृतियों के प्रोत्साहन की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य में 5960 उद्यमियों को आयात निर्यात कोड जारी किया जा चुका है।

उन्होंने कहा कि राज्य में लघु एवं मध्यम उद्योगों में 29 हजार 444 करोड़ रुपए का निवेश किया जा चुका है। इसी तरह महत्वाकांक्षी रिफायनरी परियोजना के निर्माण पर अब तक 11 हजार 895 करोड़ रुपए खर्च किए जा चुके हैं।

राज्य में मुख्यमंत्री युवा संबल योजना में दी जाने वाली बेरोजगारी भत्ते की राशि को बढ़ाने के साथ तीन लाख 53 हजार 915 आशार्थियों को 1305 करोड़ रुपए की राशि का भुगतान किया जा चुका है।

मिश्र ने कहा कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में अब तक एक लाख से अधिक पदों पर नियुक्ति दी जा चुकी है तथा 94 हजार पदों पर भर्ती प्रक्रियाधीन हैं। बेरोजगार युवाओं को 5175 डेयरी बूथ भी आवंटित किए गए।

### वकीलों के कल्याण के लिए कल निकालेंगे शांति मार्च

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, दी बार एसोसिएशन और दी डिस्ट्रिक्ट एडवोकेट्स बार एसोसिएशन की ओर से एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट और अधिवक्ता कल्याण कोष संशोधन विधेयक के साथ ही युवा अधिवक्ताओं के लिए मानदेय लागू करवाने के लिए 11 फरवरी को शांति मार्च निकाला जाएगा।

हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के महासचिव गिर्राज शर्मा ने बताया कि तीनों मांगो को लेकर हजारों की संख्या में अधिवक्ता दोपहर साढ़े बारह बजे हाईकोर्ट परिसर से विधानसभा तक शांति मार्च करेंगे। अधिवक्ता लंबे समय से तीनों मांगों को लेकर मुख्यमंत्री सहित अनेक अधिकारियों को पत्र लिख चुके हैं।

# प्रदेश में नए करोना संक्रमितों की संख्या में कुछ और वृद्धि हुई

## राज्य में बुधवार को 3728 नए संक्रमित मिले, इससे पहले मंगलवार को 3479 रोगी पाए गए थे

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। प्रदेश में बुधवार को भी नए करोना संक्रमितों की संख्या में थोड़ी वृद्धि हुई है। इस दौरान राज्य में 3728 नए मरीज मिले हैं। हालाकि राजधानी जयपुर में इनकी संख्या में कमी आई। इधर राज्य में 7 हजार से ज्यादा मरीजों के ठीक होने से एक्टिव केस घटकर 34 हजार से कम रह गए है। प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में करोना से 17 और लोगों की मौत हुई है।

- राजधानी जयपुर में थोड़ी कमी के बाद 860 नए संक्रमित मिले हैं।
- राज्य में 7 हजार से ज्यादा और मरीज ठीक होने से एक्टिव केस घटकर 34 हजार से कम रह गए है।
- प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में करोना से 17 लोगों की मौत हुई है।

राज्य में बुधवार को 249 मामले बढ़ने के साथ ही 3728 नए करोना संक्रमित मिले हैं। इससे पहले प्रदेश में 3479 रोगी पाए गए थे। इधर आज राजधानी जयपुर में नए संक्रमितों की संख्या में गिरावट आई है। इस दौरान जिले में 860 नए संक्रमित मिले हैं। इसके अलावा जोधपुर में 351, उदयपुर में 204, अलवर व गंगानगर में 188-188, कोटा में 187, सीकर में 146, राजसमंद में 118, झुंझुनूं में 112 और अजमेर में 103 नये मामले सामने आए है। वहीं प्रतापगढ़ में 98, नागौर में 94, बांसवाड़ा में 89, चूरू में 88, चितौड़गढ़ में 79, डूंगरपुर में 77, टोंक व भीलवाड़ा में 73-73, हनुमानगढ़ में 70, पाली में 66, सिरोही में 64, भरतपुर में 62, बारां में 53, सवाई माधोपुर में 51, जैसलमेर व झालावाड़ में 49-49, दौसा में 39, बूंदी में 30, बाड़मेर में 27, करौली में 24, बीकानेर में 9, धौलपुर में 4 और जालोर में 3 नए संक्रमित मिले हैं। इस बीच राज्य में 7177 मरीज ठीक होने के साथ ही एक्टिव केस घटकर 33 हजार 812 रह गए है। इनमें सबसे ज्यादा 8867 रोगी जयपुर में हैं। प्रदेश में नए संक्रमितों की संख्या में कमी आने के साथ ही संक्रमण दर घटकर 7.90 फीसदी जबकि स्वस्थ दर बढ़कर 96.55 प्रतिशत हो गई है। उधर राज्य में करोना से मरने वालों का आंकड़ा बढ़ता ही जा रहा है। इसके चलते बुधवार को प्रदेश में करोना से 17 और लोगों की मौत हुई है। इनमें जोधपुर में 4, जयपुर में 3, अजमेर व बूंदी में 2-2 जबकि भीलवाड़ा, दौसा, नागौर, टोंक, सीकर और सिरोही में 1-1 मरीज की और मृत्यु हुई है। राज्य में अब तक इस बीमारी से 9424 लोगों की मौत हो चुकी है।

### जयपुर में 93 इलाकों में नए संक्रमित मिले

राजधानी में बुधवार को 93 इलाकों में नए संक्रमित मिले हैं। इनमें सबसे ज्यादा 57 नए संक्रमित वैशाली नगर में पाए गए हैं। इसके अलावा बस्सी में 38, चाकसू में 35, झोटवाड़ा व फागी में 33-33, मानसरोवर व जमवारामगढ़ में 31-31, मुरलीपुरा में 22, जगतपुरा व मंगल विहार में 21-21, और आमेर में 20 नए मरीज मिले हैं। इसके अलावा 17 ऐसे मरीज हैं जिनका नाम, पता व मोबाइल नम्बर गलत होने के कारण उन्हें ट्रेस नहीं किया जा सका। जयपुर में पिछले चौबीस घंटों में 1226 मरीज रिकवर हुए हैं।

### राज्यपाल ने वापस लौटाया बाल विवाह रजिस्ट्रेशन का बिल

**जयपुर**, (वि.सं.)। राज्यपाल ने बाल विवाह के रजिस्ट्रेशन के प्रावधान वाले विवादित बिल को वापस लौटा दिया है। इस विवादित बिल को राज्यपाल ने बाल विवाह रोकने के कानून के खिलाफ बताते हुए इसमें संशोधन करने को कहा है। राज्यपाल के बिल लौटाने का लेटर विधानसभा को भेज दिया है। इस बिल में 18 साल से कम उम्र की लड़की और 21 साल से कम उम्र के लड़के की शादी का भी रजिस्ट्रेशन करने का प्रावधान था।

- राज्यपाल ने सरकार को लिखा "यह बिल बाल विवाह रोकने के प्रावधानों के खिलाफ, इसमें संशोधन करके भेजे"

राजस्थान विवाहों का अनिवार्य पंजीकरण संशोधन विधेयक 2021 को पिछले साल 17 सितंबर को विधानसभा में पारित किया गया था। 24 सितंबर 2021 को राज्यपाल की मंजूरी के लिए भेजा गया था। इस बिल का सदन में भारी विरोध हुआ था। बाद में यह मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा था।

बिवाहों के अनिवार्य रजिस्ट्रेशन बिल 2021 में प्रावधान किया था कि अगर वर ने 21 साल और वधू ने 18 साल की आयु पूरी नहीं की है तो उनके माता पिता या संरक्षक को शादी के 30 दिन के भीतर रजिस्ट्रेशन का आवेदन देने का प्रावधान किया थाा।

### राजस्थान विधानसभा में लता व रावत को दी श्रद्धांजलि

**जयपुर** (वि.सं.)। विधानसभा में भारत रत्न एवं स्वर कोकिला लता मंगेशकर, प्रथम चीफ ऑफ डिफेंस स्टॉफ बिपिन रावत, पूर्व सांसद, पूर्व विधायकों के निधन एवं बाड़मेर जिले की दुखान्तिका तथा गुवाहाटी- बीकानेर एक्सप्रेस रेल दुघर्टना के मृतकों के निधन पर संवेदना व्यक्त करते हुये आज श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

पूर्व सांसद जमना देवी बारुपाल, गंगाराम कोली, श्याम सुन्दर सोमानी, बृजराज सिंह, डी. एन. पाटोदिया, राजस्थान विधानसभा के पूर्व उपाध्यक्ष रामचन्द्र जाट, पूर्व मंत्री जयनारायण पूनिया, महिपाल मदेरणा, पूर्व विधायक मोहनलाल चौहान, कमलराम कोली, जीतमल जैन, रामकरण चौधरी, हीरालाल खांट, गोवर्धन सिंह और सूरजमल के निधन पर उन्हें विधानसभा में श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान सभी सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने करने के लिए शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की। इससे पहले जोशी ने शोक प्रस्ताव रखते हुए दिवंगत व्यक्तियों द्वारा राजनीतिक, सामाजिक एवं अन्य क्षेत्रों में दी गई सेवाओं की सराहना की।

### नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई

**जयपुर**, (वि.सं.)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ.सी. पी. जोशी ने बुधवार को विधानसभा में नवनिर्वाचित सदस्य प्रीती शक्तावत तथा नगराज मीणा को विधानसभा सदस्यता की शपथ दिलाई। उल्लेखनीय है कि विधानसभा उपचुनाव में प्रीती वल्लभनगर तथा नगराज मीणा धरियावाद से निर्वाचित हुए है।

### डीसी सहित अन्य को भेजा जेल

**जयपुर**, (का.सं.)। एसीबी मामलों की विशेष अदालत ने पट्टे जारी करने की एवज में रिश्वत लेने के मामले में गिरफ्तार जेडीए जोन- 4 की उपायुक्त ममता यादव और जेईएन श्याम मालू सहित सभी पांच आरोपियों को 21 फरवरी तक न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है।

# राजस्थान में 44 निगम बोर्ड आयोगों में मिला नेताओं को राजनीतिक नियुक्तियों का तोहफा

**जयपुर**, (का.प्र.)। राजस्थान में लंबे समय से प्रतीक्षारत निगम-बोर्ड-आयोग में राजनीतिक नियुक्तियों की लंबी सूची सोश्यल मीडिया पर जारी हो गई है। जारी इस सूची में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नजदीकी लोगों को भरपूर मौके मिले हैं। कांग्रेस के कई विधायकों सहित बसपा से कांग्रेस में आए विधायकों और निर्दलीयों को भी राजनीतिक नियुक्तियों में मौका मिला है। इसी के साथ पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ चंद्रभान को भी 20सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। इसी के साथ पूर्व नेता प्रतिपक्ष रामेश्वर डूडी को भी राजनीतिक नियुक्तियों में मौका दिया गया है। पूर्व सांसद गोपाल सिंह शेखावत को भी राजनीतिक नियुक्तियों में मौका दिया गया है। निगम-बोर्ड-आयोगों में हुई इन राजनीतिक नियुक्तियों में पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट के अधिकांश लोग दरकिनार कर दिए गए हैं और दो-तीन लोगों को छोड़ दें तो सूची में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की चली है।

- सोश्यल मीडिया पर जारी सूची में सचिन पायलट के लोग हुए दरकिनार, गहलोत खेमे को मिला फायदा

सोशल मीडिया में जारी सूची के अनुसार डॉ. चन्द्रभान (उपाध्यक्ष), बीस सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन एवं समन्वय समिति, रामेश्वर डूडी, राजस्थान स्टेट एग्रो इण्डस्ट्रीज डवलपमेंट बोर्ड, महादेव सिंह खण्डेला (अध्यक्ष) को दीपचंद खैरिया (उपाध्यक्ष), राजस्थान किसान आयोग, बृजकिशोर शर्मा (अध्यक्ष), पंकज मेहता (उपाध्यक्ष), राजस्थान खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, जुबेर खान, मेवात क्षेत्रीय विकास बोर्ड, धीरज गुर्जर, राजस्थान स्टेट सीड्स कॉर्पोरेशन लि., रफीक खान, राजस्थान राज्य अल्पसंख्यक आयोग, खिलाड़ीलाल बैरवा (अध्यक्ष), सचिन सर्वटे (उपाध्यक्ष), राजस्थान अनुसूचित जाति आयोग, मेवाराम जैन (अध्यक्ष), सुमेर सिंह राजपुरोहित (उपाध्यक्ष), राजस्थान गौ सेवा आयोग, हाकम अली खान, राजस्थान वक्फ विकास परिषद, डूंगरराम गैदर (उपाध्यक्ष), शिल्प एवं माटी कला बोर्ड, लाखनसिंह मीणा, डांग क्षेत्रीय विकास मण्डल, जोगिन्द्र सिंह अवाना, देव नारायण बोर्ड, कृष्णा पूनिया (अध्यक्ष), सतबीर चौधरी (उपाध्यक्ष), राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद्, धर्मेन्द्र सिंह राठौड़, राजस्थान पर्यटन विकास निगम, पुखराज पाराशर, जन अभाव अभियोग निराकरण समिति, जस्टिस भंवरू खान, राजस्थान राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग, रेहाना रियाज चिश्ती, राजस्थान राज्य महिला आयोग, गोपालसिंह शेखावत (अध्यक्ष), राजेश टंडन (उपाध्यक्ष), वरिष्ठ नागरिक कल्याण बोर्ड, मानवेन्द्र सिंह जसौल (अध्यक्ष), रामकिशोर बाजिया (उपाध्यक्ष), राज्य स्तरीय सैनिक कल्याण सलाहकार समिति, लक्ष्मण सिंह रावत, मगरा क्षेत्रीय विकास मण्डल, के.सी.बिश्नोई, राज्य जीव जन्तु कल्याण बोर्ड, सुरेन्द्र सिंह जाड़ावत (अध्यक्ष), सांवरमल महरिया (उपाध्यक्ष), राजस्थान धरोहर संरक्षण एवं प्रौन्नति प्राधिकरण, राजेन्द्र सिंह सोलंकी (अध्यक्ष), चुन्नीलाल राजपुरोहित (उपाध्यक्ष), राजस्थान राज्य पशुधन विकास बोर्ड, राजीव अरोड़ा, राजस्थान लघु उद्योग विकास निगम, संदीप चौधरी, बंजर भूमि एवं चारागाह विकास बोर्ड, उमाशंकर शर्मा, आयुक्त, राजस्थान विशेष योग्यजन आयोग, किशनलाल जैदिया (उपाध्यक्ष), राज्य सफाई कर्मचारी आयोग, लक्ष्मण मीणा (अध्यक्ष), रमीला खड़िया (उपाध्यक्ष), राजस्थान अनुसूचित जनजाति आयोग, महेन्द्र गहलोत (अध्यक्ष), केश कला बोर्ड, सीताराम लाम्बा (अध्यक्ष), सुशील पारीक (उपाध्यक्ष), राजस्थान युवा बोर्ड, उर्मिला योगी (अध्यक्ष), चतराराम देशबंधु (उपाध्यक्ष), राज्य विमुक्त घुमन्तु एवं अर्द्ध घुमंतु कल्याण बोर्ड, अनिल शर्मा, राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास मण्डल, रामसिंह राव, वंशावली संरक्षण एवं संवर्द्धन अकादमी, जगदीशराज श्रीमाली (उपाध्यक्ष), श्रम सलाहकार समिति, रमेश बोराणा (उपाध्यक्ष), राजस्थान राज्य मेला प्राधिकरण, लक्ष्मण कड़वासरा, भूदान यज्ञ बोर्ड, मदन गोपाल मेघवाल, डॉ.भीमराव अम्बेडकर फाउण्डेशन (अम्बेडकर पीठ), भैरूलाल गुर्जर, सांवलिया मंदिर ट्रस्ट, महेश शर्मा (अध्यक्ष), मंजू शर्मा (उपाध्यक्ष), विप्र कल्याण बोर्ड, मुमताज मसीह (अध्यक्ष), मानसिंह गुर्जर (उपाध्यक्ष), सेंटर फॉर डवलपमेंट ऑफ वॉलंट्री सैक्टर, शंकर यादव, अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास कॉर्पोरेशन, पवन गोदारा, अन्य पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास कॉर्पोरेशन व कीर्ति सिंह भील (उपाध्यक्ष), मारवाड़ा क्षेत्रीय जनजाति विकास बोर्ड बनाया है।

### पदोन्नति में भेदभाव क्यों?

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने गृह विभाग और कार्मिक विभाग को नोटिस जारी कर पूछा है कि एक ही आपराधिक प्रकरण में आरोपी बनाए गए पुलिसकर्मियों को पदोन्नति देने में भेदभाव क्यों किया जा रहा है। जस्टिस महेन्द्र गोयल की एकलपीठ ने यह आदेश आरपीएस लोकेश सोनवाल की याचिका पर दिए।


नम्बर मिलाइए 9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्यगण स्माईल एवं मोहम्मद पुत्रान स्व. अब्दुल अजीज निवासी- म.न. 3104 सोंखियों की गली, कल्याण जी का रास्ता, चांदपोल बाजार, जयपुर राज. जो कि उनके सह स्वामित्व एवं आधिपत्य की मकान अचल सम्पत्ति म.न. 3104 सोंखियों की गली, कल्याण जी का रास्ता, चांदपोल बाजार, जयपुर है। उक्त अचल सम्पत्ति बाबत बिना मेरे अभिभाष्यगण की अनुमति के किए गए किसी भी प्रकार के विक्रय/ हस्तान्तरण संव्यवहार के परिणामों के लिए संबंधित पक्ष स्वयं जिम्मेदार रहेगा। सूचित रहे। भवदीय **चन्द्रप्रकाश खेतानी** (एडवोकेट) 9314505592

**कार्यालय तहसीलदार (भू.अ.) मौजमाबाद जि. जयपुर**

क्रमांक/भू.अ./2022/654 दि. 7.2.2022

**सार्वजनिक सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मृतक खातेदार जगदीश पुत्र रामदेव कौम बागड़ा ब्राह्मण नि. केसरीसिंहपुरा तह. मौजमाबाद के दर्ज खातेदारी भूमि राजस्व ग्राम केसरीसिंहपुरा के आ.ख.न. 658/804 रकबा 0.22 है. 649 में से 0.17 है. 652 रकबा 0.01 है. 653/808 रकबा 0.17 है. 654/810 में से 0.08 है. ख.न. 644 मे से 0.13 है. कुल किता 6 रकबा 0.78 है. की वसीयत पंजिकृत श्री श्याम मनोहर शर्मा पुत्र जगदीश प्रसाद शर्मा नि. केसरीसिंहपुरा के हक में हुई है। उक्त सम्बंध में नामान्तकरण की कार्यवाही राज. भू. राजस्व अधि.1956 की धारा 135 (2) के तहत इस न्यायालय में विचाराधीन है। यदि इस वसीयत के सम्बंध में किसी व्यक्ति को उज्र/ ऐतराज हो तो मय सबूत दि. 24.2.2022 तक इस न्यायालय में स्वयं या अपने प्लीडर के द्वारा पेश करें। उक्त निर्धारित अवधि के पश्चात प्रकरण का नियमानुसार निस्तारण कर दिया जायेगा। आज दि. 7.2.2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार (भू.अ.) तहसील-मौजमाबाद (जयपुर)

**आम सूचना** यह सूचित किया जाता है कि मैसर्स विनायक राज माइंस एंड मूवर्स, विनायकराज भवन, 97 ऑफिस सिरसी रोड जयपुर राजस्थान में जगदीश कुमार साझेदार थे और दिनांक 21.12.2021 से सेवनिर्वित हो गए हैं। अब इनका मैसर्स विनायक राज माइंस एंड मूवर्स से कोई सम्बन्ध नहीं है तथा दिनांक 21.12.2021 से सुभाष चौधरी व रणजीत सिंह को साझेदारी में शामिल किया गया है। संगीता चोपड़ा पार्टनर, मैसर्स विनायक राज माइंस एंड मूवर्स

संगीता चोपड़ा, पार्टनर
मैसर्स विनायक राज माइंस एंड मूवर्स
दिनांक-21.12.2021

**खोया पाया**

भूखण्ड संख्या सी-119, निर्माण नगर के जविप्रा द्वारा जारी पट्टा साईट प्लान मय स्टाम्प मूल दस्तावेज खो गये है। सूचित करें-कविता चतुर्वेदी मो. 9166032853

मेरे प्लॉट नं. 7 श्याम कुंज-4, चंदवाजी का मूल पट्टा व रजिस्ट्री कहीं खो गयी, जिसको मैंने राजेन्द्र कुम्हार पुत्र भोलू राम कुम्हार चंदवाजी से खरीदा था। जिसका मूल पट्टा सुरेन्द्र सिंह पुत्र बई चन्द निवासी मोहनपुरा, रेवाडी, हरियाणा के नाम से था। मिलने पर सूचित करें। रमकू देवी पत्नी बाबूलाल कुम्हार चन्दवाजी 9057291494

**नाम परिवर्तन**

मैं, थॉमस पुत्र माईकल गिल निवासी 84, कृष्णा नगर, शेखावत मार्ग, सिरसी रोड, जयपुर-302021 मैंने अपना नाम बदल लिया है और आगे से मुझे थॉमस गिल के नाम से जाना जाएगा।

I have Changed my name from Man Singh Gaur to Man Singh Gaud. For All Future purposes. Add: v/p-Shahar, Teh. Nadoti, Dist. Karauli PIN-322204 Raj.

I Army no 14594772M Ex NK Dayanand Verma S/O Hemraj Verma R/O C-179A Jagdamba Nagar, Heerapura power house, Ajmer road, Jaipur. That I Have Changed my sons Name From MADHURAM (DOB-23/7/2001) TO MADHURUM VERMA (DOB 23/7/2002) & TAPES VERMA (16/6/2004)TO TANISHK VERMA (16/1/2005) Vide affidavit dated 5 Feb.2022 before district court Jaipur

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**सिगनल एवं दूर संचार विभाग**
**खुली निविदा**

उप मुख्य सिगनल एवं दूर संचार इंजीनियर/ परियोजना/जयपुर भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से खुली निविदा सं. **एस एण्ड टी प्रोजेक्ट-जेपी 2021-22-11** जिसकी बंद होने की तिथि 02.03.2022 समय 15:00 बजे तक का ऑन लाइन ई-टेण्डर आमंत्रित किया जाता है। कोई भी मैन्युअल टेण्डर सम्बन्ध में स्वीकार नहीं किया जावेगा और अगर कोई मैन्युअल टेण्डर प्राप्त होता है उसको देखा नहीं जावेगा। **1. कार्य का नाम एवं लोकेशन** : उत्तर पश्चिम रेलवे के बीकानेर मण्डल के विभिन्न सेक्शनों में 13 एल-सी गेटों की इंटरलोकिंग और अपग्रेडेशन। **2. अनुमानित लागत** : रुपये 50653471.68/-; **3. धरोहर राशि रुपये** : 4033000/-; **4. टेण्डर जमा करने की अंतिम तारीख** : 02.03.2022 सायं 15:00 बजे। **5. वेबसाईट का विवरण और नोटिस बोर्ड की लोकेशन**: **www.ireps.gov.in** or उप मुख्य सिगनल एवं दूर संचार इंजीनियर/ परियोजना/जयपुर ऑफिस। **38-AN/22**

हमें /NWRailways पर फॉलो करें

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

मण्डल रेल प्रबन्धक (इंजीनियरिंग) व (विद्युत), उत्तर पश्चिम रेलवे, अजमेर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से नीचे दिये गये कार्य के लिये दी गई तिथि को 15:00 बजे तक ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **निविदा संख्या: 09/2022; कार्य का नाम** : मदार-दौराई बाईपास लाईन पर (कि.मी. 289.40 से 297.50) सी.टी.आर. 8.10 किमी. कार्य के सम्बन्ध में विभिन्न ट्रेक कार्य करना जैसे 52 कि.ग्रा. सी.टी.आर.(एस), टी.एस.आर.(एस), टी.आर.आर.(एस), सैस के लिए अर्थवर्क व अन्य कार्य। **अनुमानित लागत**: रुपये 1,57,68,068.85; **बयाना राशि** : रुपये 2,28,900/-; **निविदा की अंतिम दिनांक**: 01.03.2022. **निविदा संख्या: 10/2022; कार्य का नाम** : हरीपुर-पालनपुर खण्ड में पॉइन्ट्स एवं क्रॉसिंग्स की डीप स्क्रीनिंग का कार्य। **अनुमानित लागत**: रु0 52,21,562.94; **बयाना राशि** : रुपये 1,02,400/-; **निविदा की अंतिम दिनांक**: 01.03.2022. **निविदा संख्या: मं.रे.प्र.(बी.)-26-2021-22; कार्य का नाम** : Electrical work for residual works against Construction deptt. works at Marwar Jn. and Abu Road stations. **अनुमानित लागत**: रुपये 20,94,745.00; **बयाना राशि** : रुपये 41,900/-; **निविदा की अंतिम दिनांक**: 02.03.2022. **निविदा संख्या: मं.रे.प्र.(बी.)-27-2021-22; कार्य का नाम** : All Div.: Improvement of existing wiring of staff quarters as per new scale of fitting in UDZ-HMT section under jurisdiction of SSE-P-UDZ. **अनुमानित लागत**: रुपये 21,54,399.00; **बयाना राशि** : रुपये 43,100/-; **निविदा की अंतिम दिनांक**: 02.03.2022. उक्त ई-निविदा के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी रेलवे की वैबसाईट www.ireps.gov.in पर तथा मण्डल कार्यालय, उत्तर पश्चिम रेलवे, अजमेर के निविदा नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध है। **39-AN/22**

हमें /NWRailways पर फॉलो करें

# मरम्मत के काम के दौरान सीमेंट फैक्ट्री में हादसा, 13 घायल

## वजवाना स्थित दी इंडिया सीमेंट लिमिटेड फैक्ट्री में यह हादसा हुआ

**बांसवाड़ा,** (निसं)। वजवाना स्थित दी इंडिया सीमेंट लिमिटेड फैक्ट्री में मेंटेनेंस कार्य के दौरान सुबह बड़ा हादसा हो गया। प्री-हीटर साईक्लोन की मरम्मत के दौरान प्रोटेक्षन प्लेटे मजदूरों पर गिरी जिससे 13 मजदूर घायल हो गये जिन्हें बाद में जिला मुख्यालय के महात्मा गांधी चिकित्सालय में रेफर किया गया। इनमें से दो जनों को उदयपुर रेफर किया गया है।

कंपनी के प्लांट हैड जतेन्द्र शाह ने बताया कि कंपनी में प्री-हीटर साईक्लोन मेंटेनेंस का कार्य चल रहा था इस दौरान साईक्लोन में लाईनिंग कर ब्रिक्स लगाई जा रही थी। यहां मूल प्लेट के ऊपर सुरक्षा की दृष्टि से अलग से प्लेटफॉर्म बनाया गया था। काम करते समय ऊपर से डस्ट गिरी इससे डमी प्लेट स्लाईड हो गयी। डस्ट के कारण अंधेरा हो गया और प्रोटेक्षन प्लेटे गिरने से यह हादसा हुआ। प्रबंधन ने तत्काल 13 मजदूरों को जिला मुख्यालय के महात्मा गांधी चिकित्सालय में रेफर किया वहीं मामूली चोटे आने वाले मजदूरों को समीपवर्ती चिकित्सालय में प्राथमिक उपचार कराया गया। हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई। एक-एक कर घायलों को बाहर निकाला गया। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मीना, उपअधीक्षक सूर्यवीर सिंह राठौड सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। घायलों ने बताया कि लगभग 25 मजदूर मरम्मत का कार्य कर रहे थे।

जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह ने बताया कि घायलों की संख्या 13 बताई जा रही है और सभी खतरे से बाहर है। घायलों में अधिकांश उत्तरप्रदेश के रहने वाले है। इधर गढी प्रधान कांता भील ने भी घायलों से बातचीत की। पुलिस उपअधीक्षक सूर्यवीर सिंह ने बताया कि गढी थानाधिकारी को फैक्ट्री भेजा गया। ध्यान रहे कि फैक्ट्री में गत 1 फरवरी से मरम्मत का कार्य चल रहा है। इधर भारतीय मजदूर संघ के जनक जोशी एवं अर्जुन सिंह भी चिकित्सालय पहुंचे और उन्होंने घायलों के उपचार के लिए चिकित्सको से आग्रह किया। एक मजदूर के होठों पर चोट आने से खून शरीर में चला गया था और एक मजदूर के पांव अधिक देर तक मलबे में दबे रहे। इन लोगों को उदयपुर रेफर किया गया है। जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मीना ने घायलों के उपचार के संबंध में चिकित्सकों से जानकारी ली।


हादसे में घायल हुए मजदूरों को जिला मुख्यालय के महात्मा गांधी अस्पताल पहुंचाया गया।

- प्री-हीटर साईक्लोन की मरम्मत के दौरान प्रोटेक्षन प्लेटें मजदूरों पर गिरी

# केन्द्रीय वस्तु-सेवाकर रेंज के अधीक्षक सहित तीन जने रिश्वत लेते गिरफ्तार

## रिटर्न जमा नहीं करवाने पर केन्द्रीय वस्तु एवं सेवाकर विभाग जालोर के अधीक्षक ने फर्म को रिएक्टीवेट कर दिया


एसीबी जालोर की टीम ने गिरफ्तार करने की कार्रवाई की।

**जालोर,** (का.सं.)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो जालोर ने बुधवार को केन्द्रीय वस्तु एवं सेवाकर रेंज जालोर के अधीक्षक सहित तीन जनो को एक लाख रूपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफतार किया गया।

एसीबी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. महावीर सिंह राणावत के अनुसार परिवादी खेमराज पुत्र प्रभुपुरी गोस्वामी, निवासी हनुमान नगर जालोर ने रिपोर्ट पेश कर बताया कि उसकी फर्म जय गुरूदेव ग्रेनाईट का वित्तीय वर्ष 2021-22 का रिटर्न जमा नही करवाने पर केन्द्रीय वस्तु एवं सेवाकर विभाग जालोर के अधीक्षक श्योमराम मीणा पुत्र कल्याण सहाय मीणा निवासी ईश्वरसिंह पुरा वाया आंधी तहसील जमवायरामगढ जयपुर हाल- केन्द्रीय वस्तु एवं सेवा कर जालोर ने मेरी फर्म को रिएक्टीवेट कर दिया गया तथा मेरी फर्म को पुनः एक्टीवेट करने के एवज में दो लाख रूपये की रिश्वत मांगी। जिस पर उसी रोज मांग का भौतिक सत्यापन के दौरान श्योमराम मीणा अधीक्षक द्वारा परिवादी की फर्म कोएक्टीवेट करते हुए दो लाख की रिश्वत परिवादी से आग्रह करने पर डेढ लाख व बाद में एक लाख रूपये की रिश्वत देना तय हुआ।

- फर्म को पुनः एक्टीवेट करने के एवज में दो लाख रूपये की रिश्वत मांगी

बुधवार को एसीबी जालोर की टीम ने एएसपी डॉ. महावीरसिंह राणावत के नेतृत्व में ट्रेप की कार्यवाही का आयोजन कर अधीक्षक श्योमराम मीणा ने रिश्वत की राशि नितेष कुमार पुत्र रामलाल ब्राह्मण एकाउंटेट एसआर ब्रदर्स पेट्रोल पम्प जालोर को देने का कहने पर नितेष कुमार के पेट्रोल पम्प में अपने ऑफिस में नही होने पर जरिये मोबाइल परिवादी खेमराज को उक्त रिश्वती राशि अपने सेल्समैन करताराम पुत्र रूपाराम चौधरी निवासी आषीर्वाद कॉलोन गोडीजी जालोर को देने का कहा। जिस पर परिवादी ने स्वतंत्र गवाहन की उपस्थिति में करताराम सैल्समैन को एक लाख रूपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया।

आरोपी श्योमराम मीणा अधीक्षक व सह आरोपी करताराम को गिरफ्तार किया गया। वही अन्य आरोपी नितेष कुमार को ट्रेप की कार्यवाही की भनक लगने से फरार हो गया। जिसे एसीबी की टीम ने गिरफतार किया । एसीबी जालोर की टीम ने केन्द्रीय वस्तु एवं सेवाकर के अधीक्षक श्योमराम, दलाल करताराम व नितेष कुमार को एक लाख रूपये की रिश्वत लेते गिरफतार कर अग्रिम कार्यवाही शुरू की।

# शिवानी सिंह मानवाधिकार सुरक्षा संगठन महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष नियुक्त

**पाटन,** (निसं)। समाज के प्रति सच्ची सेवा भावना व देष भक्ति , राष्ट्र के प्रति वभादारी को देखते हुए मानवाधिकार सुरक्षा संगठन भारत के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के मुख्य संरक्षक मार्कडेंय काटजू (सेवा निवृत मा. न्यायाधिष सुप्रिम कोर्ट) संगठन के कानूनी सलाहाकार एवं संरक्षक प्रकाश सिंह (सेवानिवृत ए.डी.जी यूपी पुलिस एंव पूर्व आई.जी मानवाधिकार आयोग यूपी ) अन्य राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्यो के संरक्षण में राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवाजी सिंह राठौड द्वारा ने कुमारी शिवानी सिंह पत्नी राहुल सिंह निवासी सोनद्वीप मिलीक जिला पुर्णिया बिहार को महिला संगठन की जिम्मेदारी देते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद पर नियुक्ति जारी की है। साथ ही उनसे अपेक्षा की है कि समाज में व्याप्त भ्रश्टाचार , उत्पीडन , शोषण , भय , आंतकवाद व मानव अधिकार हनन जैसी जधन्य धटनाओं पर कड़ी नजर रखेंगी तथा शासन , प्रशासन को धटनाओं से अवगत करवाते हुए उनके सहयोग से पीडित व्यक्तियो की जन हित व न्यायहित में सहायता करेंगी।


कुमारी शिवानी सिंह

## साक्षात्कार 18 फरवरी को

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान ल ोक सेवा आयोग द्वारा बुधवार को निरीक्षक कारखाना एवं बायलर्स (कारखाना एवं बायल र्स निरीक्षण विभाग) 2020 तथा अधीक्षक उद्यान (सार्वजनिक निर्माण विभाग) 2021 परीक्षाओं के लिए साक्षात्कार का कार्यक्रम जारी किया गया। सचिव एचएल अटल ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रमानुसार साक्षात्कार 18 फरवरी 2022 को आयोजित किए जाएंगे। साक्षात्कार पत्रों को आयोग की वेबसाइट पर यथा समय अपलोड कर दिया जाएगा।

साक्षात्कार में सम्मिलित होने वाले सभी अभ्यर्थी अपने समस्त मूल प्रमाण पत्र मय फोटो प्रति अवश्य साथ लाएं। इनके अभाव में अभ्यर्थियों को साक्षात्कार से वंचित कर दिया जाएगा। कोरोना महामारी के मद्देनजर अभ्यथिर्यों को साक्षात्कार दिनांक से 72 घंटे पूर्व तक की कोरोना जांच रिपोर्ट आवश्यक रूप से आयोग में प्रस्तुत करनी होगी।

# रीट भर्ती 2021 लेवल-1, सरकार से जवाब-तलब

**सादुलपुर,** (निसं)। बुधवार को रीट भर्ती-2021 (लेवल-1) में विशेष शिक्षा में डिप्लोमा उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को सामान्य शिक्षक के पद पर नियुक्ति हेतु योग्य करार देने तथा वर्तमान में जारी प्रक्रिया में फॉर्म आवेदन हेतु शामिल करने के मामले में राजस्थान हाई कोर्ट जोधपुर में सुनवाई हुई। जिसमें सांवरमल व अन्य अभ्यर्थियों की ओर से दायर याचिका पर जस्टिस अरुण भंसाली की अदालत ने सरकार से जवाब तलब करते हुई 14 फरवरी तक जवाब दायर करने को कहा है।

याचिकाकर्ताओं ने दायर याचिका की मार्फत विशेष शिक्षा में उत्तीर्ण दो वर्षीय डिप्लोमा के आधार पर उन्हें एनसीटीई व भारतीय पुनर्वास परिषद की गाइडलाइंस तथा आरटीई में निर्धारित प्राथमिक शिक्षक की न्यूनतम योग्यता अनुसार उन्हें सामान्य शिक्षक के पद हेतु पात्र मानते हुए रीट भर्ती-2021 में शामिल करने बाबत उक्त याचिका हाई कोर्ट में दायर की है। भर्ती की नोडल एजेंसी निदेशालय प्रारम्भिक शिक्षा, बीकानेर ने इस बार की रीट भर्ती-2021 में उक्त डिप्लोमा उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को सामान्य शिक्षक (लेवल-1) के पद हेतु ऑनलाइन फॉर्म आवेदन करने से वँचित कर दिया था।

याचिकाकर्ताओं की ओर से एडवोकेट सुशील बिश्नोई ने पैरवी की, जबकि सरकार की ओर से अतिरिक्त राजकीय अधिवक्ता पंकज शर्मा ने जवाब दायर करने के लिए समय मांगा है। मामले की अगली सुनवाई 14 फरवरी 2021 को होगी। उधर इसी प्रकार के अन्य प्रकरण की सुनवाई के दौरान राजस्थान हाई कोर्ट जयपुर की एकल पीठ ने याचिकाकर्ता के ऑनलाइन फॉर्म स्वीकार करने का आदेश दिया है।

## स्ट्रीट लाइट नही होने से अंधेरे में डूबा पावटा शहर

**पावटा,** (निसं)। उपखंड पावटा के मुख्य सर्विस रोड की सड़कें गड्ढों से छलनी हो रही हैं। लोगों को कहना है कि शिकायत करने के बाद नगरपालिका द्वारा लोगों की सुविधाओं पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। पावटा निवासी कांग्रेस नगर अध्यक्ष सुरेश शर्मा, ब्राह्मण महासभा अध्यक्ष राजेश शर्मा, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष कैलाश ताखर एससी मोर्चा जिला महामंत्री बद्री प्रसाद, चौहान ने बताया कि शहर के मुख्य सर्विस रोडों के साथ कॉलोनियों में सड़कों की हालत खराब है।

नेता और अफसरों द्वारा केवल जल्द ही व्यवस्था में सुधार देने के आश्वासन दिए जाते हैं। जनता का दर्द कोई भी नहीं समझ रहा है। शहर के बाजार, अंडर पास अंधेरा होते ही सुनसान हो जाते हैं, गलियों सुनी हो जाती हैं। भोनावास अंडरपास से कूनेड रोड तक, सुभाष चौक अंडर पास से होली चौक सहित मुख्य मार्गों व बाजारों में लाइटें नहीं लगने से लोगों को अंधेरे में से गुजरना पडता है। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के पास बरसाती पानी सडक पर लबालब भर जाता है। नगरपालिका ईओ हरिनारायण ने बताया कि जल्द ही शहर में लाइटें लगवा दी जाएंगी।

# महिला का शव मिला, एक हाथ-पैर गायब

- 22 दिन पहले घर से निकली थी महिला
- परिजन बोले- क्रेशर विवाद में हत्या कर जंगल में फेंका

**अलवर,** (निसं)। 22 दिन से लापता महिला का शव सरिस्का के जंगल में मिला है। महिला के शरीर से एक हाथ-पैर गायब है। इससे पहले महिला को पुलिस और परिजन गुमशुदा मान रहे थे लेकिन शव मिलने के बाद ग्रामीणों ने एक व्यक्ति पर हत्या का आरोप लगाते हुए शव लेने से मना कर दिया है।

परिजनों का आरोप है कि मुकंदपुरिया में चल रही क्रेशर के रास्ते को लेकर विवाद हुआ था। इस वजह से उसकी हत्या कर दी गई। परिजनों ने गांव के ही कृष्ण मोगर पर संदेह जताया है। दो दिन पहले ही पुलिस को नामजद रिपोर्ट भी दी है।

पुलिस ने परिजनों को बताया कि महिला का शव करीब 3 दिन पुराना है। इसका मतलब उसका अपहरण कर हत्या की गई है। ग्रामीणों का कहना है कि नामजद दोषियों की गिरफ्तारी की जाए, वरना ग्रामीण आंदोलन करेंगे। परिजनों ने शव की पहचान तो कर ली लेकिन, शव लेने से मना कर दिया।

# 'बोर्ड परीक्षाओं के लिए सरकार से मार्गदर्शन लेंगे'

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के प्रशासक पद पर वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी लक्ष्मी नारायण मंत्री ने बुधवार को पदभार संभाल लिया है। मंत्री ने मीडिया से बातचीत में कहा कि वे अधिकारियों के साथ बोर्ड परीक्षा तैयारियों को लेकर समीक्षा करेंगे तदनुसार राज्य सरकार से मार्गदर्शन मांगेंगे। उन्होंने इस संभावना पर कोई प्रतिउत्तर नहीं किया कि बोर्ड परीक्षाएं निर्धारित समय से आगे बढ़ाई जा सकती हैं। अल बत्ता उन्होंने कहा कि रीट के द्वितीय लेवल की परीक्षा रद्द किए जाने बाबत बोर्ड के पास कोई आदेश नहीं है, यह अभी सरकार की घोषणा है।

उल्लेखनीय है कि बोर्ड परीक्षाएं 3 मार्च से शुरू होने वाली हैं। इस बीच बोर्ड अध्यक्ष पद से निवर्तमान अध्यक्ष डॉ डी पी जारोली को रीट परीक्षा घोटाल े में बर्खास्त कर देने तथा बोर्ड सचिव अरविंद सेंगवा को निलिम्बत कर दिये जाने गया था। इन परिस्थितियों में बोर्ड के 20 ल ाख परीक्षार्थियों की दसवीं और बारहवीं की परीक्षा तैयारियों में व्यवधान आ गया। राज्य सरकार ने हाल ही में बोर्ड सचिव पद पर सीनियर आरएएस मेघना चौधरी को नियुक्त किया और बोर्ड में एल एन मंत्री को प्रशासक लगाया है।

बोर्ड के इतिहास में पहली बार पूर्ण कालिक प्रशासक लगाया गया है। देश के कई शिक्षा बोर्ड में पूर्व कालिक आईएएस को ही अध्यक्ष लगाया जाता रहा है। राजस्थान बोर्ड में इससे पहले भी प्रशासक नियुक्त किए गए हैं किन्तु उनके पास अतिरिक्त चार्ज रहा है।

मौजूदा प्रशासक एल एन मंत्री ने कहा कि बोर्ड परीक्षा समय पर कराने को लेकर वे आज ही अधिकारियों से समीक्षा करेंगे। प्रश्न पत्र मुद्रण, सामग्री का परीक्षा केंद्रों तक वितरण आदि सभी बिन्दुओं पर समीक्षा के बाद राज्य सरकार के मार्गदर्शन से आगे की बात की जा सकेगी।


शिक्षा बोर्ड के प्रशासक पद पर प्रशासनिक अधिकारी लक्ष्मी नारायण मंत्री ने बुधवार को पदभार संभाला।

# इनोवा पलटने से एक की मौत

**सुजानगढ़,** (निसं)। छापर के नजदीक इनोवा कार पलटने से एक जने की मौत हो गई, वहीं पांच जने घायल हो गये। प्राप्त जानकारी के अनुसार विनोद पुत्र लक्ष्मणप्रसाद , दिनेश पुत्र लक्ष्मणप्रसाद , अमित पुत्र देवीलाल , मंगतू पुत्र श्योनारायण , दशरथ पुत्र शंभू तथा ओंकार पुत्र श्योनारायण ढोली, निवासीगण बीदासर इनोवा कार में सवार हो कर शादी में शामिल होने खुडी जा रहे थे।

निकटवर्ती कस्बे छापर के ताल में कार के पलटने से ओंकार की मृत्यु हो गई, वहीं विनोद, दिनेश, अमित, मंगतू, दशरथ घायल हो गये। जिन्हे राजकीय बगडिया उप जिला अस्पताल लाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने घायलों का उपचार किया। विनोद व दिनेश की गंभीरावस्था को देखते हुए दोनो को रैफर कर दिया तथा मृतक ओंकार के शव को मोर्चरी में रखवाया गया है।

# कम्प्यूटर इंस्ट्रक्टर में फर्जी डिग्रियों पर सरकार की सख्ती

**बीकानेर,** (कासं)। माध्यमिक शिक्षा निदेशालय के लिए बेसिक कम्प्यूटर अनुदेशक एवं वरिष्ठ कम्प्यूटर अनुदेशक भर्ती के लिए राज्यभर में फर्जी डिग्रियां बांटने पर सरकार ने सख्ती दिखाई है। कर्मचारी चयन आयोग ने साफ किया है कि कहीं से भी कोई फर्जी डिग्री मिली तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। दरअसल राज्य में पीजीडीसी की फर्जी डिग्रियां बांटने का मामला सामने आया है।

गत एक फरवरी को कर्मचारी चयन आयोग ने विज्ञापन जारी कर अभार्थियों से ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। पिछले दिनों जयपुर और अलवर में बड़े स्तर पर फर्जी डिग्री के मामले सामने आए थे। ऐसे में आशंका है कि इस परीक्षा में भी कई युवा फर्जी डिग्री लगाकर बैठ सकते हैं। इस आशय की शिकायतें शिक्षा निदेशालय के साथ कर्मचारी चयन आयोग के सामने भी आई थी। शिकायत की गई कि कुछ गैर मान्यता प्राप्त संस्थाएं इन पदों हेतु फर्जी प्रमाण पत्र, डिग्री, डिप्लोमा जारी कर रही है। बोर्ड द्वारा दस्तावेजों के सत्यापन के समय सूचीबद्ध अभ्यथिर्यों की पात्रता की जांच दोहरी सत्यापन व्यवस्था के अन्तर्गत की जावेगी।

प्रथमत: प्रमाण पत्रों का सत्यापन संबंधित विभाग द्वारा तथा दूसरे स्तर पर बोर्ड द्वारा भी इनका सत्यापन मूल दस्तावेजों से किया जावेगा। यदि किसी अभ्यर्थी का गैर मान्यता प्राप्त संस्थान, विश्वविद्यालय से प्राप्त फर्जी प्रमाण पत्र, डिग्री, डिप्लोमा पाया जाता है तो उस अभ्यर्थी की इस भर्ती के लिए अभ्यर्थिता निरस्त कर बोर्ड की आगामी परीक्षाओं से भी वंचित किया जाएगा। अभ्यर्थी व संस्थान के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जावेगी। बोर्ड द्वारा पूर्व में भी कई भर्तियों में फर्जी डिग्री / डिप्लोमा पाये जाने पर उन अभ्यथिर्यों को अयोग्य कर दिया था।

- फर्जी डिग्री पर एग्जाम में बैठे तो कानूनी कार्रवाई के साथ भविष्य के लिए अयोग्य होंगे केंडिडेट
- पिछले दिनों जयपुर और अलवर में बड़े स्तर पर फर्जी डिग्री के मामले सामने आए थे

## सलमान मामले में नहीं हो पाई सुनवाई

**जोधपुर,** (कासं)। फिल्म अभिनेता सलमान खान की तरफ से बहुचर्चित हिरण शिकार प्रकरण से जुडे मामलों को सेशन कोर्ट से हाईकोर्ट में ट्रांसफर करने की याचिका पर बुधवार को सुनवाई नहीं हो सकी। इस मामले में सरकारी वकील ने जवाब पेश करने के लिए समय मांगा। वहीं सलमान की तरफ से सेशन कोर्ट में सुनवाई पर स्टे को जारी रखने का आग्रह किया।

- सलमान की तरफ से सेशन कोर्ट में सुनवाई पर स्टे को जारी रखने का आग्रह किया

न्यायाधीश मदन गोपाल व्यास ने दोनों पक्ष को सुनने के बाद अगली सुनवाई तिथि 2 मार्च तय कर दी। साथ ही अपीलों की सुनवाई पर स्थगन जारी रखने के आदेश दिए। कांकाणी गांव की सरहद में दो काले हिरण का शिकार करने के मामले में सलमान खान को ट्रायल कोर्ट ने दोषी करार देते हुए पांच वर्ष की सजा सुना रखी है। आर्म्स एक्ट में सलमान को बरी कर दिया गया। पांच साल की सजा को सलमान ने सेशन कोर्ट में व आर्म्स एक्ट में सलमान को बरी किए जाने के खिलाफ राज्य सरकार ने अपील कर रखी है। आरोपियों को रिहा करने के खिलाफ राज्य सरकार ने याचिका दायर कर रखी थी।

# तस्करों की गाडी ने जायरीन के जत्थे को रौंदा, एक की मौत

## चार अन्य घायल जायरीन को जेएलएन पहुंचाया गया

**अजमेर,** (कासं)। महावीर सर्किल पर बुधवार अल सुबह चार बजे तस्करों की स्कॉर्पियों गाड़ी ने दरगाह जियारत के लिए आए जायरीन के जत्थे को रौंद दिया। हादसे में एक जायरीन की मौत हो गई, जबकि चार अन्य जायरीन घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लि ए जवाहर लाल नेहरू अस्पताल पहुंचा गया। हादसे के चलते गुस्साए ल ोगों ने स्कॉर्पियों गाड़ी में भी जमकर तोड़फोड़ की। जिसके चलते वाहन चालक भी घायल हो गया। स्कार्पियों में लाखों रुपए का मदाक पदार्थ भरा हुआ मिला। सूचना पर पहुंची पुलि स ने वाहन को जब्त कर जांच पड़ताल शुरू कर दी। वहीं प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग द्वारा दुर्घटना में मृतक जायरीन के परिजन को आर्थिक सहायता देने की मांग है। एसपी विकास शर्मा भी मौके पर पहुंचे और हाल ात का जायजा लि या।

प्रत्यक्षदशिर्यों ने बताया कि दरगाह जियारत के लिए सैकड़ों की संख्या में जायरीन शामिल हुए, जिसके चल ते शहर के दरगाह बाजार, देहल ी गेट, धानमंडी, फव्वारा सर्किल पर भीड़ रही। बुधवार सुबह करीब चार बजे महावीर सर्किल पर एक स्कॉर्पियों गाड़ी ने तेज गति से आई और जायरीन के जत्थे को टक्कर मारते हुए आगे बढ़ गई। हादसे में एक जायरीन वर्द्धमान नगर नागपुर निवासी ऐतेशाम अल ी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 4 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घयाल ों में इरफान खान उतरेड रोड नागपुर, दीपक मोजककर चन्द्रा नगर नागपुर, मोहम्मद इसान बड़ा ताज बाग नागपुर व विक्की पारिक वर्द्धमान नगर नागपुर हैं। सूचना मिल ने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले को शांत करवाया और शव को कब्जे में लेकर जेएल एन अस्पताल के मुर्दाघर में रखवा दिया। जिला पुलिस अधीक्षक विकास शर्मा भी मौके पर पहुंचे और हाल ात का जायजा लिया।


दुर्घटना के बाद मौके पर भीड़ प्रदर्शन करने लगी।

## राजसमंद जिले में बैंककर्मी सहित 26 बच्चे कोरोना संक्रमित मिले

**राजसमंद,** (निसं)। राजसमंद में कोरोना संक्रमण की तीसरी लहर में संक्रमितों की संख्या कभी कम होती तो कभी बढ़ ती जा रही। बुधवार को प्राप्त सेम्पल जांच की ताजा रिपोर्ट में 118 नये मरीज मिले है। लगातार बढ ती मरीजों की संख्या में 18 से कम उम्र कई बच्चे भी संक्रमण की चपेट में आ रहे है जिन्हें अभी तक वैक्सीन भी नहीं लगी है। 118 नये संक्रमितों में 18 वर्ष से कम आयु के 26 बच्चों के साथ ही एसपी कार्यालय का एक जवान, एक बैंक कर्मी पोजिटिव पाया गया है।

सीएमएचओ डॉ. प्रकाशचन्द्र शर्मा के अनुसार बुधवार को जिले भर से कुल 699 लोगों के सेम्पल लिए गए जिसमें से 146 लोगों की आरएटी जांच की गई। 553 लोगों के सेम्पल आरपीटीसीआर जांच के लिए भेजे गए है। वहीं पूर्व में भेजे गए सेम्पल की प्राप्त रिपोर्ट में 118 नये संक्रमित मिले। इसमें आमेट ब्लॉक में 1 मरीज, भीम ब्लॉक में 15 मरीज, देवगढ़ ब्लॉक में 17 मरीज, केलवाडा ब्लॉक में 15 मरीज, खमनोर ब्लॉक में 18 मरीज, रेलमगरा ब्लॉक में 14 मरीज, राजसमंद ग्रामीण ब्लॉक में 2० मरीज, नाथद्वारा शहरी क्षेत्र में 3 मरीज और राजसमंद शहरी क्षेत्र में 15 पोजिटिव मरीज मिले है।

# जब पूरा विपक्ष रीट पेपर लीक की सीबीआई जांच को लेकर एकजुट था, तब वसुंधरा-गहलोत हंसी-मजाक में मशगूल थे

## हालांकि बीजेपी विधायकों के साथ में एकबारगी तो वसुंधरा को विरोध करने सदन में खड़ा होना पड़ा, लेकिन बाद में उन्होंने सीएम के साथ हंसी-मजाक करके रीट मामले से ध्यान भटकाने की कोशिश की

**जयपुर** (कासं)। विधानसभा में बुधवार को जब पूरा विपक्ष रीट पेपर लीक की सीबीआई जांच की मांग पर एकजुट था, तब पूरे प्रदेश की जनता वसुंधरा राजे और अशोक गहलोत को हंसी-मजाक करते हुए देख रही थी। सियासी गलियारों में चर्चा है कि जब-जब भाजपा, गहलोत सरकार के खिलाफ आक्रामक होती है तो वसुंधरा राजे को यह रास नहीं आता, ऐसा ही उन्होंने विधानसभा सत्र के पहले दिन भी किया।

चर्चा है कि सदन में नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया और प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनियां के नेतृत्व में सभी बीजेपी विधायक हाथ में काली पट्टी बांधकर और तख्तियां लिये सरकार के विरोध में खड़े हुए, तब एकबारगी तो वसुंधरा राजे को भी उनके साथ खड़ा होना पड़ा, लेकिन बाद में उन्होंने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के साथ हंसी-मजाक कर रीट मामले से ध्यान भटकाने की असफल कोशिश की, जबकि दूसरी तरफ पूरा विपक्ष सीबीआई जांच की मांग को लेकर कांग्रेस सरकार के खिलाफ पूरी मजबूती से लडाई लड़ने को तैयार खड़ा था। वसुंधरा राजे और अशोक गहलोत की हंसी-मजाक का नजारा विधानसभा के यू-ट्यूब प्रसारण पर पूरे प्रदेश की जनता ने भी देखा।

सूत्रों के मुताबिक 8 फरवरी को नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया की अध्यक्षता में जब भाजपा विधायक दल की बैठक हुई थी, तब वहां भाजपा के सभी विधायक रीट पेपर लीक की सीबीआई जांच, प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया पर हुये हमले, किसान कर्जमाफी और महिला सुरक्षा के मुद्दों पर कांग्रेस सरकार को घेरने को एकजुट दिखे। इसके बावजूद यहां पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे और उनके समर्थक विधायक प्रताप सिंह सिंघवी, कालीचरण सराफ और अशोक लाहोटी का आचरण यह सिद्ध करता है कि वह चाहते हैं कि भाजपा भी कांग्रेस की तरह विभाजित दिखे, लेकिन गुलाबचंद कटारिया, राजेन्द्र राठौड़ और सतीश पूनियां के रणनीतिक कौशल व इनके साथ 65 से अधिक विधायकों के साथ होने से वसुंधरा राजे भाजपा को सड़क से लेकर विधानसभा तक विभाजित करने में विफल साबित हो रही हैं।

> ■ **विधायक दल की बैठक में प्रताप सिंह सिंघवी के बयान ''बारां में सांसद कार्यालय पर पत्थरबाजी नहीं होती तो प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनियां पर जानलेवा हमला नहीं होता'' से वसुंधरा राजे के खिलाफ भाजपा कार्यकर्ताओं ओबीसी और जाट समुदाय में बढ़ सकता है आक्रोश**

राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा है कि, महात्मा गांधी सर्किल पर भाजपा विधायकों के धरने में भी राजे को मजबूरी में आना पड़ा था, क्योंकि सभी विधायक विधानसभा से सीधे धरने में पहुंच चुके थे, इनको अब यह लगता था कि गुलाबचंद कटारिया के नेतृत्व में किए जा रहे धरने पर विधायक नहीं आएंगे, लेकिन बावजूद वहां लगभग सभी विधायक पहुंचे, जो कि विधायक दल की बैठक में पहुंचे थे, तब लगभग 1 घंटे बाद मुंह छुपाने के लिए वसुंधरा राजे और इन तीन विधायकों को मजबूरी में शायद वहां आना पड़ा।

सियासी गलियारों में यह चर्चा है कि, सब जानते हैं कि वसुंधरा राजे की कांग्रेस सरकार के खिलाफ क्या भूमिका है, अलबत्ता तो विपक्ष के नाते सरकार और अशोक गहलोत के विरुद्ध धरातल पर कहीं भी नजर नहीं आती, ट्विटर पर भी कभी-कभी अपनी सहूलियत के कारण मजबूरी में आती हैं।

गौरतलब है कि विधायक दल की बैठक में 8 फरवरी को वसुंधरा राजे के समर्थक विधायक प्रताप सिंह सिंघवी का यह बयान पार्टी के लिए कितना खतरनाक है कि ''बारां में सांसद कार्यालय पर पत्थरबाजी नहीं होती तो आप पर भी (सतीश पूनिया) जानलेवा हमला नहीं होता।'' सिंघवी के इस बयान से यह स्पष्ट हो रहा है कि, हमले के षडयंत्र में कांग्रेस का समर्थन करने में वसुंधरा राजे की सियासी चाल भी हो सकती है। सिंघवी के इस बयान का असर यह हो सकता है कि सतीश पूनिया पर हुये हमले को लेकर कांग्रेस सरकार के प्रति चल रही भाजपा कार्यकर्ताओं की भारी नाराजगी वसुंधरा राजे के खिलाफ भी तेजी से बढ़ सकती है और इससे भी आगे बढ़कर प्रदेश के ओबीसी और जाट समुदाय में वसुंधरा राजे के प्रति पूरे राजस्थान में आक्रोश बढ़ सकता है और इस मामले पर केंद्रीय आलाकमान भी पूरी तथ्यात्मक रिपोर्ट मंगा सकता है।

इसके बाद बुधवार को विधायक दल की बैठक में दूसरे दिन भी काफी देर बाद वसुंधरा राजे का पहुंचना और रीट इत्यादि मुद्दों पर तख्तियां और काली पट्टी की व्यवस्था का मजाक उडाना और अपने तीन-चार समर्थक विधायकों के कानों में यह कहना कि यह विरोध का तरीका आप अपनाओ, क्योंकि आप भीड़ का हिस्सा हो, लेकिन मुझे यह सब नहीं करना।

सियासी गलियारों में चर्चा है कि पिछले दिनों अंता नगर पालिका में भी सांसद दुष्यंत सिंह की संदिग्ध भूमिका के कारण भाजपा का चेयरमैन बनने से वंचित रह गया था। इसी प्रकार बारां जिला प्रमुख चुनाव में भी भाजपा के पास बहुमत होने के बावजूद भी कांग्रेस का जिला प्रमुख बनना भी इसी गठजोड़ की तरफ मजबूती से इशारा कर रहा है, जिसको लेकर प्रदेश नेतृत्व आगामी दिनों में कोई निर्णय भी कर सकता है।

सियासी चर्चा है कि, जिस तरीके से राज्य की राजनीति में गहलोत आर वसुंधरा का गठजोड़ प्रमाणित है, वहीं कोटा संभाग में कांग्रेस सरकार में मंत्री प्रमोद भाया और दुष्यंत सिंह का गठजोड़ भी छुपा नहीं है।

पार्टी गलियारों में चर्चा है कि, अपनी सांसद सीट को बचाने के लिए दुष्यंत सिंह और विधानसभा सीट बचाने के लिए प्रमोद भाया के बीच खुली सांठगांठ की भी चर्चाएं हैं, लेकिन यह शर्मनाक और दुर्भाग्यपूर्ण है कि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पर जानलेवा हमले की तुलना राजे द्वारा अपने बेटे की इमारत पर पड़े पत्थर से करना, पूरी पार्टी से अलग दिखना, घटना की मौखिक, लिखित, मीडिया या सोशल मीडिया पर निंदा न करना कई सवाल खड़े करता है।

कार्यकर्ताओं का कहना है कि पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के नाते किसी भी बैठक में, प्रदेश के कार्यक्रम में और प्रदेश के बाहर चुनाव में राजे की भूमिका क्या है, चाहे पश्चिम बंगाल हो या उत्तर प्रदेश। पार्टी के केन्द्रीय नेतृत्व ने राजे को ना तो कहीं काम दिया और ना ही इस लायक समझा, ऐसा क्यों? बाहर से आने वाले पदाधिकारी सक्रिय हैं तो यह क्यों नहीं? यह सवाल प्रमुख रूप से चर्चाओं में है। करोना महामारी के समय पूरे राजस्थान में भाजपा के नेता और कार्यकर्ता धरातल पर सेवा और संघर्ष कर रहे थे तो वसुंधरा राजे कहां थी? पार्टी के प्रदेश नेतृत्व की कार्यशैली की केन्द्रीय नेतृत्व ने सराहना की, लेकिन वसुंधरा राजे और अशोक गहलोत अपनी ही पार्टी के भीतर विभाजित करते हैं और शायद भविष्य की रणनीति भी यही है कि पार्टी के असंतुष्ट विधायकों और निर्दलीयों पर दांव खेला जाए और पार्टी पर दबाव डाला जाए। इन सब सियासी गलियारों की चर्चाओं का भविष्य में असर दिख सकता है।

# 'कॉन्स्टीट्यूशन क्लब के निर्माण से संवैधानिक मूल्य मजबूत होंगे'



**विधानसभा के नजदीक 4950 वर्गमीटर पर बनने वाले संविधान क्लब का शिलान्यास बुधवार को मुख्यमंत्री ने किया। उनके साथ विधानसभा अध्यक्ष सी.पी.जोशी, नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया, यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल और मुख्य सचिव ऊषा शर्मा व आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा भी मौजूद थे।**

**जयपुर**। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बुधवार को विधानसभा के नजदीक विधायकों के लिए बनाये जा रहे कॉन्टीट्यूशन क्लब ऑफ राजस्थान का शिलान्यास और भूमि पूजन किया। उनके साथ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सी.पी.जोशी, यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल और नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया भी थे।

मुख्यमंत्री गहलोत ने कहा कि नई दिल्ली के संविधान क्लब से भी ज्यादा सुविधाओं वाला क्लब जयपुर में बनेगा। कई फैसले ऐसे होते हैं, जो इतिहास में दर्ज होते हैं। जयपुर में इस कॉन्स्टीट्यूशन क्लब के निर्माण से राजस्थान का नाम इतिहास में दर्ज होगा। विभिन्न राजनीतिक दलों के विधायक इस क्लब में बैठकर सार्थक चर्चा करेंगे। इससे लोकतंत्र और संवैधानिक मूल्यों को मजबूती मिलेगी। इस क्लब में अब 20 की जगह 50 कमरे बनेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विधायकों के आवास की समस्या काफी पुरानी थी। विधायक नगर पूर्व एवं पश्चिम तथा जालूपुरा में बने विधायक आवास काफी पुराने और जर्जर हो चुके थे। अब तक इसमें शानदार कार्य हुआ है। पांच माह में विधायक आवासों का 6 मंजिल का ढांचा तैयार होना काफी बड़ी बात है। आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा वाकई मेहनती अफसर है।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीपी जोशी ने कॉन्स्टीट्यूशन क्लब के विचार को मूर्त रूप देने एवं वित्तीय प्रावधान करने के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि यहां विधायक एक-दूसरे से वैचारिक चर्चाएं कर पाएंगे एवं उनके आपसी संबंध प्रगाढ़ होंगे।

मंत्री शांति धारीवाल ने कहा कि एक वक्त था, जब बीजेपी सरकार हाऊसिंग बोर्ड को बंद करने वाली थी, अब यही कीर्तिमान रच रहा है। आज मानसरोवर में पार्क, प्रताप नगर में ऑल इंडिया सर्विस के अधिकारियों के लिए आवास योजना, कोचिंग हब, चौपाटी निर्माण के काम हमने किये है। 3700 करोड़ से ज्यादा का राजस्व पुराने आवास बेचकर कमाया है।

नेता प्रतिपक्ष गुलाबचन्द कटारिया ने बहुप्रतीक्षित विधायक आवास परियोजना को मूर्त रूप देने एवं विधायकों को शिफ्ट करने के चुनौतीपूर्ण कार्य को अमलीजामा पहनाने के लिए विधानसभा अध्यक्ष, मुख्यमंत्री और नगरीय विकास मंत्री को साधुवाद दिया। उन्होंने कहा कि राजस्थान देश का पहला राज्य है, जिसने कॉन्स्टीट्यूशन क्लब निर्माण की पहल की है।

आवासन मण्डल आयुक्त पवन अरोड़ा ने कहा कि कॉन्स्टीट्यूशन क्लब का निर्माण दिल्ली स्थित कॉन्स्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया से बेहतर होगा एवं यहां सुविधाएं भी उससे अधिक होंगी। विधानसभा के पास करीब 4 हजार 948 वर्गमीटर के भू-खण्ड पर करीब 80 करोड़ रूपए की लागत से क्लब का निर्माण किया जा रहा है। इसमें रेस्टोरेंट, कॉफी हाउस, स्विमिंग पूल, ऑडिटोरियम, मीटिंग, कॉन्फ्रेंस हॉल, जिम, सैलून, बैडमिंटन एवं टेनिस कोर्ट, टेबल टेनिस सहित अतिथियों के ठहरने हेतु कमरों की सुविधा उपलब्ध होगी। यह क्लब एसटीपी, वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, सोलर पैनल, पावर बैकअप सिस्टम, सीसीटीवी आदि अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त होगा।

# सायशा स्कोडा शोरूम पर सेडान कार स्लाविया लांच



**जयपुर** (कासं)। कार निर्माता कंपनी स्कोडा के जयपुर स्थित शोरूम सायशा स्कोडा की नई प्रीमियम मिड साइज सेडान स्लाविया का अनावरण किया गया। साई गिरिधर डीलर प्रिंसिपल सायशा स्कोडा जयपुर ने बताया कि जयपुर, अलवर और सीकर के ग्राहकों के बीच स्कोडा स्लाविया के अनावरण को लेकर काफी उत्सुकता थी। गाड़ी के अनावरण से पहले ही इस कार की बुकिंग शुरू हो गई थी, जो राजस्थान और पूरे भारत में स्कोडा ब्रांड के प्रति गहरे विश्वास और भरोसे का परिणाम है।

जुलाई 2021 में पेश की गई कुशाक एसयूवी के बाद स्लाविया स्कोडा ऑटो इंडिया का दूसरा मेड फॉर इंडिया वाहन है। यह एक लीटर 3 सिलेंडर टर्बो पेट्रोल इंजन के साथ आती है। 1752 मि.मी. पर स्कोडा स्लाविया अपने प्रीमियम मध्यम आकार के सेडान सेगमेंट की सबसे चौड़ी कार है, इसके केबिन में पांच लोग आराम से बैठ सकते है। स्लाविया में 521 लीटर क्षमता का सबसे बड़ा बूट स्पेस, दोहरे एसी वेंट और यूएसबी पोर्ट की सुविधा है। कार में सभी इंफोटेनमेंट और नेविगेशन जरूरतों के लिए डैश में 25.4 से.मी. (10 इंच) की टच स्क्रीन, छह एयरबैग, एंटी लॉक ब्रेक, इलेक्टॉनिक स्थिरता नियंत्रण जैसे फीचर्स मिलेंगे। स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड निदेशक जैक हॉलिस ने बताया कि 2.0 प्रोजेक्ट के तहत स्कोडा स्लाविया दूसरा महत्वपूर्ण उत्पाद है। यह सेडान कार बाजार में हमारी स्थिति मजबूत करेगी और प्रीमियम मिड साइज सेडान सेगमेंट को सक्रिय और पुनर्जीवित करेगी। सुरक्षा को देखते हुए टायरों में स्वचालित हैडलाइट्स, रेन सेंसिंग वाइपर और एयर प्रेशर सैंसर जैसे फीचर्स डाले है। ग्राहक इस नयी कार की टेस्ट ड्राइव के लिए जयपुर के वैशाली नगर और जवाहर नगर में सैशा स्कोडज्ञ शोरूम तथा अलवर और सीकर के शोरूमों पर जा सकते है।

# आईसीआईसीआई बैंक ने 'इंस्टाबिज' को बनाया इंटरऑपरेबल

**जयपुर** (कासं)। आईसीआईसीआई बैंक ने घोषणा की है कि 'इंस्टाबिज' को अब इंटरऑपरेबल बना दिया है। इससे बिजनेस बैंकिंग मोबाइल एप का लाभ अन्य बैंकों के ग्राहकों समेत सभी व्यापारियों को उपलब्ध हो सकेगा।

आईसीआईसीआई बैंक के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर अनूप बागची ने बताया कि अपनी तरह की इस अनूठी पहल के माध्यम से व्यापारी-किराने की दुकानों के मालिक, सुपरमार्केट, रेस्तरां, स्टेशनरी स्टो रऔर फार्मेसियों के मालिक, डॉक्टरों और वकीलों जैसे पेशेवर तुरंत यूपीआई आईडी और क्यूआर कोड जैसे डिजिटल कलेक्शन सॉल्यूशंस बना सकेंगे। इसकी सहायता से वे तुरंत ही अपने ग्राहकों से पैसा प्राप्त कर सकेंगे। वे प्वाइंट ऑफ सेल (पीओएस) डिवाइस के लिए डिजिटल रूप से भी आवेदन भी कर सकते हैं। इसके अलावा, वे मात्र 30 मिनट में अपनी दुकानों को एक ऑनलाइन स्टोर में बदल सकेंगे, और एक वॉयस मैसेजिंग डिवाइस के लिए आवेदन कर सकते हैं, जो कि भुगतान प्राप्ति की पुष्टि करता है। गूगल प्लेस्टोर या एपल ऐप स्टोर से इंस्टाबिल ऐप डाउनलोड कर बैंक खाते को इसमें लिंक कर सकेंगे। इसमें पूरी तरह से ऑनलाइन और तत्काल केवाईसी प्रक्रिया की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। व्यापारियों को किसी भी शाखा में जाने की जरूरत नहीं है और न ही कोई दस्तावेज अपलोड करने की।

# पेलिएटिव केयर पर राजस्थान की पहली इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस शुक्रवार को होगी

## 15 देशों से 530 पेलिएटिव केयर एक्सपर्ट्स जयपुर में जुटेंगे





**भगवान महावीर कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के पेलिएटिव केयर विभागाध्यक्ष डॉ. अंजुम खान जोड़ बुधवार को पत्रकारों से रूबरू हुए।**

**जयपुर**। भगवान महावीर कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर और इंडियन एसोसिएशन ऑफ पेलिएटिव केयर की ओर से शुक्रवार को 29वीं इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑफ इंडियन एसोसिएशन ऑफ पेलियेटिव केयर की शुरुआत होगी। राज्य में पेलिएटिव केयर विषय पर पहली बार आयोजित होने वाली इस इंटरेशनल कॉन्फ्रेंस में भारत, यूके, ऑस्ट्रेलिया, स्विट्जरलैंड सहित 15 देशों से 530 से अधिक पेलिएटिव केयर एक्सपर्ट शामिल हों। कॉन्फ्रेंस में कैंसर समेत विभिन्न गंभीर बीमारियों में पेलिएटिव केयर से जुड़े विभिन्न आयामों पर चर्चा की जाएगी।

भगवान महावीर कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के पेलिएटिव केयर विभागाध्यक्ष एवं कॉन्फ्रेंस आयोजक डॉ. अंजुम खान जोड़ ने बताया कि कॉन्फ्रेंस का आयोजन हाईब्रिड मोड में होगा। जिसके तहत गुरूवार को चिकित्सालय परिसर में 9 वर्कशॉप आयोजित की जाएगी। इसमें 6 ऑनलाइन वर्कशॉप शामिल है। मुख्य कॉन्फ्रेंस का उदघाटन समारोह आरएएस क्लब में आयोजित होगी। कॉन्फ्रेंस के सभी सेशन ऑन लाइन आयोजित होंगे। इसमें 34 सेशन 40 से अधिक इंटरनेशनल स्पीकर शामिल है। जिसमें डब्ल्यूएचओ की मुख्य वैज्ञानिक सौम्या स्वामीनाथन सहित इंटरनेशनल स्पीकर में अमेरिका से डॉ एडुआर्डो ब्रुएरा, डॉ फ्रेंक डी फेरिस, सिंगापुर से डॉ सिंथिया गोह, डॉ चोंग पोह हेंग भी शामिल होंगे।

उन्होंने बताया कि कैंसर, एड्स, ऑर्गन फेल्यर जैसी गंभीर बीमारियों में रोगी के दर्द और तकलिफ को कम करने के लिए दी जाने वाली पेलिएटिव केयर देश में लगातार बढती जा रही है। देश में करीब 60 लाख रोगियों को पेलिएटिव केयर की जरूरत पड़ती है, लेकिन पेलिएटिव केयर की सुविधा की कमी के चलते महज चार फीसदी लोग ही इस सुविधा का लाभ उठा पा रहे है। डॉ. अंजुम का कहना है कि पेलिएटिव केयर प्रदान करना महंगा या खर्चीला नहीं है, प्रशिक्षण के जरिए घर पर भी पेलिएटिव केयर चिकित्सा दी जा सकती है। हर जरूरतमंद को पेलिएटिव केयर मिले इसके लिए जरूरी है कि एनजीओ, समाज सेवी संगठन और आमजन भी इसके लिए आगे आए।

बीएमसीएचआरसी के अधिशासी निदेशक मेजर जनरल एस.सी. पारीक ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की ओर से राजस्थान प्रदेश के विभिन्न जिलों के डॉक्टर्स और नर्सिंग स्टॉफ को पेलिएटिव केयर सपोर्ट प्रोग्राम की ट्रेनिंग दी जा चुकी है। अस्पताल के पेलिएटिव केयर विभाग की ओर से राज्य के सभी जिलों के 400 से अधिक डॉक्टर्स और नर्सिंग स्टॉफ को पेलिएटिव केयर का प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

## सार-समाचार

### सोना लूट की साजिश रचने वाले दबोचे

**जयपुर** (कासं)। झोटवाड़ा इलाके में एक युवक से सोना लूट की सूचना पर पुलिस की परेड हो गई। बाद में मामला आपसी झगड़े का निकला। पुलिस ने झूठी सूचना देने के मामले में पिता-पुत्र सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी घनश्याम सिंह ने बताया कि हितेश सोनी ने सत्य नगर में स्कूटी सवार दो बदमाशों द्वारा सोना लूट की सूचना पुलिस को दी। इस पर पुलिस ने घटनास्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले एवं मुखबिर तंत्र को अलर्ट किया। पुलिस ने पीड़ित से बारीकी से पूछताछ की तो वह सकपका गया और उसका झूठ पकड़ा गया। उसने बताया कि भाई कार्तिक का दीपांशु और हरिओम से झगड़ा चल रहा है। बुधवार को भी उनके बीच झगड़ा हुआ था। पिता ने दोनों को फंसाने के लिए कंट्रोल रूम पर झूठी सूचना दिलवाई। इस पर पुलिस ने हितेश सोनी (18) इसके पिता सुरेन्द्र कुमार (46) निवासी सत्य नगर, झोटवाड़ा और हरिओम कुमार (19) निवासी चांद बिहारी नगर, वैशाली नगर को गिरफ्तार किया है।

### राहगीरों से मोबाइल लूटने वाला फकड़ा

**जयपुर**। मोती डूंगरी थाना पुलिस ने राहगीरों से मोबाइल लूटने वाले एक बदमाश को गिरफ्तार उसके कब्जे से चोरी के 9 मोबाइल बरामद किए हैं। थानाधिकारी सुरेंद्र पंचोली ने बताया गिरफ्तार आरोपित दिनेश खटीक उर्फ डीके (28) कीरों की ढाणी, अजयपुरा, मुहाना का रहने वाला है। आरोपित रात के समय राहगीरों के मोबाइल लूटकर फरार हो जाता है। उसके गिरोह के बारे में पूछताछ की जा रही है। कार्रवाई में हैडकांस्टेबल रामनिवास, अविनाश, कांस्टेबल कुमेर की भूमिका अहम् रही।

### ''नायाब हुनर हाट'' 28 फरवरी से

**जयपुर**, (कासं)। राजस्थान अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास सहकारी निगम लिमिटेड और उद्योग व वाणिज्य विभाग, उद्यम प्रोत्साहन संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में शिल्पकारों, बुनकरों एवं लघु उपक्रमियों के लिये 28 फरवरी से 14 मार्च तक अरबन हाट, (जलमहल के सामने) आमेर रोड़, जयपुर में नायाब हुनर हाट प्रदर्शनी के आयोजन के संबंध में महेन्द्र कुमार पारख, आयुक्त उद्योग एवं वाणिज्य, अध्यक्ष उद्यम प्रोत्साहन संस्थान की अध्यक्षता में निगम एवं विभिन्न संस्थानों के अधिकारियों के साथ संयुक्त बैठक ली। प्रदर्शनी स्थल पर लाख की चूड़ी, आर्टीफिशियल ज्वैलरी, ब्लू पॉटरी, कुंदन मीनाकारी, पेंटिंग मार्बल व मैटल हैण्डीक्राफ्टस की 70 स्टाल्स लगेंगी।

### मुंह में सोना छिपाकर लाया यात्री

**जयपुर** (कासं)। एयरपोर्ट पर बुधवार को कस्टम विभाग ने एक यात्री से सोना जब्त किया है। असिस्टेंट कमिश्नर भारत भूषण अटल ने बताया कि 55 साल का व्यक्ति दिल्ली का रहने वाला है और दुबई में हैल्पर की नौकरी करता है। एयरपोर्ट पर जब वह मेटल डिटेक्टर डोर से निकला तो सायरन बज गया। शक होने पर उसकी हैंड मैटल डिटेक्टर से जांच की तो भी सोने का पता नहीं चला। उसे दोबारा मेटल डिटेक्टर डोर से निकाला तो फिर सायरन बजा। व्यक्ति को बोलने में असहजता महसूस हो रही थी। शक होने पर उसके मुंह की जांच की तो जीभ के नीचे सोने की दो गोलियां मिली। टीम ने 5.79 लाख रुपए कीमत का सोना जब्त किया है।

### 22 एडिशनल एसपी के तबादले

**जयपुर**। राज्य सरकार ने आदेश जारी कर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्तर के 22 अधिकारियों के तबादले किए है। 5 अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकों के 30 जनवरी को किए स्थानान्तरण निरस्त किए गए है। इसके अलावा जयपुर रेंज आईजी संजय कुमार श्रोत्रिय ने आदेश जारी कर डिकॉय ऑपरेशन के दौरान महिला अत्याचार से संबंधित एफआईआर दर्ज नहीं करने पर चंदवाजी थानाधिकारी जितेन्द्र सिंह गंगवानी और सहायक उपनिरीक्षक दयाल सिंह का तबादला जयपुर पुलिस लाइन में कर दिया गया है।

### प्रो. जगदीश प्रसाद को अतिरिक्त प्रभार

**जयपुर**। राज्यपाल कलराज मिश्र ने आदेश जारी कर हरिदेव जोशी पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय, जयपुर के कुलपति ओम थानवी के स्थान पर राज ऋषि भर्तृहरी मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर के कुलपति प्रो. जगदीश प्रसाद यादव को अग्रिम आदेशों तक आई.एल.डी. कौशल विश्वविद्यालय, जयपुर के कुलपति का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है।

# गर्दन कटने के बाद भी मदद मांगने के लिए दौड़ा युवक, दर्दनाक मौत

**जयपुर**। वैशाली नगर गांधी पथ स्थित विवेक विहार में बुधवार सुबह करीब साढ़े दस बजे घर के अंदर चाकू से गर्दन कटने के बाद युवक मदद के लिए सड़क पर दौड़ने लगा। इस दौरान उसकी तड़पते हुए मौत हो गई।

पुलिस के अनुसार घटना वैशाली नगर गांधी पथ स्थित विवेक विहार की है। जहां 40 वर्षीय राजू मंडल उर्फ फेंकन का घर में चाकू से गर्दन कट गई। इसके बाद वह खून में लथपथ होकर मदद के लिए घर से बाहर आकर दौड़ने लगा। इस दौरान वह सामने वाले घर में घुस गया। बाद में मकान से वापस बाहर सड़क पर आकर दौड़ने लगा और मदद मांगता रहा। कुछ देर बाद सड़क पर गिर गया। इससे स्थानीय लोग दहशत में आ गए। मदद मांगता रहा। कुछ देर बाद सड़क पर गिर गया। इससे स्थानीय लोग दहशत में आ गए। लोगों ने करणी विहार थाना पुलिस और एम्बुलेंस को सूचना देकर बुलाया। लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। बताया जा रहा है कि घटना के समय मकान में राजू के साथ पड़ोस के कमरे में रहने वाला किराएदार नंदू मौजूद था। पुलिस पड़ोसी किराएदार से भी पूछताछ कर रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद पता चलेगा कि युवक ने खुद गर्दन काटी या फिर अन्य किसी ने काटी। प्राथमिक जांच में मामला आत्महत्या का मामला होना प्रतीत हो रहा है। कोविड जांच रिपोर्ट आने के बाद गुरुवार को पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। पुलिस के अनुसार राजू सात दिन से बीमार चल रहा था। दो दिन पहले आत्महत्या करने की बात कर रहा था। वह सात दिन पहले खांसी के साथ मुंह से खून आने पर काफी परेशान था। निजी हॉस्पिटल में दिखाकर भी आया था। लेकिन तनाव में चल रहा था। बुधवार सुबह वह काम पर चली गई और पीछे से घटना हो गई। विवेक विहार में राजू मंडल पत्नी मंजू और बेटी नीतू (14), बेटे शिवम (12) के साथ रहकर एक टाइल कंपनी में काम करता था। मंजू भी स्थानीय कुछ घरों में घरेलू काम के लिए जाती थी।

# बारां जिला प्रमुख चुनाव क्रॉस वोटिंग की जांच रिपोर्ट प्रदेश प्रभारी को जल्द सौंपेंगे : पूनिया

**जयपुर**। बारां जिला प्रमुख चुनाव में क्रॉस वोटिंग के चलते हुई भाजपा की हार के बाद स्थानीय भाजपा सांसद दुष्यंत सिंह के कार्यालय पर हुए पथराव की घटना ने सियासी तूल पकड़ लिया है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने बुधवार को विधानसभा के बाहर मीडिया को बयान दिया कि ''क्रॉस वोटिंग किसने की और किसके इशारे पर हुई और इसकी प्रतिक्रिया में जो कुछ हुआ उसमें दोनों ही पक्ष गलत हैं। इसकी जांच तथ्यात्मक रूप से प्रदेश प्रभारी अरूण के समक्ष पेश होनी है। यह पूरा प्रकरण उनके संज्ञान में हैं। इस मामले की पूरी तथ्यात्मक जांच जब भी प्रदेश प्रभारी कहेंगे, उनके सामने प्रस्तुत कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि क्योंकि यह महत्वपूर्ण लोगों से जुड़ा मसला है, इसलिए पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के संज्ञान में भी लाना पडेगा। पूनियां ने कहा कि सामान्य तौर पर ऐसे मामलों को लंबित ही करते हैं, लेकिन आवश्यकता पड़ी और पार्टी आदेश देगी तो इसे आगे प्रॉसेस करेंगे। इसके साथ ही चुनाव प्रभारी वासुदेव देवनानी ने कहा कि मैंने अपनी जांच रिपोर्ट प्रदेश नेतृत्व को सौंप दी है। हालांकि, पार्टी के स्तर पर इस घटनाक्रम की जिला स्तर और प्रदेश स्तर पर जांच करवाई गई थी, बकायदा प्रदेश स्तर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष नारायण सिंह देवल और प्रदेश महामंत्री भजनलाल शर्मा को इसकी जिम्मेदारी दी गई थी, लेकिन जांच की रिपोर्ट प्रदेश नेतृत्व को मिलने के बाद भी अब तक खुलासा नहीं किया।

# गौरव की मौत के जिम्मेदारों पर कार्रवाई होगी : महापौर

## दोषी ठेका फर्म आर.सी.एंटरप्राइजेज को ब्लैक लिस्ट करने के निर्देश दिये



**जयपुर** (कासं)। मानसरोवर के सेक्टर-42 के पार्क में बच्चे गौरव केसवानी की मौत का इंसाफ मांगने बुधवार को उसकी मां अनिता केसवानी ग्रेटर महापौर सौम्या गुर्जर के पास पहुंची और अपना दुखड़ा सुनाया। महापौर ने उन्हें आश्वस्त किया कि इस मामले में लापरवाही बरतने वालों पर कार्रवाई की जाएगी, फिर चाहे कोई अधिकारी हो या ठेका फर्म आर.सी.एंटरप्राइजज। महापौर ने मृतक की मां अनीता को गले लगा कर सांत्वना दी। उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दिया। साथ ही निगम अधिकारियों को कहकर अनिता को संविदा पर नियुक्ति देने और फर्म को ब्लैक लिस्ट करने की कार्रवाई करने के लिए कहा। उनके साथ मानसरोवर जन अधिकार समिति के महामंत्री जयप्रकाश बूलचंदानी और अन्य प्रतिनिधि भी थे। उन्होंने निगम में हो रही अनियमितताओं की जानकारी दी। साथ ही समिति की तरफ से कॉलोनियों के गेटों पर लगे अवैध होर्डिंग्स फर्मों पर कार्रवाई नहीं होने के बारे में बताया। इसके साथ ही पार्क के रखरखाव, सेक्टर-12 अपना बाजार के पीछे के सार्वजनिक शौचालय के रिपेयरिंग, वार्ड 69 70 के बहुमंजिला आवासों के पीछे की गलियों जिनके अंदर रिपेयरिग का काम छूट गया था, साफ सफाई , सीवर की समस्या आदि कई मुद्दों के संबंध में ज्ञापन दिए गए। महापौर ने सभी मुद्दों पर तुरंत कार्रवाई करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिया। महापौर सौम्या गुर्जर ने वादा किया कि वे स्वयं सांगानेर बाजार का दौरा करेंगी। सभी समस्याओं को व्यापारियों के बीच में सुनवाई करेगी।

# स्पैरो कंपनी का घूसखोर कर्मचारी गिरफ्तार

## ग्रेटर नगर निगम में टैक्स वसूली का काम करती है फर्म



**जयपुर**। एसीबी ने बुधवार को ग्रेटर नगर निगम में कार्रवाई करते हुए यूडी टैक्स वसूलने वाली स्पैरो कंपनी के घूसखोर कर्मचारी को गिरफ्तार किया है।

महानिदेशक बीएल सोनी ने बताया कि परिवादी ने शिकायत दी थी उसकी प्रॉपर्टी को यूडी टैक्स की सूची से बाहर रखने तथा मांगी गई राशि न देने पर तीन-चार लाख रूपए का यूडी टैक्स नोटिस जारी करने का भय दिखाया गया। नगर निगम जयपुर ग्रेटर से अनुबंधित स्पैरो कंपनी के यूडी टैक्स कलेक्टर पंकज चौधरी द्वारा 10 हजार रूपए की रिश्वत मांगी गई। इस शिकायत का सत्यापन कर बुधवार को एसीबी ने स्पैरो कंपनी के यूडी टैक्स कलेक्टर पंकज चौधरी को नौ हजार रूपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया। रिश्वत के मामले में संलिप्त नगर निगम के अन्य कर्मचारियों और अधिकारियों की भूमिका की पड़ताल की जा रही है। गौरतलब है कि स्पैरो कंपनी लोगों से यूडी टैक्स कलेक्शन के साथ-साथ संवाद भी करती है। आरोपित पंकज चौधरी एक साल से स्पैरो कंपनी में काम कर रहा था। वह बरकत नगर के एक व्यक्ति से यूडी टैक्स जमा कराने के लिए धमका रहा था।



## Golden Floating Rainforest

The only sea in the world without any coasts, the Sargasso Sea is found in the Atlantic Ocean. Located in the North, it is surrounded by four ocean currents, with no land coastline to speak of. It is named for the floating seaweed that covers it: Sargassum. The Sargasso Sea supports a range of endemic species and plays a critical role in supporting the life cycle of a number of threatened and endangered species. This Sea has been called a golden floating rainforest.



#WING-DING

# Decadent Desserts for V-day

Ahead of Valentine's Day, Arbit brings to you a curated list of sweet treats as well as dessert boxes and hampers from the bakers of Pink City. Not only do these exquisite desserts have a delicious amalgam of flavours but also a stunning visual appeal.






Tusharika Singh
*Freelancer writer and city blogger*

The belief that the way to your partner's heart is through their stomach is clichéd but true. And if it's desserts that you're feeding them then it would be a cakewalk to charm them. But don't make the terrible mistake of picking up that mundane pack of processed chocolates off the shelf. If whipping something up on your own seems like an arduous task then read on to find what the bakers around Pink City are dishing out from their kitchens to make you and your beloved swoon, this Valentine's Day.

### Minimalistic Mini Cakes




A believer in the idea of keeping things simple, Ayushi Agarwal of Crème Jaipur has introduced minimalistic mini cakes in hues of pink and coral. One can also add a small message on top. Sharing more about her idea, Ayushi says: "For Valentine's Day, we want everyone to 'say it with cake'. We are hoping people would use them to express love to their partners, parents, friends, and/or to themselves, in the easiest and simplest way possible."

### Gift Boxes for Couples and Singles

A French patisserie in Jaipur by Sejal Parnami has introduced an exclusive 'Valentine Shalentine' menu. From heart shaped gateaux and Madeleine to travel cakes and fruit wine, there are a plethora of goodies in her Valentine's Day special boxes and hampers. What's interesting is that in addition to hampers for couples, she has also especially curated boxes for those who are single and would want to treat themselves on the day of love. The 'For Me' cause Love Sucks box has especially been introduced for this purpose. It contains a Black and White tart as well as Chocolate, Rum and Chilli travel cake. Talking about her menu, Sejal says: "The extra ingredient has always been love, we just now get an excuse to celebrate it with the Valentine's Day menu!"

### Valentine's Day Bake Sale

Whether you want to pamper yourself with a comforting 'Breakfast in Bed' meal or if you want to surprise your partner by ordering a special gift hamper for them, Cafe Quaint's Valentine's Day bake sale menu has something for everyone. "We believe in celebrating love beyond genders, stereotypes, and conventions. With this thought, we have curated the Valentine's Bake Sale menu for everyone who's celebrating self-love, good health, and relationships of all kinds," shares Chef Ayesha Sajjan of Cafe Quaint. They have an assortment of boxes on offer including a 'Breakfast in Bed' box which includes Mini Bagels, Croissants, Smoothie bowl in a jar, mini waffles and pancakes etc. In addition to the hampers, there are also tea cakes and entremets on the menu.


### Bento Cakes & Soft Serve Ice Creams





Another popular bakery of Jaipur, Fat Guyy Patisserie is whipping up strawberry filled heart shaped almond cookies, customized heart shaped Bento cakes and customized brownies to mark Valentine's Day. A new addition to their menu is soft serve ice creams. They will be served in the customary pink and red colours for the special day. The flavours of the ice creams include rose, strawberry and raspberry.

It has rightly been said: "Food is symbolic of love when words are inadequate."



# Hiring Attitude Against Skill

Cynics are popular at parties as they are witty and make people laugh. But cynicism is a cancer. It eats the soul from inside. However, unlike cancer, it is contagious and spreads quickly. Cynics can be intimidating and will inhibit many people with enthusiasm by making fun of them. Then good words like integrity, service and compassion becomes the butt of their jokes. And gradually, underneath the pile, we become indifferent. We stop caring. That is the bottom of the chasm.



Mirza Yawar Baig
*Naturalist and wildlife conservationist*

#THE DOORS

In my practice of helping business leaders develop a winning culture, the thing that I have been most keenly aware of, is the need to hire winners. It is true that good training can achieve much. But it is equally true that no matter how good the training course or the trainer there are some things which can't be 'trained in'. Losers will never become winners because of training. As they say, "If you want someone to climb trees, hire a monkey." Hiring a rabbit and training him will get you nowhere because there are certain intrinsic abilities, orientations and attitudes that are required even for the training to take hold. The qualities, characteristics, behaviours, values and beliefs that make a winner must necessarily be hired. Skills can be trained. You can train a person of high integrity how to write accurate financial accounts; but to try to inculcate integrity into someone who is essentially dishonest is not something that any amount of training can achieve.

To express it in another way; skills are 'Can do' and attitude is 'Will do'. Skills are competence and ability. Attitude is motivation and passion. The two don't always exist together. Anyone who has managed people in any situation will vouch for the fact that in most cases, people with average skills and huge motivation will outperform the opposite i.e. highly skilled people are usually discouraged and becomes cynical. This is perhaps most visible in sports, where you see the performance of teams totally change when they get a different coach. The problem with attitude, as I have mentioned earlier is that it is very difficult to inculcate in a short time and even more difficult to change. As much as I hate saying the word 'impossible', speaking purely in practical terms, having led corporate teams for 16 years I can say that most leaders don't have the time, patience or skills to change attitudes. Much easier, cost effective and faster to hire people with the right attitudes.

### Hiring Winners

I believe that before we talk about the mechanics of how to hire winners, it will be useful to ask ourselves, "Who is a winner?"

I want to share with you my own definition of a winner.

You are a winner if you are willing to take responsibility of your deeds. To take ownership for all that you say and do; to have the effect of your words and actions on others, not merely to accept accountability but to actively seek it. To stand up and say, "Here I am. You can count on me." And if things go wrong, as sometimes they will, to say, "I am responsible for what has happened. Here is what I learnt from this, and this I will ensure that this mistake is not repeated again."

We all start in the same place as idealists. I have yet to see a child who was not an idealist. We all want to make a difference to the world we live in, to do great things and to be remembered. We all want to be winners. But how many people achieve that? And why not?

Let's see what happens and why.

We all start as Idealists. Then life happens. Things happen where people let you down. Often the very people who you counted on to support you. People deceive and lie and cheat and sacrifice long term benefits for short term gains. As these things happen, we get onto the slide and start sliding downwards.

From being an Idealist, we become Optimists (because idealism is tough to put down, especially when you are young and energetic) and then we become Realists, then Pessimists. Along the way we acquire 'advisors'; people who 'talk some sense' into us. They tell us, "Look, don't be a fool. Get real and practical. This is the real world. Be realistic. Ideals are okay to talk about. They don't work and will get you into trouble. Forget all this and just look around. How many people do you see actually working for ideals? Not many, I bet."

You will say, "But look at what Yawar is saying!! What about that?"

Your advisor will say, "Let him talk. How does it matter? That is his job. He is a teacher and trainer. Let him talk. You eat the nice snacks, meet your friends, have a good time and go home. Forget about him."

And slowly we become just like our 'advisors'...... Cynics.

Transformation from an Idealist to an Optimist.....to a Realist.....to a Pessimist....to a Cynic; down the slide it goes on forever.

Cynics are popular at parties as they are witty and make people laugh. But cynicism is a cancer. It eats the soul from inside. However, unlike cancer, it is contagious and spreads quickly. Cynics can be intimidating and will inhibit many people with enthusiasm by making fun of them. Then good words like, integrity, service and compassion becomes the butt of their jokes. And gradually, underneath the pile, we become Indifferent. We stop caring. That is the bottom of the chasm.

You know why people get angry and fight with you when you say idealistic things? It is because you remind them of what they used to be like. The flame of idealism is possible to dampen. But it is impossible to kill. It will remain alive as long as we live. It dies when we die. It is what we do with our life experiences that affects our idealism.

We often have little or no choice over what happens to us, but we have total freedom to react to it. In any way we like. It is like a mathematical equation: its two sides produce the result. One side is given to us, and the other side is left to us to write whatever number we like.

But the result depends on the whole equation, not on any one side. If we remember this and ensure that we write what needs to be written to get the result we need, then it doesn't matter what the equation comes written with. We will still have a positive result. If on the other hand, we get overwhelmed with the number the equation came with and either not write our own number or do it without thinking then the result can be negative. There is always your side of the equation that is in your control. Think and write the correct number and you will win.



### Acknowledging Challenges

When people allow themselves to live lives that result in many negative experiences, they tend to become cynical. When people who have allowed themselves to become cynical and indifferent, meet you (an idealist) they are reminded of what they used to be like. And they hate what they see in your eyes; they hate what they have chosen to do to themselves. They believe that if they can make you shut up, then somehow all will be well. Because they are one of the many who believe this fallacy, that if one can make someone who speaks the truth, shut up; then one can remain comfortable in one's falsehood. They refuse to face the reality that the truth is the truth even if no one speaks it. The thing to do therefore, if you want to be a winner is to light the lamps of other's idealism. And the only way to do that is to ensure that your own lamp never goes out of oil. The way to do that is never to lower your ideals in the name of expedience or diplomacy. By all means use your wisdom and skills in as convincing and acceptable a way as you can, but never lower the standards. For the standard is our only protection against the backslide into mediocrity and oblivion.

Winners are people who instinctively understand these things, even if they may not be able to state them clearly. You can see this from the choices that they have made in their lives. Look for them and acknowledge, while remembering that honesty is the only way we too can. Sometimes we recognize the fear and humility in our own soul as we listen to someone else's story.




> Winners are people who instinctively understand these things, even if they may not be able to state them clearly. You can see this from the choices that they have made in their lives. Look for them and acknowledge, while remembering that honesty is the only way we too can. Sometimes we recognize the fear and humility in our own soul as we listen to someone else's story.

Winners are people who challenge the status quo. Who refuse to accept the word 'accepted' just because of the people around them had accept it. Winners are people who will challenge you to live by your stated ideals. Who refuse to pretend that they still respect you if you give in to your fears and lie to yourself. Winners by the look in their eyes remind you that you have failed yourself, and give you the courage to get up and start again. They disagree with you and challenge you to prove your theories. They make you exercise more rigor in what you do, refuse to accept mediocrity, set goals that frighten you so that the adrenaline you need to accomplish them pours into your veins. Winners challenge you to constantly learn, grow and mature. They challenge you to prove to them and to yourself that you are indeed worthy of respect.

### Test of Time

Of course, this is not all about hiring alone. It is even more about training and grooming and developing people. However, the point I want to make is that hiring the right person is critical in making all the rest effective. If the person does not have the capacity or has the wrong sort of attitude, then training does not achieve the desired results and thus leaves you frustrated.

In more than 35 years of teaching leadership to people from multiple nationalities, cultures, religions, genders, and races on 3 continents, I believe I've learned some important lessons on what makes one a 'Winner'. They are leaders and so I have used the two words interchangeably.

I often ask myself this question, 'What qualities are essential for winning/leading? Not what is nice to have, useful, beneficial and so on, but what exactly is essential. My definition of 'essential' is, 'something without which all can't be done'. The trick is in implementing the rules equal for everyone. They are:

**Rule # 1:** Excuses don't change facts

**Rule # 2:** If in doubt refer to Rule # 1.

I have a background in applied behavioural science and psychology and years of hands-on experience in managing people in some tough environments. I don't want to boast or discount anyone, but the reality is that people varry in respective experiences; and so though they may want to spend the stipulated time to turn around an employee, they may not have the skill to do it.

> You know why people get angry and fight with you when you say idealistic things? It is because you remind them of what they used to be like in their yester years.

Also, commercial organizations are profit driven and not coaching centers for employee development. No matter what the HR hype may be, all of us i.e., profit center managers, know the reality. If I don't hit my quarterly targets, I can't give results, 'developing interpersonal skills of my employees', as the reason I didn't make a profit. That is why the best policy is to hire attitude and train skills.

Remember that no person or nation lives forever. But their thoughts, goals, ideals and what they stood for endures long after they have become dust. That is what we stand for; ideals that have stood the test of time and which we carry forward for our future generations, long after we have gone. It bears reflection of what they are and what they should be.

writetoarbit@rashtradoot.com






#RESEARCH

# How Genetics Affect Food Choices

Researchers say that the new information about genetic links behind food intake, obesity, and diabetes could lead to improved prevention and treatment.



In the largest ever study to examine how genetic factors affect a person's food choices and consumption, researchers have identified more than two dozen regions of genetic sequences that may affect individuals' food intake.

"The average daily intake of nutrients and foods, a major contributor of obesity, is partly influenced by our genetics," says Chloé Sarnowski, who was a biostatistician at Boston University while conducting the study, and is now a faculty associate at the University of Texas Health Science Center at Houston. Sarnowski is a co-lead author of the study in the journal Nature Human Behaviour.

Researchers say the brain is influenced by various signals that affect people's eating behaviours and regulate their bodies' energy balance. Those signals for example, control appetite and energy expenditure in response to blood levels of key metabolic hormones and nutrients. Genetic variation in these signals can therefore lead to extreme hunger and obesity.

"Despite the high correlation between genetics and our dietary choices, a limited number of genetic studies have integrated information about [preferences for] different nutrients or foods," Sarnowski says.

"We jointly analyzed the main nutrients that the body needs and uses in large amounts -- carbohydrate, protein, and fat -- to better characterize the genetic regions that influence our dietary choices."

For the study, Sarnowski and collaborators analysed the genes and examined the food consumption of 282,271 participants of European ancestry from the UK Biobank and the Cohorts for Heart and Aging Research in Genomic Epidemiology (CHARGE) Consortium.

From that data, the team identified 26 genetic regions associated with increased preference for foods containing more fat, protein or carbohydrate. In the brain, those genes influence specialized areas of brain cells, distributed across the central nervous system, that are responsive to proteins, fats or carbohydrates.

"When those areas of the brain are activated, it may explain why people are more likely to prefer foods or meals with higher amount of fat, protein, or carbohydrate," says co-author Jordi Merino, a research associate at the Massachusetts General Hospital Diabetes Unit and Center for Genomic Medicine and a Harvard Medical School instructor.

The discovery of these genetic variants could be used in future research to determine whether diet composition is causally related to type 2 diabetes, obesity, and other diseases.

"While we know that diet composition is related to diseases, the causal link is harder to prove," says co-senior author Josée Dupuis, chair and professor in Boston University's School of Public Health's biostatistics department.

The findings underscore why food consumption behaviour differs among individuals.




"Our results could also help identify people more likely to follow specific dietary recommendations for the prevention of obesity or diabetes," says co-author Hassan Dashti, a Massachusetts General Hospital instructor of anaesthesia, critical care, and pain medicine and a Harvard University associate professor of anaesthesia.

"For example, if someone has a higher genetic susceptibility for preferring fatty foods, this information can be used to help this individual to choose foods with higher amounts of healthy fats rather than recommending other dietary approaches that might compromise adherence to these interventions."

The American Diabetes Association, the European Commission Horizon 2020 programme, the National Institutes of Health, the MGH Research Scholar Fund, the Novo Nordisk Foundation, and the Lundbeck Foundation funded the work.

## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# यातायात पुलिस पर मारपीट का आरोप लगा, सड़क पर जाम लगाया

## वाहनों की लंबी कतार लग गई और करौली शहर में जाम की नौबत आ गई

**करौली, (निं.स)।** जिला मुख्यालय पर स्थित रोडवेज बस स्टैंड के सामने सायं : 4 बजे बाद कैलादेवी के दर्शन कर लौट रहे यात्रियों और यातायात पुलिस के बीच आपसी झड़प हो गई। जिसमें यात्रियों ने पुलिस दल पर मारपीट का आरोप लगाकर जाम लगा दिया जिससे वाहनों की लंबी कतार लग गई और करौली शहर में जाम की नौबत आ गई । करीब 1 घंटे तक चली नोकझोंक के बीच वहां से गुजरने वाले वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ा और करौली के रोडवेज बस स्टैंड पर लोगों की भीड़ हो गई।

करौली शहर के रोडवेज बस स्टैंड के बाहर सड़क पर साय 4 बजे के करीब धौलपुर जिले के बाड़ी तहसील के बड़ा रामपुरा निवासी यात्रियों की 2 पिकअप गाड़ी भरकर माता के दर्शन कर वापस करौली होकर लौट रहे थे। दर्शनार्थी ममता ने बताया कि गंगापुर मोड़ के समीप पुलिस वालों ने बैरिकेट्स लगा रखे थे। आरोप लगाया कि पुलिस दल ने हमारी गाड़ी रोक दी जबरदस्ती 20 हजार रुपये का चालान बनाकर गाड़ी के कागजों को लेकर बस स्टैंड पर जा पहुंचे। वहां हमारी गाड़ी पहुंचने पर पुलिस वालों ने हमारे साथ मारपीट करना शुरू कर दी। जिसमें एक छोटे 5 वर्षीय बच्चे के चोट आई है। इस दौरान करीब 1 घंटे तक पुलिस और यात्रियों के बीच विवाद चलता रहा । इसके बाद करौली के रोडवेज बस स्टैंड पर करौली कोतवाली थाना प्रभारी रामेश्वर दयाल मीणा, महिला थाना, सदर थाना, जिला स्पेशल पुलिस का जाब्ता मौके पर पहुंच गया और उन्होंने समझाईश कर रास्ते में हो रही भीड़ एवं वाहनों का आवागमन शुरू कराते हुए जाम खुलवा दिया।



करौली रोडवेज बस स्टैंड के सामने यातायात पुलिस की कार्रवाई के विरोध में लोग जुटे।

■ यात्रियों की दो पिकअप गाड़ी माता के दर्शन कर वापस लौट रही थी

# शराब माफिया ने पुलिस दल पर की पत्थरबाजी, वाहन क्षतिग्रस्त

## ग्रामीणों ने अवैध शराब से भरी पिकअप में आग लगा दी एवं टायरों की हवा निकाल कर भाग गए

**मासलपुर, (नि.सं)।** मासलपुर थाना अंतर्गत बिरहेटा गांव में बुधवार को अवैध शराब के खिलाफ कार्यवाही करने पर महिलाओं के साथ ग्रामीणों ने पुलिस दल पर हमला बोल दिया जिस पर पुलिस दल को जान बचाने के लिए भागना पड़ा हालांकि हमले में पुलिस दल के किसी कार्मिक को चोट नहीं आई मगर मासलपुर पुलिस थाने की जीप क्षतिग्रस्त हो गई।

पुलिस पर पथराव की सूचना मिलते ही करौली से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रकाश चंद्र,पुलिस उपाधीक्षक मनराज मीणा,कोतवाली थाना अधिकारी रामेश्वर दयाल मीणा सहित कई थानों कि पुलिस मौके पर पहुंच गई। जहां पुलिस को देख आरोपी भाग छूटे । अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रकाश चंद ने बताया कि अवैध शराब ले जाने की सूचना पर धौलपुर जिले के सरमथुरा-नदनपुर पुलिस ने अवैध शराब लेकर जा रही एक पिकअप का पीछा किया जो भागते भागते मासलपुर थाना अंतर्गत बिरहेटा गांव में घुस गई जिसकी सूचना मासलपुर पुलिस को दी गई। सूचना पर मासलपुर थाना अधिकारी शैलेंद्र सिंह भी पुलिस जाब्ते के मौके पर पहुंचे जहां तीन थानों के पुलिस दलों पर महिलाओं एवं ग्रामीणों ने जमकर पथराव कर हमला बोल दिया।

अचानक हुई पत्थरबाजी से पुलिस दल को पीछे हटना पड़ा। पुलिस के अनुसार ग्रामीणों ने अवैध शराब से भरी पिकअप में आग लगा दी एवं टायरों की हवा निकाल कर भाग गए। पुलिस शराब से भरी पिकअप को मासलपुर थाना ले आई समाचार लिखे जाने तक घटना की प्राथमिकी दर्ज नहीं हो पाई है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जगह-जगह दबिश दे रही है।




मासलपुर थाना पुलिस की जीप पथराव के दौरान क्षतिग्रस्त हो गई।

# बच्ची की स्थिति में पहले से सुधार परंतु अभी भी सिपैप मशीन पर

**झुंझुनूं, (निसं)।** झुंझुनूं में लावारिस हालत में मिली नवजात बच्चीं से मिलने के लिए बाल कल्याण समिति की टीम राजकीय बीडीके अस्पताल पहुंची और बच्चीं को अपने सरंक्षण में लेते हुए चिकित्सकों को अच्छी देखभाल करने के निर्देश दिए। पीएमओ एवं वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. वीडी बाजिया ने बताया कि टीम ने एसएनसीयू में पहुंचकर बच्चीं को देखा और उसके स्वास्थ्य के बारे में डॉ. भांबू से जानकारी ली। समिति ने बीडीके अस्पताल में स्थित पालना गृह का भी जायजा लिया।

वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. वीडी बाजिया ने बताया कि लावारिस हालत में मिली लाडली के स्वास्थ्य की स्थिति में अब पहले से सुधार हुआ है परंतु स्थिति अभी भी नाजुक बनी हुई है। डॉक्टरों द्वारा सिपैप मशीन से फैफडों को सपोर्ट दिया जा रहा है। बच्चीं का तापमान एवं शुगर लेवल नियंत्रित कर लिया गया है परंतु बच्ची अभी भी नली से दूध लेने में सक्षम नहीं है। बच्ची की सांस दर, हृदय की गति, शुगर लेवल की चिकित्सकों एवं नर्सिंग कर्मियों के द्वारा निरंतर मानिटारिंग की जा रही है।

■ बाल कल्याण समिति ने बीडीके अस्पताल में स्थित पालना गृह का भी जायजा लिया



बाल कल्याण समिति के सदस्यों ने बच्ची के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी लेकर देखभाल के लिए चिकित्सकों को निर्देश दिए।

## महिलाओं और बच्चों की निजता का ध्यान रहेः सांसद दीयाकुमारी

**राजसमंद, (निसं)।** सांसद दीया कुमारी ने संसद सत्र के दौरान सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर नागरिकों के अधिकारों की सुरक्षा को लेकर सवाल उठाया। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को आईटी रूल्स 2021 की गाइडलाइंस का ठीक से पालन करना चाहिए और इन प्लेटफर्मों पर महिलाओं और बच्चों की निजता का ध्यान रखना चाहिए।

सवाल के जवाब में केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आश्वासन दिया कि सोशल मीडिया कंपनियां आईटी सोशल मीडिया मध्यस्थ दिशानिर्देशों का पालन कर रही है और इस संबंध में मासिक रिपोर्ट नियमित रूप से प्रस्तुत कर रही हैं। मंत्री ने यह भी आश्वासन दिया कि सरकार इन प्लेटफॉर्म्स को समाज और सरकार के प्रति अधिक जवाबदेह बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाएगी।

# एक ही रात में 6 घर व एक दुकान के ताले तोड़े

**करौली, (निं.स)।।** जिला मुख्यालय पर एक ही रात में आधा दर्जन घरों व एक दुकान का चोरों ने ताले तोड़कर लाखों रुपए के आभूषण एवं नकदी पर हाथ साफ कर दिया। चोरों की धमाचौकड़ी से क्षेत्र में सनसनी फैल गई । करौली कोतवाली पुलिस ने मौका मुआयना कर घटनाक्रम की जानकारी ली है।

करौली-सरमथुरा मार्ग पर एनएच 11बी स्थित आमनकापुरा, धनीराम सरपंच का पुरा क्षेत्र में चोरों ने एक ही रात में आधा दर्जन घरों के ताले तोड़कर लाखों रुपए के आभूषण नकदी व सामान को ले गए। आमनकापुरा निवासी बाल गोविंद ने बताया कि वह रात को नौकरी पर गया था। इस दौरान पीछे से चोरों ने रात को कमरे के ताले तोड़कर बक्से व अलमारी में रखे करीब 35 हजार की नकदी,सोने-चांदी के आभूषण को पार कर ले गए । इस दौरान चोरों ने दूसरे कमरे में सो रहे परिवार जनों को बाहर से कुंडी लगाकर बंद कर दिया । साथ ही किवाड़ों को तौलिया और अन्य कपड़ों से बांध दिया। बाल गोविंद ने बताया कि उसके भाई प्रभु चंद एवं मां मंगली देवी के अलग-अलग कमरों से भी चोरों ने करीब 10 हजार की नकदी और सोने चांदी के आभूषण चुरा कर ले गए । खाली बक्से और कपड़ों को चोर पास ही स्थित खेतों में डाल कर भाग गए।

इसी प्रकार आमन का पुरा निवासी अशोक कुमार पुत्र बत्तू माली के घर से 20 हजार की नकदी, सोने चांदी के आभूषण को चुरा कर ले गए। इसके साथ चोरों ने रामजीलाल,प्रेम सिंह, और परसोत्तम के घरों के भी ताले तोड़कर सोने चांदी के आभूषण एवं नकदी को चुरा कर ले गए। हालांकि प्रेम सिंह के घर से चोर मात्र 10हजार रुपये चुरा कर ले जा सके हैं। चोरों ने भीम नगर में एक कोल्ड ड्रिंक की दुकान की शटर को तोड़कर करीब डेढ़ लाख रुपए की नकदी,घी के टीन व अन्य सामान को चुराने का आरोप है।चोरों ने इस दौरान लोहे के सरिए से शटर को उठाकर चोरी को अंजाम दिया। करौली थाना अधिकारी रामेश्वर दयाल ने बताया कि आमनकापुरा, धनीराम सरपंच का पुरा एवं एक दुकान में चोरी की सूचना मिली है। सूचना के बाद मौका मुआयना कर जानकारी जुटाई जा रही है। जल्द ही चोरी का खुलासा करने के प्रयास करेंगे।



थानाधिकारी रामेश्वर दयाल ने क्षेत्र में हुई चोरियों की जानकारी ली।

# जंगल में जुआ खेलते 5 जुआरी गिरफ्तार

**राजसमंद, (निसं)।** राजनगर थाना क्षेत्र के पीपरडा के पास जंगल से बुधवार को राजनगर थाना पुलिस ने जुआ खेलते 5 जुआरियों को गिरफ्तार किया गया। बदमाश जंगल में बैठकर ताश के पत्तों पर दांव लगा रहे थे। पुलिस को मुखबीर के द्वारा बदमाशों के जुआ खेलने की सूचना मिली। इस पर मौके पर पहुंची पुलिस को जंगल में 5 जुआरी जुआ खेलते हुए मिले।

पुलिस ने पांचों जुआरियों को गिरफ्तार कर जुआरियों के कब्जे से 14 हजार 17० रुपये नकद, दो बाईक व दो स्कूटी जप्त की है। राजनगर थानाधिकारी डॉ हनवंतसिंह राजपुरोहित ने बताया कि जुआ खेलने के आरोप में निर्भयसिंह पुत्र माधुसिंह भाटी निवासी भाटी मोहल्ला पीपरडा, गोविंदसिंह पुत्र भंवरसिंह सोलंकी निवासी पीपरडा, भरतसिंह पुत्र प्रेमसिंह चौहान, जितेन्द्र (28) पुत्र देवीसिंह चौहान निवासी जीता पीपरडा एवं पंकज पुत्र ललीत कुमार पालीवाल निवासी जावद को गिरफ्तार किया गया है।

थानाधिकारी डॉ. राजपुरोहित ने बताया कि क्षेत्र में गश्त कर रहे हैड कानि नाहरसिंह, कोंस्टेबल विश्वेन्द्र, चालक कोंस्टेबल फतहलाल को मुखबीर से पीपरडा बस स्टेण्ड के समीप जंगल बीहड में कुछ लोगों द्वारा ताश के पत्तों से जुआ खेलने की सूचना मिली। इस पर जाप्ते ने मौके पर जाकर देखा तो वहां पांच व्यक्ति जुआ खेलते हुए मिले। पुलिस ने पांचों जुआरियों को गिरफ्तार कर मौके से 14 हजार 170 रुपये नकद, दो बाईक व दो स्कूटी जप्त की है। इस कार्यवाही के दौरान टीम में आधा दर्जन से अधिक पुलिसकर्मी शामिल थे।



राजनगर थाना पुलिस ने जुआरियों को गिरफ्तार किया।

## कारागृह में मिले क्षमता से अधिक बंदी

**बांसवाड़ा, (निसं)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव राकेश रामावत ने कारागृह का आकस्मिक निरीक्षण किया तो कारागृह की स्वीकृत क्षमता से अधिक बंदी कारागृह में निरूद्ध पाये गये। उन्होंने बताया कि कारागृह की स्वीकृत क्षमता 235 के मुकाबले 284 बंदी कारागृह में वक्त निरीक्षण पाये गये जो कि बहुत अधिक है। प्राधिकरण सचिव रामावत ने बंदियों से बात की तो बंदीगण ने खान-पान, साफ-सफाई, चिकित्सा व्यवस्था आदि के सम्बन्ध में संतोष जाहिर किया व किसी प्रकार की शिकायत व्यक्त नहीं की। नये प्रवेश करने वाले बंदीगण को निःशुल्क विधिक सहायता के सम्बन्ध में भी जानकारी दी।

# सब इंस्पेक्टर मुकेश चौधरी की नियुक्ति पर अंतरिम रोक

**बीकानेर, (कासं)।** पुलिस में सब इंस्पेक्टर के पद पर नियुक्ति पर सवाल उठने शुरू हो गये हैं। राजस्थान हाईकोर्ट में पहुंचे एक मामले में एकल पीठ ने नियुक्ति पर रोक लगाते हुए पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी कर दिया है। मामला बीकानेर के गर्वित व्यास से जुड़ा है, जिसने आरोप लगाया है कि अयोग्य व्यक्ति को नियुक्ति देते हुए उसे भर्ती से बाहर कर दिया गया। अब अदालत ने मुकेश चौधरी की नियुक्ति पर अंतरिम रोक लगा दी है।

दरअसल बीकानेर की छबीली घाटी में रहने वाले गर्वित व्यास ने राजस्थान हाईकोर्ट की एकल पीठ में रिट दायर करते हुए कहा कि सब इंस्पेक्टर की लिस्ट से उसे बाहर कर दिया गया। जबकि उसके सभी कागजात पूरे थे और वो योग्य था। इसके विपरीत मुकेश चौधरी नामक युवक को शामिल किया गया है। लिस्ट में मुकेश चौधरी के नाम के आगे ही लिखा था कि सर्टिफिकेट नियमों के मुताबिक नहीं है। ऐसे में जिसके सर्टिफिकेट नियमों के अनुसार सही नहीं है। उसे शामिल किया गया व सभी नियमों को पूर्ण करने वाले गर्वित को वंचित रख दिया गया।

इसके बाद अरुण भंसाली की एकल पीठ ने मुकेश चौधरी की नियुक्ति को फिलहाल रोक दिया है। अदालत ने इस मामले में पुलिस महानिदेशक से जवाब तलब किया है कि उन्होंने किन नियमों के आधार पर गर्वित व्यास के फार्म को रिजेक्ट किया है और मुकेश चौधरी का फार्म कैसे स्वीकार किया गया है? मुकेश चौधरी की नियुक्ति पर रोक अगली सुनवाई तक लगाई गई है। ऐसे में इस पूरे मामले की नए सिरे से छानबीन की मांग की जा रही है। पुलिस विभाग में सब इंस्पेक्टर, प्लाटून कमांडर के पद पर भर्ती स्पोर्ट्स सर्टिफिकेट के आधार पर भी होती है। ये नियुक्ति स्पोर्ट्स कोटे से ही हुई थी। जिसमें अब गड़बड़ी के आरोप लग रहे हैं। हालांकि मुकेश चौधरी भी अपने चयन के आधार अगली सुनवाई में अदालत में रख सकेंगे। उसे भी अदालत ने नोटिस जारी किया है।

# बरसात से सड़कों पर फैला कीचड़, राहगीर परेशान



पाटन में बैंक ऑफ बड़ौदा मार्ग पर फैला कीचड़।

**बीदासर, (निसं)।** कस्बे में मंगलवार की रात्रि में अचानक बदले मौसम से तेज हवाओं के साथ झमाझम बरसात हुई। मंगलवार रात को हुई बरसात के कारण कस्बे के मुख्य मार्गों, मण्डी बाजार, बैंक ऑफ बड़ौदा मार्ग, नगरपालिका मार्ग, नेक नगर बस्ती सहित अनेक स्थानों, गली-मौहल्लों पर बरसाती पानी ने दरिया का रूप ले लिया।

बुधवार को कस्बे के नेकनगर की मेघवाल बस्ती की गलियों तथा अम्बेडकर भवन शिव मंदिर के सामने जल निकासी नहीं हो पाने के कारण कई-कई दिनों तक बरसाती पानी जमा रहता है जिससे आस-पास के घरों के लोगों और मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। वहीं बैंक ऑफ बड़ौदा मार्ग तथ नगर पालिका मार्ग पर आमदिनों में भी दिनभर कीचड का आलम रहता है।

## करंट लगने से युवक की मौत

**कानोड़, (निसं)।** नगर के निकट तलावा गांव के रहने वाले एक युवक की बुधवार को देर सायं करंट से दर्दनाक मौत हो गई। तलावा निवासी गणेशलाल पुत्र कालुलाल मीणा उम्र 40 वर्ष सरसो की फसल की पिलाई करने खेत पर गया था कि मोटर चालु करते समय कंरट लगने से मौत हो गई । इसकी जानकारी तब लगी जब दुर खेत में काम कर रहे परिजन स्टाटर के पास पहुचें तो युवक बेसूध पडा था जिसकी सुचना अन्य परिजनो को दी ओर गणेशलाल को बेसुध अवस्था में कानोड चिकित्सालय पहुँचाया गया , जहा चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी पुलिस को मिलने पर थाना पुलिस भी मौके पर पहुँची।

सुचना पाकर स्थानिय सरपंच दिनेश चोधरी भी मौके पर पहुँचें ओर परिजनों को हिम्मत दी। युवक की मौत होने की सुचना जेसे की गांव में लगी तो काफी संख्या में लोग चिकित्सालय पहुँच गए। देर सांय हो जाने के कारण मृतक का पोस्टमार्टम गुरूवार को प्रातः होगा। मृतक के भतीजे वर्दीचंद की रिपोर्ट पर मर्ग दर्ज किया गया है। मृतक परिवार में एकलोता कमाने वाला था जिसके दो पांच व सात साल कि बेटियां है , जेसे ही गणेशलाल की मौत हो जाने की जानकारी उसकी पत्नि को मिली तो घर में मातम पसर गया, पत्नि सहित परिजनो का रो-रोकर बुरा हाल था जिन्हे पडोसी ढांढस बंधा रहे थे।

# 'परीक्षाओं की सीबीआई जांच नहीं कराने तक प्रदेश का युवा सडकों पर रहेगा और आंदोलन करेगा'

## युवाओं ने विकास जाखड़ के नेतृत्व में किया कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

**झुंझुनूं, (निसं)।** रीट समेत अन्य भर्ती परीक्षाओं की सीबीआई जांच की मांग कर रहे शौर्य चक्र प्राप्त विकास जाखड के आव्हान पर प्रदेशभर में जिला मुख्यालयों पर युवाओं ने प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपे। झुंझुनूं में हुए प्रदर्शन में खुद विकास जाखड शाामिल हुए और सैंकडों की संख्या में युवाओं के साथ कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। इस मौके पर विकास जाखड ने कहा कि सरकार रीट लेवल टू की परीक्षा रद्द कर युवाओं का ध्यान डायवर्ट करना चाहती है। लेकिन कोई मकान में चोरी होती है तो एक चीज की चोरी और दूसरे को छोडा नहीं जाता।

हम दावे के साथ कहते है कि लेवल वन का पेपर भी लीक हुआ है। जिसका सच सीबीआई जांच में ही आएगा। यही नहीं, लाइब्रेरियन, एसआई और जेईएन परीक्षाओं में भी बडे स्तर पर धांधलियां हुई है। इसलिए चारों परीक्षाओं की सीबीआई जांच नहीं कराने तक प्रदेश का युवा सडकों पर रहेगा और आंदोलन करेगा। उन्होंने कहा कि वे चाहते है कि प्रदेश में एक ऐसी कमेटी बने। जो इन परीक्षाओं में लीकेज को दूर कर एक सशक्त प्रणाली तैयार करें। ताकि युवा मेहनत के साथ भर्तियों को पास करें। साथ ही आने वाले विधानसभा सत्र में नकल विरोधी सशक्त कानून बने।

**रीट के शोर में दब गई मनीष देवी की आवाज :-** रीट परीक्षा में पेपर लीक के बवाल के बीच एक बेवा ऐसी भी है जो अपने पति की मौत की जांच करवाने के लिए लडाई लड रही है। जहां एक ओर प्रदेश के युवा रीट की धांधलियों के लिए धरने प्रदर्शन कर रहे है। वहीं इन धरने प्रदर्शनों में झुंझुनूं के सिंगनौर गांव की मनीषदेवी भी शामिल हो रही है। जो कह रही है कि रीट मामले की जांच आधी अधूरी नहीं बल्कि पूरी होनी चाहिए। जहां से पेपर चले है और लीक हुए। वहां तक की सीबीआई जांच हो। क्योंकि उनके पति रामनिवास गोदारा पेपर लेकर आ रहे थें। जिनका कंटेनर रहस्मय ढंग से जमवारामगढ के पास पलट गया। जिसमें केवल रामनिवास गोदारा की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि कंटेनर में मौजूद दो सिक्योरिटी गार्ड के खरोंच तक नहीं आई। यही नहीं हादसे की सूचना भी परिजनों को दस घंटे बाद दी गई।

साथ ही आनन - फानन में पोस्टमार्टम करवा दिया गया। इसके अलावा आज तक ना तो किसी ने सुध ली और ना ही किसी ने मामले की जांच कराई। जबकि परिजनों को अंदेशा है कि जो कंटेनर पलटा था उस कंटेनर में रखे पेपरों के साथ भी षडयंत्र कर छेडछाड की गई है।




विकास जाखड़ ने सैंकड़ों युवाओं के साथ कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन में भाग लिया।

■ रीट में ही नहीं, एसआई, लाइब्रेरियन और जेईएन भर्ती परीक्षाओं में भी हुई धांधलियां : विकास जाखड़

## संक्षिप्त

### किशोर गृह का निरीक्षण किया

**टोंक,** (निसं)। बाल कल्याण समिति (न्यायपीठ) टोंक के द्वारा राजकीय किशोर गृह टोंक का निरीक्षण समिति अध्यक्ष हेमराज चौधरी एवं सदस्य संदीप कांटिया, गौरव मधुकर, शाहीन हबीब, शैफाली जैन द्वारा किया गया। समिति अध्यक्ष हेमराज चौधरी ने बताया कि निरीक्षण में 11 बालक उपस्थित मिलें। 2 बालक स्कूल गये हैं तथा 2 बालक अवकाश पर है। आज निरीक्षण के दौरान गृह में साफ-सफाई उचित पाई गई तथा बालक पढ़ाई कर रहे थे। बालकों के डाईट चार्ट का नया प्रारूप प्रदर्शित करने तथा उनके आधार पर बालकों को नाश्ता, खाना देने का निर्देश दिया गया।

### राजेश पायलट की जयंती आज

**टोंक।** किसान नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय राजेश पायलट की जयंती के अवसर पर गुरुवार को प्रात: 11 बजे श्री देवनारायण गुर्जर छात्रावास टोंक में 77वी जयंती मनाई जाएगी। यह जानकारी जिला कांग्रेस कमेटी टोंकजिला प्रवक्ता एवं जिला मीडिया प्रभारी रामलाल गुर्जर संडीला ने दी।
एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित मालपुरा। युवाओं में स्वरोजगार के साथ-साथ आत्मनिर्भर बनाये जाने के उद्देश्य को लेकर सिकोईडीकोन संस्था मालपुरा कार्यालय में बुधवार को एक दिवसीय युवा आमुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में युवााओं के साथ स्टोरी टैलिंग क्लब गठन को लेकर विचार सांझा किये गये। कार्यशाला में पांच ग्राम पंचायतों के तीन दर्जन युवाओं ने भाग लिया।

### जांच शिविरों की सारिणी घोषित

**पावटा।** राजकीय आयुर्वेद औषधालय पावटा शिविर प्रभारी डॉ नाहर मल यादव ने बताया कि राजकीय आयुर्वेद औषधालय पावटा जयपुर द्वारा ब्लॉक पावटा स्तर पर रामलीला मैदान में सुबह 9 बजे से शाम 3 बजे तक नियमित जांच व निदान शिविरों की आगामी छ: महिनो की समय सारिणी घोषित करते हुए बताया कि 9 फरवरी, 9 मार्च, 6 अप्रैल, 11 मई, 8 जून, 6 जुलाई को आयोजित कर विभिन्न रोगों का आयुर्वेद पद्धति से जाँच एवं उपचार कर परामर्श दिया जायेगा।

### अवैध देशी कट्टे सहित एक आरोपी गिरफ्तार

**कोटपूतली।** स्थानीय थाना पुलिस ने कार्यवाही करते हुए अवैध देषी कट्टे सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जयपुर ग्रामीण पुलिस अधिक्षक मनीष अग्रवाल द्वारा अवैध हथियार रखने वालों के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत एएसपी विधा प्रकाश के निर्देशन व डीएसपी डॉ. संध्या यादव के सुपरविजन एंव थानाधिकारी सवाई सिंह के नेतृत्व में एक टीम गठित कि गई जिसमें एसआई अशोक कुमार, कानि. मुकेश कुमार, गजराज, पंकज को षामिल किया गया। उक्त टीम ने कार्यवाही करते हुए मंगलवार को गुर्जर छात्रावास के पास से रवि सैनी उर्फ कबीर पुत्र राजेन्द्र कुमार सैनी निवासी वार्ड नं. 17 ढाणी डांसावाली को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध देशी कट्टा बरामद किया है।

### आज चार घण्टे विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी

**कोटपूतली,** (निसं)। स्थानीय 220 केवी जीएसएस पर आवश्यक रखरखाव व मरम्मत कार्यों के चलते गुरूवार को चार घण्टे बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। एक्सईएन रामसिंह यादव ने बताया कि कोटपूतली जीएसएस से निकलने वाले समस्त 33 केवी फीडर कोटपूतली सिटी, पूतली, बड़ाबास, पनियाला, रामसिंहपुरा, पाथरेड़ी, पावटा आदि फीडर की विद्युत सप्लाई आवश्यक रख रखाव व मरम्मत कार्यों के चलते गुरूवार को प्रात: 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक बंद रहेगी।

### अवैध शराब के साथ महिला गिरफ्तार

**टोंक ।** शहर कोतवाली थानान्तर्गत द्वारा अवैध शराब का परिवहन करती एक महिला को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दो लीटर हथकढ शराब जब्त की गई। पुलिस ने बुधवार को अवैध रूप से हथकढ शराब का परिवहन करती एक महिला शकुन्तला देवी पत्नि मोहर सिंह सांसी (42) निवासी अलीपुरा थाना मेहन्दवास जिला टोंक हाल निवासी सीता वाटिका के पास अम्बिका कालोनी टोंक को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दो लीटर हथकढ शराब जब्त किया जाकर आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई।

# डिग्गी में नए बन रहे पंचायत भवन का निर्माण रूकवाया

**डिग्गी,** (निसं)। डिग्गी ग्राम में नए बन रहे पंचायत भवन में घटिया साम्रगी काम में लेने का विरोध जताकर निर्माण कार्य रूकवाया गया। डिग्गी उपसरंपच विजय नारायण शर्मा सहित अन्य ग्रामीणों ने घटिया निर्माण साम्रगी का विरोध जताकर नए बन रहे पंचायत भवन का निर्माण कार्य रूकवाया गया।

डिग्गी उप तहसील के पीछे बन रहे नए पचांयत भवन में डस्ट को काम में लेने पर उपसरंपच विजयनारायण

■ ग्रामीणों ने घटिया निर्माण साम्रगी काम में लेने का आरोप लगाया

शर्मा, वार्ड पंच सहित अन्य ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर हो रहे निर्माण कार्य को रूकवाया। ग्रामीणों ने इस कार्य की शिकायत डिग्गी नायब तहसीलदार प्रहलाद सिंह सहित ठेकेदार से की। ग्रामीणों ने बताया कि नायब तहसीलदार प्रहलाद सिंह ने तो अभी मीटिंग में जाने की बात बताई। वहीं ठेकेदार को वार्ड पंच व उपसरपंच आदि के द्वारा फोन किया गया तो रिसीव नहीं दिया गया। ग्रामीणों ने मौके पर ही ठेकेदार को भुलाना चाहा, परन्तु ठेकेदार मौके पर नहीं आया। इस कार्य की जानकारी पर नरेगा जेईएन युवराज सिंह ने बताया कि निर्माण साम्रगी में अगर डस्ट काम ली जा रही है तो निर्माण कार्य को यकवाया जाएगा एवं डस्ट से जहां-जहां पर कार्य किया गया है उसको तुड़वाया जाएगा। नरेगा जेईएन के द्वारा यह भी बताया कि कार्य की जल्द जांच करवाई जाएगी।



डिग्गी उपसरंपच विजय नारायण शर्मा सहित अन्य ग्रामीणों ने घटिया निर्माण साम्रगी का विरोध जताकर नए बन रहे पंचायत भवन का निर्माण कार्य रूकवाया।

## ग्राम पंचायत जगदीशपुरा व कांसली में टीकाकरण का लक्ष्य पूरा

**कोटपूतली।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पंचायतों सहित शहर में टीकाकरण लक्ष्य पूरा करने के लिए 31 जनवरी तक का समय दिया गया था। इसके तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारेहड़ा के अधीन ग्राम पंचायत कांसली व जगदीशपुरा निर्धारित तिथि तक टीकाकरण के शत प्रतिशत लक्ष्य पूरा करने में सफल रही है। टीकाकरण के लक्ष्य पूरा करने पर उपस्वास्थ्य केंद्र कांसली व उपस्वास्थ्य केंद्र जगदीशपुरा में चिकित्सा कर्मियों व ग्राम पंचायतों के अधिकारियों की बैठक हुई। इसमें ग्राम पंचायत के टीकाकरण के लक्ष्य अर्जित करने पर खुशी जताई गई और ग्राम पंचायत की ग्राम स्तरीय टीम का भी आभार व्यक्त किया गया। इस टीम में एनएम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व ग्राम विकास अधिकारी शामिल थे। सीएचसी प्रभारी डॉ. राहुल शर्मा ने बताया कि ग्राम पंचायत जगदीशपुरा में 2380 व ग्राम पंचायत कांसली में 3315 टीकाकरण का लक्ष्य था जिसे शत-प्रतिशत पूरा किया गया है। इस मौके पर बीसीएमएचओ डॉ. रामनिवास यादव, सीएचसी प्रभारी डॉ राहुल शर्मा, एएनएम सविता रैनू, सीएचए जगवीर यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## सार-समाचार

### एसडीएम संजीव कुमार ने संभाला कार्यभार



**नारायणपुर,** (निसं)। उपखंड कार्यालय नारायणपुर का बुधवार को नए एसडीएम संजीव कुमार ने कार्यभार संभाला । पूर्व मंडल अध्यक्ष फूलचंद यादव के नेतृत्व में ग्रामीणों ने नए एसडीएम संजीव कुमार का साफा व माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। गौरतलब है कि उपखंड अधिकारी संजीव कुमार इससे पहले बहरोड़ तहसील में तहसीलदार के पद पर कार्यरत थे, उनके द्वारा बुधवार को नारायणपुर उपखंड का पदभार ग्रहण के दौरान मीडिया से बात करते हुए कहा कि जनता की समस्या का शीघ्र समाधान करना पहली प्राथमिकता रहेंगी । इस अवसर पर समाजसेवी मुकेश गोठवाल, राजेश फागणा, अधिवक्ता राहुल टेलर, विजय कुमार शर्मा, राजू प्रजापत, लाला प्रजापत, ख्याली यादव आदि लोग मौजूद थे।

### 18 घंटे से नहीं हुई शव की पहचान

**बहरोड़।** भिवाड़ी थाना क्षेत्र के अंतर्गत बहरोड़ कस्बे के नजदीकी गांव कांरदोपा पुल के ऊपर 7 फरवरी की मध्यरात्रि को नेशनल हाइवे 48 पर अज्ञात वाहन की टक्कर से हाइवे सड़क क्रॉस कर रहे व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को राजकीय अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। मृतक के परिजनों की तलाश की जा रही है। थानाधिकारी सुणीलाल मीणा ने बताया कि मृतक ने सफेद रंग की शर्ट, लाल टीशर्ट और नीले रंग की पैंट पहनी रखी है। नीले रंग के बगैर डोरी के जूते पहने हुए हैं। उम्र करीब 35 से 40 वर्ष के है। उन्होंने बताया कि मृतक के कपड़ों में किसी भी प्रकार का घरेलू पता नहीं मिला जिससे मृतक की पहचान करना मुश्किल हो रहा है। हादसे में शव लहूलुहान हालात और सिर कुचला हुआ मिला। उन्होंने बताया कि करीब 18 घंटे से परिवार से लापता व्यक्ति यदि कोई हो तो उसके परिजन या परिचित पुलिस थाने पर संपर्क कर सकते हैं। थाने के मोबाइल नम्बर 01494220022 तथा 8764874034 मोबाइल नंबर पर संपर्क नहीं होने पर थानाधिकारी के व्यक्तिगत मोबाइल नंबर 9784450492 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

### बीडी श्रमिकों ने सभापति को ज्ञापन दिया

**टोंक,** (निसं)। टोंक बीडी कामगार यूनियन टोंक ने बीडी श्रमिक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी वार्ड नं. बहीर टोंक में सड़क, नाली, सीवरेज लाईन कार्य करवाने व स्ट्रीट लाइट खंभों पर एलइडी लाईटें लगवाने की मांग को लेकर सभापति अली अहमद को ज्ञापन सौंपा। अध्यक्ष वाहिद एवं महामंत्री जहुरूद्दीन ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी वार्ड नं. 1 बहीर टोंक में लगभग 173 क्वार्टर निर्माण किये गये थे का कब्जा सरकार द्वारा दे दिया गया था, जिसमें 60-70 क्वार्टरों में श्रमिक निवास कर रहे हैं, परन्तु इस कॉलोनी में सडकँ व नालियां नहीं है, लगभग 70 स्ट्रीट खंभों पर एलईडी भी नहीं लगी हुई है, कॉलोनी में मूलभूत सुविधाओं का अभाव होने से कॉलोनी वाले परेशान रहते है। अत: बीडी श्रमिकों की इस कॉलोनी की समस्याओं का निराकरण करने के लिए सभापति को ज्ञापन दिया गया है।

### नहर से बांधों को जोड़ने की मांग

**कोटपूतली।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम खडब के ग्रामीणों ने सरपंच मालाराम गुर्जर के नेतृत्व में बुधवार को सांसद कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड को नहर से बांधों को जोडने के संदर्भ में ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन ने बताया कि हरियाणा के जिला महेंद्रगढ़ की सीमा कोटपूतली विधानसभा से लगती है, सीमा तक यमुना लिंक नहर का पानी आ रहा है, यदि इस नहर का विस्तार कर कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र में स्थित बेरी बांध, बनाडी बांध व बुचारा बांध को इसके पानी से जोड दिया जाए तो लगभग 140 ग्राम की पेयजल समस्या व सिचाई समस्या से निजात मिल सकती है। ज्ञापन सौंपकर नहर से बांधों से जोडने की मांग की।

### सुरक्षित ड्राइविंग के गुर बताए

**चाकसू।** कस्बे में हीरो मोटोकॉर्प के अधिकृत विक्रेता नाकोडड़ा ऑटोमोबाइल पर सड़क सुरक्षा माइलेज कैंप का आयोजन हुआ। हीरो मोटोकॉर्प रीजनल मैनेजर गौरव शर्मा, मनीष करवा, शशांक, नाकोडा मोटर्स के डायरेक्टर प्रशांत ओसवाल एवं ओसवाल गैस एजेंसी के डायरेक्टर भागचंद ओसवाल ने दीप प्रज्ज्वलन कर फीता काट के कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कैंप में वाहन चालकों को यातायात से जुड़े नियमों की जानकारी देते हुए सुरक्षित ड्राइविंग के गुर बताए। कैंप में 15 वाहन चालकों को बुलाकर उनकी गाड़ी का पेट्रोल टंकी फुल करके 60 किलोमीटर चलाया तत्पश्चात दुबारा पेट्रोल टैंक फुल करवाया जिससे माइलेज निकाल कर जीतने वाली उपभोक्ताओं को हेलमेट और फुल्ल टंकी पेट्रोल से पुरस्कृत किया गया।

### यज्ञ और भागवत कथा जारी

**नारायणपुर।** कस्बे में स्थित पुरुषोत्तमदास आश्रम में इन दिनों महामंडलेश्वर जनार्दन दास महाराज के सानिध्य में एकादस कुण्डात्मक जन कल्याणार्थ श्रीराम यज्ञ और सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। यज्ञ का शुभारंभ 5 फरवरी को कलश यात्रा के साथ हुआ। श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ 6 फरवरी को हुआ। श्रीमद्भागवत कथा महंत सुदर्शन दास महाराज के द्वारा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से सायं 6 बजे तक सुनाई जा रही है। जिसमे बड़ी संख्या में भक्त कथा का रसपान कर रहे हैं। धार्मिक आयोजन का समापन संतो के द्वारा 13 फरवरी को पूर्णाहुति के साथ किया जाएगा।

## जिला सीनियर शतरंज प्रतियोगिता शुरू

**श्रीमाधोपुर।** जिला शतरंज संघ सीकर द्वारा शतरंज संघ श्रीमाधोपुर के कार्यालय परिसर में सीनियर जिला शतरंज प्रतियोगिता का शुभारंभ बुधवार को किया गया। संघ के सचिव एडवोकेट गिरिराज शर्मा के अनुसार कोविड के कारण व राज्य स्तरीय प्रतियोगिता की अचानक 11 से 13 फरवरी तक आयोजन के कारण अल्प समय में आयोजन के कारण प्रतियोगियों की संख्या कम रही। प्रतियोगिता के आर्बिट्रेटर दीपक राव के अनुसार साय 5 बजे तक तीन राउंड खेले जा चुके थे। तीसरे राउंड में प्रथम बोर्ड पर त्रिलोक शर्मा ने मनीष मिश्रा को हराकर एकल बढ़त बनाई, वही दूसरे बोर्ड पर श्रीमाधोपुर के ही शुभम सैनी ने गिरिराज शर्मा को, लक्ष्मणगढ़ के अमित शर्मा ने धर्मेंद्र कुड़ी को, प्रियांशु सैनी ने नितेश सैनी को हराया। उक्त प्रतियोगिता में एकल बालिका एंजेल खुराना व लक्षित महरडा तथा जितेंद्र राव ने भी भाग लिया है।

# सीमा रेखा पार कर रहे दुकानदारों के चालान कर फिर सख्ती दिखाई

**टोंक,** (निसं)। सीमा रेखा पार कर रहे दुकानदारों के चालान कर पुलिस ने एक बार फिर सख्ती दिखा अस्थाई अतिक्रमण हटाए।

जिला पुलिस अधीक्षक मनीष तिवारी के निर्देशों पर शहर की यातायात व्यवस्था सही रहे इसके लिए पुलिस उपाधीक्षक सलेह मोहम्मद, शहर कोतवाल जितेन्द्र सिंह, पुरानी टोंक थाना प्रभारी संग्रामसिंह के नेतृत्व में दुकानदारों द्वारा किए गए अस्थाई अतिक्रमण हटा दिए थे और सीमा रेखा तय कर दी थी, वाहनों को खडे करने की भी सीमा रेखा तय हुई थी। किन्तु दुकानदारों ने सीमा रेखा का उल्लंघन किया तो पता चलने पर बुधवार को फिर पुलिस उपाधीक्षक सलेह मोहम्मद, कोतवाल जितेन्द्रसिंह दल बल के साथ मुख्य बाजार में पैदल निकले और सीमा रेखा का उल्लंघन कर रहे दुकानदारों के चालान काट उन्हें सीमा में रहने के लिए पाबंद किया। अस्थाई अतिक्रमण हटने व शहर में चाय आदि के ठेलों का व्यवस्थित रुप से खड़े करने के कारण यातायात सुगम हो गया। आम लोगों को राहत मिली है, पुलिस के इस प्रयास की लोग प्रशंसा भी कर रहे है।



टोंक में सीमा रेखा पार कर रहे दुकानदारों के चालान कर पुलिस ने एक बार फिर अस्थाई अतिक्रमण हटाए।

## आयुष नर्सेज महासंघ ने विधानसभा कूच की चेतावनी दी

**श्रीमाधोपुर।** आयुर्वेद विभागन्तर्गत वरिष्ठता की जानबूझकर उपेक्षा कर उपनिदेशक व अतिरिक्त निदेशक के पदों पर कनिष्ठ अधिकारियों को कार्यव्यस्थार्थ लगाकर चार्ज देने के आदेशों पर अंकुश लगाकर सीकर उपनिदेशक का चार्ज जिले के वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. मोहनदास स्वामी को नहीं देने के विरोध में अखिल राजस्थान राज्य आयुष नर्सेज महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष छीतर मल सैनी ने मुख्यमंत्री, आयुष मंत्री, मुख्यसचिव व विभाग के अधिकारियों को बुधवार को पुन: पत्र भेजकर विधानसभा पर कूच कर प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष सैनी ने कहा कि आम आयुर्वेद कर्मी प्रशानिक फैसलों से ख़फ़ा नजर आ रहे हैं जिसके चलते प्रदेश की संवेदनशीलत सरकार की छवि पर सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं।

# विभिन्न समस्याओं को लेकर प्राचार्या को सौंपा ज्ञापन

**कोटपूतली,** (निसं)। स्थानीय राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविद्यालय में छात्रों की विभिन्न समस्याओं को लेकर राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष देशराज पायला व महाविद्यालय के छात्रसंघ अध्यक्ष कमल सैनी के नेतृत्व में छात्रों ने प्राचार्या डॉ. रेणु माथुर को ज्ञापन सौंपा है।

ज्ञापन में महाविद्यालय में कोरोना टीकाकरण शिविर लगाने, गार्डन की साफ-सफाई कर ताले खोले जाने, हॉस्टल परिसर की मरम्मत व रंग-रोगन करवाने एवं दैनिक समाचार पत्र चालू करवाने, महाविधालय के वाचनालय में उचित व्यवस्था कर शीघ्र खोले जाने, महाविधालय के बाहर लगे मिट्टी के ढ़ेर को हटवाने, वॉटर कूलर व पानी की टंकी की साफ-सफाई कर उन्हें चालू करने, विद्यार्थियों को आईडी कार्ड व पुस्तकें जारी करने की मांग की गई है। आरएलपी विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष पायला ने बताया कि छात्रों से प्रवेश के समय कम्प्यूटर क्लास के नाम पर

■ सात दिन में समस्याओं का समाधान नहीं होने पर आन्दोलन की चेतावनी दी

महाविद्यालय द्वारा करीब 300 से 400 रुपये लिए गए थे लेकिन छात्रों की कम्प्यूटर क्लासें नहीं लग रही है। लाईब्रेरी के नाम पर भी 50 रूपये लिए गए थे लेकिन छात्रों को पुस्तकें उपलब्ध नहीं करवाई गई। आरोप है कि कॉलेज प्रशासन ने वाचनालय में भी अपना स्टोर रूम बना रखा हैं। छात्रों ने सात दिन में समस्याओं का समाधान नहीं किए जाने पर आन्दोलन की चेतावनी दी। इस दौरान विशाल यादव, धर्मवीर, सुनील गुर्जर, सोनू, राजवीर, गुलशन जांगिड़, अनुज आर्य, अभिषेक, रितिक चौधरी, अजीत जांगल, हिमांशु, राकेश, अभिषेक शर्मा, नवीन यादव, अनिल सैनी, राहुल आर्य, गगन, मयंक जांगिड़, राजन शर्मा, हर्ष व सचिन सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## पेयजल लाइन जाम हुयी

**सांभरझील।** यहां बड़ा बाजार स्थित खटीकों की हथायी में जलदाय विभाग की करीब चालीस साल पुरानी पेयजल लाइन जाम होने से सैंकडों उपभोक्ताओं के सामने पीने के पानी का संकट खड़ा होने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि यहां के अनेक उपभोक्ताओं ने जलदाय विभाग के सहायक अभियन्ता जग्गाराम वर्मा से लेकर विभाग के काम करने वाले कार्मिकों तक इस बारे में बताया लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं निकाला जा रहा है। यहां के लोगों ने एक माह पहले भी लिखित में विभाग को जानकारी देना बताया है, लेकिन अभी यह पता नहीं चल सका है कि यह पेयजल कितने टाइम से जाम पड़ी है। अब इस पेयजल लाईन से रूक रूककर पानी तो आता है लेकिन इसके साथ कचरा भी आना बताया जा रहा है। इस मौहल्ले में रहने वाले हरीशचन्द, पवन कुमार, चन्द्रप्रकाश, रामस्वरूप, कालू, दीनदयाल, श्रवण चावला ने विभाग से गुहार लगायी है कि इस समस्या का शीघ्र निवारण कर राहत दी जाये।

# महिला स्वावलम्बन को लेकर सेमिनार आयोजित

**फुलेरा।** कस्बे के बस स्टैंड के निकट स्थित पुराने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन में संचालित इन्दिरा रसोई के पास बुधवार दोपहर 12:15 बजे महिला स्वावलम्बन को लेकर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस दौरान दीनदयाल राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत सुजस सांस्कृतिक सेवा संस्थान के पदाधिकारीयों ने महिला स्वावलम्बन को लेकर विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चाऐं करते हुए जागरूक किया।

इसी क्रम में संस्था के प्रोजेक्ट समन्वयक मुकेश कुमार शर्मा ने बताया कि संस्था की इस योजना का मुख्य उद्देश्य है कि नगर पालिका मण्डल फुलेरा क्षेत्र में आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं के संघ बनाकर उनको आर्थिक, सामाजिक सबल प्रदान करना है। इसमें महिलाएं अपने व्यवसाय के लिए ऋण लेकर परीक्षण प्राप्त कर स्वावलम्बन के साथ अच्छे से कार्य कर सकती है। वहीं संस्थान की उपाध्यक्ष प्रियंका सिन्हा ने महिलाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि संस्थान इन्दिरा रसोई योजना के तहत संस्थान सांभर, फुलेरा, जोबनेर व किशनगढ़ रेनवाल से संचालन कर रही है।

साथ ही आगे कहा कि संस्थान को 15 अगस्त को संस्था को बेस्ट रसोई संचालन के लिए जिला स्तर पर सम्मान प्राप्त हुआ है। इसके अलावा संस्थान अपने अन्य समाज सेवा कार्य भी करती आ रही है। वहीं आगे बताया कि महिलाएं अपनी सुविधानुसार ग्रुप बनाकर कार्य कर सकती है। इस अवसर पर ऑफिस इंचार्ज अंजली कुमावत, कम्प्यूटर ऑपरेटर बजरंग कुमावत, रेखा देवी, तारा देवी, संजना जाटोलिया, चन्द्रकांता, सुमन देवी, सुमित्रा, पुष्पा, सन्तोष, चन्दा मैना देवी, सुदन तंवर, रेणु कुमावत, संतोष, मनीषा सैनी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# गरीब बेटियों की शादी में विधायक ने आर्थिक सहायता की

**पावटा,** (निसं)। विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक इंद्राज गुर्जर कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों के अवगत करवाने के बाद गरीब परिवार की बेटियों के लिए आर्थिक सहायता के साथ-साथ फर्नीचर का सामान भी उपलब्ध करवा रहे हैं।

ग्राम जाजैकलां में एक गरीब परिवार में दो बेटियों गुड्डी और शालू के माता और पिता काफी समय पहले ही गुजर गए थे। घर के मुखिया के देहांत के बाद परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर हो चुकी थी। जिसके बारे में कांग्रेस कार्यकर्ता पूरणमल स्वामी रामपुरा ने विधायक इंद्राज गुर्जर को अवगत करवाया, जिस पर उन्होंने दोनों बेटियों के विवाह के लिए संपूर्ण फर्नीचर उपलब्ध करवाया।

वहीं ग्राम मण्ढा में स्वर्गीय अमीचंद वर्मा की पुत्री मुकेश व मनीषा दोनों बहनों की कम उम्र में ही पिताजी का देहांत हो जाने के कारण परिवार की स्थिति बहुत दयनीय थी। कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा प्राप्त सूचना पर विधायक प्रतिनिधि राजेश गुर्जर ने पहुंचकर 21 हजार रुपये की नगद आर्थिक सहायता की एवं साथ में उपस्थित महेन्द्र रावत ने 5100 रूपये की आर्थिक सहायता की। वहीं विराटनगर विधानसभा के ग्राम जयसिंहपुरा में स्वर्गीय खेमचंद रैगर की पुत्री ज्योति की कम उम्र में पिता का देहांत हो जाने के कारण परिवार की स्थिति बहुत दयनीय थी। सूचना लगते ही शादी में संपूर्ण फर्नीचर उपलब्ध करवाया व शादी में छोटे भाई राजेश गुर्जर को भेजकर 2100 रुपए की नगद आर्थिक सहायता दी। वही विराटनगर विधानसभा के ग्राम रामपुरा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की सूचना पर नारायण लाल मेहरा की पुत्रियों पूनम और सरिता की शादी में परिवार की दयनीय स्थिति को देखते हुए दोनों पुत्रियों के लिए सपूर्ण फर्नीचर व छोटे भाई राजेश गुर्जर को भेजकर 5100 रुपये की नकद आर्थिक सहायता दी। इस मौके पर विधायक इंद्राज गुर्जर ने बताया कि विराटनगर विधान सभा क्षेत्र के हर एक परिवार को साथ लेकर चलना व उनके सुख दुख में भागीदार बनना ही मेरे राजनैतिक जीवन का उद्देश्य व मेरे जीवन का ध्येय है।



विधायक इंद्राज गुर्जर ग्रामीणों के अवगत करवाने के बाद गरीब बेटियों के लिए आर्थिक सहायता के साथ फर्नीचर भी उपलब्ध करवा रहे हैं।

## सुरेली रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव की मांग

**टोंक,** (निसं)। ग्राम विकास समिति व रेल रोको समिति सुरेली तहसील उनियारा द्वारा सुरेली रेलवे स्टेशन पर रेलों के ठहराव की मांग को लेकर महाप्रबंधक उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर के नाम जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल को ज्ञापन दिया।

समिति के अध्यक्ष रामसहाय जाट, मंत्री रमजानी खां, सचिव कजोडमल मीणा ने बताया कि 1 जुलाई 1976 से सुरेली रेलवे स्टेशन पर जोधपुर से भोपाल, जयपुर से बयाना चलने वाली ट्रेनों का ठहराव चला आ रहा था, जिसे बंद कर देने से लगभग 30 गांव की जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड रहा है।

सुरेली रेलवे स्टेशन पर उपरोक्त रेलों के ठहराव की मांग को लेकर गांव के लोगों ने डीआरएम जयपुर व टोंक-सवाईमाधोपुर सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया को अवगत कराया गया है, लेकिन सुरेली स्टेशन पर रेलों का ठहराव नहीं करने पर ग्रामवासियों ने जनसभा करके निर्णय लिया है कि 11 फरवरी 22 से उक्त ट्रेनों का ठहराव शुरू नहीं किया गया तो ग्रामवासियों द्वारा 14 फरवरी से जयपुर-सवाईमाधोपुर रूट की सभी ट्रेनों को सुरेली रेल्वे स्टेशन पर रोका जाकर रेल्वे ट्रेक को जाम किया जावेगा।

# रामसेवा परिवार ने निर्धन बालिका का विवाह कराया

**मालपुरा,** (निसं)। शहर के प्रमुख सामाजिक संगठन श्रीराम सेवा परिवार ने अल्प समय में तीन निर्धन बालिकाओं का कन्यादान व विवाह की रस्म निभा सामाजिक सरोकार की एक मिशाल बनने का सौभाग्य प्राप्त किया है।

चार साल से कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी से ग्रसित एक निर्धन ब्राह्मण रामकिशोर गौतम निवासी डोडवाडी हाल निवासी जवाहर नगर मालपुरा की बीते दिनों 24 जनवरी को हुई

■ अब तक तीन बालिकाओं का करा चुके हैं विवाह

आकस्मिक मौत के बाद पिता की अन्तिम ईच्छा पूर्ण करने तथा गरीब व निर्धन परिवार की ब्राह्मण कन्या का कन्यादान कर शादी की रस्म ब्राह्मण कुल के रिती रिवाजों से करने का बीड़ा उठाये शहर के प्रमुख सामाजिक संगठन श्रीराम सेवा परिवार ने बुधवार को ब्राह्मण बालिका का कन्यादान कर सामाजिक सरोकार की मिशाल पेश की। श्रीराम सेवा परिवार के दिनेश विजय सहित प्रमुख समाजसेवी गिरधारी आगीवाल, गोविन्दनारायण विजय, त्रिलोकचन्द ने बताया कि स्व. रामकिशोर गौतम की कैंसर की बीमारी व परिवार की आर्थिक स्थिति सहित ईकलोती बेटी संगीता उर्फ लक्ष्मी की 5 फरवरी को शादी का पता लगने पर रामसेवा परिवार ने सम्पूर्ण शादी का खर्च वहन करने व धूमधाम से शादी करने का संकल्प ले शहर के भामाशाहों को सोशल मिडिया के जरिए प्रेरित कर व्यवस्थाओं में जुट गये। बुधवार को केकडी क्षेत्र के काचरिया गांव निवासी महावीर गौतम पुत्र कृष्णगोपाल गौतम बारात लेकर विवाह समरोह स्थल पर पहुंचने पर रामसेवा परिवार सहित शहर वासियों ने बारात की अगुवानी कर भव्य स्वागत किया तथा शादी की वो सभी रस्मे पूरी करवाई। भामाशाहओं के सहयोग से रामसेवा परिवार द्वारा जुटाये सोने के टॉप्स, दो जोडी लौंग, चांदी की पायजेब, बिछिया, डबल बैड, एलईडी, फ्रिज, कुलर, 30 साडी, दुल्हन का बैससहित एक से बढकर एक उपहार दहेज स्वरूप दिये।



सिर से पिता का साया उठने के बाद गरीब व निर्धन परिवार की ब्राह्मण बालिका का रामसेवा परिवार ने कन्यादान किया ।



वह ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट के लीजैंड हैं और उन्होंने टीम के लिए ऊंचे मानदंड कायम किए थे। जस्टिन ने कई बडे बदलाव किए और उसे इसका श्रेय जाता है। लेकिन अब बदलाव का सही समय था। हमें ऐसे कोच की जरूरत थी जिसकी शैली नई हो जो अधिक शांत हो। - **पैट कमिंस**

ऑस्ट्रेलियाई कप्तान, पूर्व कोच जस्टिन लैंगर के बारे में।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** — **स्मृति मंधाना**



**भारत** की बल्लेबाज स्मृति मंधाना न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में नहीं खेलेंगी क्योंकि उन्हें मेघना सिंह और रेणुका सिंह के साथ आइसोलेशन और क्वारंटाइन सेंटर में कुछ और दिन बिताने हैं। यास्तिका ने कहा, स्मृति, मेघना सिंह और रेणुका सिंह न्यूजीलैंड सरकार द्वारा अनिवार्य (अलगाव और संगरोध) में हैं। फिलहाल हम यही कह सकते हैं। स्मृति बुधवार को खेले गए टी20 से भी चूक गईं जहां यास्तिका ने शैफाली वर्मा के साथ पारी की शुरुआत की। भारत को बुधवार को न्यूजीलैंड के हाथों 18 रन से हार का सामना करना पड़ा।

क्या आप जानते हैं ?... टेस्ट क्रिकेट इतिहास का पहला टेस्ट इंग्लैंड व ऑस्ट्रेलिया के मध्य 1877 में मेलबोर्न में खेला गया था। इसे ऑस्ट्रेलिया ने 45 रन से जीता।

# भारत ने वेस्टइंडीज से दूसरा वनडे 44 रन से जीता, सीरीज पर कब्जा



अहमदाबाद, 9 फरवरी। मध्य क्रम के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव (64) और उप कप्तान लोकेश राहुल (49) की जुझारू पारियों के बाद तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा (12 रन पर चार विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के सधे हुए प्रदर्शन की बदौलत भारत ने बुधवार को यहां वेस्ट इंडीज को दूसरे वनडे में 44 रन से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अपराजेय बढ़त बना ली। भारत ने 50 ओवर में नौ विकेट पर 237 रन का सम्मानजनक स्कोर बनाया और बेहतर गेंदबाजी करते हुए विंडीज को 46 ओवर में 193 रन पर समेट दिया।

मेहमान टीम वेस्ट इंडीज ने टॉस जीत कर गेंदबाजी करने का निर्णय लिया और अच्छी गेंदबाजी करते हुए शुरुआत में कप्तान रोहित शर्मा, ऋषभ पंत और विराट कोहली के विकेट लेकर भारत को बड़े झटके दिए। परिणामस्वरूप मध्य क्रम पर दबाव आया, लेकिन सूर्यकुमार और राहुल ने क्रमशः पांच चौकों की मदद से 83 गेंदों पर 64 और चार चौकों और दो छक्कों के सहारे 48 गेंदों पर 49 रन की जुझारू पारियां खेल कर टीम को संकट से बाहर निकाला। दोनों के बीच चौथे विकेट 91 रन की साझेदारी हुई।

राहुल के आउट होने के बाद सूर्यकुमार ने वॉशिंगटन सुंदर के साथ पांचवें विकेट के लिए भी 43 रन की साझेदारी बनाई। फिर अंत में दीपक हुड्डा के 29, वॉशिंगटन सुंदर के 24 रन और युजवेंद्र चहल के 11 रन के योगदान की बदौलत भारत 50 ओवर में नौ विकेट पर 237 रन के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचने में कामयाब रहा।

नई रणनीति के तहत पंत रोहित के साथ ओपनिंग के लिए उतरे, लेकिन दोनों सलामी बल्लेबाज कुछ खास नहीं कर पाए। तीसरे ओवर की आखिरी गेंद पर नौ के स्कोर पर रोहित के रूप में भारत का पहला विकेट गिरा। वह आठ गेंदों में पांच रन बना कर आउट हुए, जबकि 39 के स्कोर पर पंत के रूप में दूसरा विकेट गिरा, जो 34 गेंदें खेल कर 18 रन पर आउट हुए, जिसमें उन्होंने तीन चौके लगाए। पूर्व कप्तान विराट कोहली भी आज कुछ खास नहीं कर पाए और तीन चौकों के सहारे 30 गेंदों पर 18 रन पर आउट हो गए। पंत और विराट दोनों को युवा तेज गेंदबाज ओडियन स्मिथ ने आउट किया। उन्होंने सात ओवर में 29 पर दो, जबकि अल्जारी जोसफ ने 10 ओवर में 36 रन पर दो विकेट लिए।

कृष्णा ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए तीन विकेट लेकर विंडीज के शीर्ष क्रम को झकझोरा और फिर केमार रोच को पगबाधा कर विंडीज की पारी समेट दी। शार्दुल ठाकुर ने 41 रन पर दो विकेट लिए जबकि मोहम्मद सिराज, युजवेंद्र चहल, वाशिंगटन सुन्दर और दीपक हुड्डा को एक एक विकेट मिला। विंडीज की तरफ से शमार ब्रुक्स ने सर्वाधिक 44 रन बनाये जबकि ओपनर शाई हॉप ने 27, अकील हुसैन ने 34 और ओडीन स्मिथ ने 24 रन बनाये। विंडीज की पारी 76 रन पर पांच विकेट गंवाकर लड़खड़ा गयी थी। विंडीज ने अपना आठवां विकेट 159 के स्कोर पर गंवाया लेकिन स्मिथ ने दो जबरदस्त छक्के लगाकर भारतीयों की धड़कनें बढ़ा दीं लेकिन सुन्दर ने स्मिथ को बॉउंड्री पर विराट कोहली के हाथों कैच कराकर भारत का रास्ता साफ़ कर दिया। रोहित शर्मा ने अपनी कप्तानी में पहली वनडे सीरीज जीती जबकि भारत की विंडीज के खिलाफ यह लगातार 11 वीं वनडे सीरीज जीत है और उसने पाकिस्तान के जिम्बाब्वे के खिलाफ 11 सीरीज जीतने के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है।

## स्कोर बोर्ड

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रोहित शर्मा का होप बो रोच | 05 | 8 | 0 | 0 |
| ऋषभ पंत का होल्डर बो स्मिथ | 18 | 34 | 3 | 0 |
| विराट कोहली का होप बो स्मिथ | 18 | 30 | 3 | 0 |
| लोकेश राहुल रन आउट (हुसैन/होप | 49 | 48 | 4 | 2 |
| सूर्यकुमार यादव का जोसेफ बो एलेन | 64 | 83 | 5 | 0 |
| वॉशिंगटन सुंदर का जोसेफ बो हुसैन | 24 | 41 | 1 | 0 |
| दीपक हुड्डा का हुसैन बो होल्डर | 29 | 25 | 2 | 0 |
| शार्दुल ठाकुर का ब्रूक्स बो जोसेफ | 08 | 15 | 1 | 0 |
| मोहम्मद सिराज को होप बो जोसेफ | 03 | 5 | 0 | 0 |
| युजवेंद्र चहल नाबाद | 11 | 10 | 1 | 0 |
| प्रसिद्ध कृष्णा नाबाद | 00 | 3 | 0 | 0 |
| **अतिरिक्त :** | 08 | | | |

**कुल :** 50 ओवर में नौ विकेट पर 237
**विकेट पतन :** 1-9, 2-39, 3-43, 4-134, 5-177, 6-192, 7-212, 8-224, 9-226
**गेंदबाजी :** केमार रोच 8-0-42-1, अल्जारी जोसेफ 10-0-36-2, ओडियान स्मिथ 7-0-29-2, जेसन होल्डर 9-2-37-1, अकील हुसैन 6-0-39-1, फेबियन एलेन 10-0-50-1

| वेस्टइंटीज | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| शाई होप का सूर्यकुमार बो चहल | 27 | 54 | 3 | 0 |
| ब्रैंडन किंग पंत बो पी कृष्णा | 18 | 20 | 2 | 0 |
| डैरन ब्रावो पंत बो पी कृष्णा | 1 | 3 | 0 | 0 |
| शमार ब्रूक्स को सूर्यकुमार बो हुड्डा | 44 | 64 | 2 | 2 |
| निकोलस पूरन का रोहित बो पी कृष्णा | 9 | 13 | 0 | 1 |
| जेसन होल्डर का हुड्डा बो शार्दुल | 2 | 10 | 0 | 0 |
| अकील हुसैन का पंत बो शार्दुल | 34 | 52 | 3 | 0 |
| फ़ेबियन ऐलेन का पंत बो सिराज | 13 | 32 | 0 | 0 |
| ओडीन स्मिथ का कोहली बो सुंदर | 24 | 20 | 1 | 2 |
| अल्ज़ारी जोसेफ़ नाबाद | 7 | 15 | 0 | 0 |
| केमार रोच पगबाधा बो पी कृष्णा | 0 | 6 | 0 | 0 |
| **अतिरिक्त :** | 14 | | | |

**कुल :** 46 ओवर में 193
**विकेट पतन :** 1-32, 2-38 , 3-52 , 4-66 , 5-76, 6-117 ), 7-159 , 8-159 , 9-193, 10-193
**गेंदबाज़ी :** मोहम्मद सिराज 9-1-38-1, शार्दुल ठाकुर 9-1-41-2, प्रसिद्ध कृष्णा 9-3-12-4, युज़वेंद्र चहल 10-0-45-1, वॉशिंगटन सुंदर 5-0-28-1, दीपक हुड्डा 4-0-24-1

## 'गुजरात टाइटंस' के नाम से जानी जाएगी अहमदाबाद फ्रेंचाइजी

अहमदाबाद, 9 फरवरी। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की नई टीम अहमदाबाद 'गुजरात टाइटंस' के नाम से जानी जाएगी। टीम प्रबंधन ने बुधवार को कप्तान हार्दिक पांड्या और मुख्य कोच आशीष नेहरा की मौजूदगी में वर्चुअल रूप से इसकी घोषणा करते हुए कहा कि यह नाम गुजरात की समृद्धि और महत्वाकांक्षी भावना को प्रदर्शित करता है। अहमदाबाद टीम के मालिक सीवीसी कैपिटल के साझेदार सिद्धार्थ पटेल ने एक बयान में कहा, हम नीलामी की तरफ बढ़ रहे हैं और हमें पूरा विश्वास है कि हम एक बेहतरीन टीम खड़ी कर सकेंगे। हम ऐसे खिलाड़ियों का समूह चाहते हैं जो ना सिर्फ क्रिकेट में कुशल हो, बल्कि इस खेल का टाइटन बनने के लिए भी प्रेरित हो। हम अपने खेल से भारत और दुनिया भर के क्रिकेट प्रशंसकों को अपना बनाना चाहते हैं।

## रोहित, विराट वनडे रैंकिंग में अपने-अपने स्थानों पर बरकरार

दुबई, 9 फरवरी। भारत की सफेद क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा और पूर्व कप्तान विराट कोहली बुधवार को जारी आईसीसी की ताजा वनडे बल्लेबाजी रैंकिग में क्रमशः तीसरे और दूसरे स्थान पर बरकरार हैं। वेस्ट इंडीज के खिलाफ रविवार को पहले वनडे मैच में खेली 60 रन की पारी के बाद रोहित शर्मा के 807 अंक हो गए हैं और वह विराट कोहली के और करीब आ गए हैं, जो 828 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर मौजूद हैं। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम हालांकि 873 अंकों के साथ शीर्ष पर बने हुए हैं। वहीं दक्षिण अफ्रीका के क्विंटन डी कॉक 783 अंकों और ऑस्ट्रेलिया के वाइट बॉल कप्तान आरोन फिंच 779 अंक के साथ क्रमशः चौथे और पांचवे स्थान पर मौजूद हैं। आईसीसी वनडे गेंदबाजी रैंकिंग में फिलहाल कोई बदलाव नहीं हुआ है। स्टार भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह 686 अंकों के साथ सातवें स्थान पर बरकरार हैं, जबकि 737 अंकों के साथ न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट का शीर्ष स्थान पर कब्जा कायम है। वहीं ऑस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड 709 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर बने हुए हैं। इसके अलावा इंग्लैंड के क्रिस वोक्स और अफगानिस्तान के मुजीब-उर-रहमान क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर काबिज हैं।



**जयपुर पोलो सत्र में खेले जा रहे एसएमएस गोल्डवास कप बुधवार को तीन मैच खेले गए। पहले मैच में सहारा वारियर्स ने वी पोलो को साढ़े पांच के मुकाबले सात गोल से हराया। दूसरे मैच में लॉस पोलिस्ट्स पोलो ने कृष्णा पोलो को 7-6 से हराया। तीसरे मैच में सोना पोलो ने अचीवर्स विश्वा समुद्रा को 7-6 से हराया।**

## दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज नहीं खेलेंगे शाकिब अल हसन

ढाका, 9 फरवरी। बंगलादेश के स्टार ऑलराउंडर शाकिब अल हसन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मार्च-अप्रैल में होने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज नहीं खेलेंगे। क्रिकबज के मुताबिक शाकिब टेस्ट सीरीज से पहले होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए उपलब्ध होंगे और बाद में आईपीएल में शामिल होंगे, अगर उन्हें टूर्नामेंट के लिए किसी भी फ्रेंचाइजी द्वारा चुना जाता है।

बीसीबी के क्रिकेट संचालन के अध्यक्ष जलाल यूनुस ने बुधवार (9 फरवरी) को क्रिकबज को बताया, शाकिब निश्चित रूप से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे मैच खेलेंगे, हालांकि उन्होंने टेस्ट श्रृंखला के लिए अपनी उपलब्धता के बारे में कुछ नहीं कहा है। क्रिकबज ने इससे पहले बताया था कि बीसीबी ने बीसीसीआई को सूचित किया है कि उनका स्टार ऑलराउंडर आठ से 23 मई तक आईपीएल से बाहर रहेगा, क्योंकि बंगलादेश को उस समय श्रीलंका के खिलाफ दो टेस्ट मैच खेलने हैं, जो आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा हैं।


# कार्यालय नगर पालिका शाहपुरा, जिला जयपुर (राज.)

Phone No. 01422-272066 Email Id. shahpura.jaipur@gmail.com

क्रमांक-न.पा.शा./2022/4161 दिनांक- 09.02.2022

## आपत्ति आमंत्रण सूचना

सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा कृषि भूमि नियमन/स्टेट ग्रान्ट एक्ट/69 क पट्टा हेतु आवेदन किया है। किसी को भी इस बाबत आपत्ति हो तो 7 दिवस में मय सबूत लिखित में अधोहस्ताक्षरकर्ता को पेश करें। बाद अवधि विचार संभव नहीं होगा।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम/पिता/पति का नाम | स्थित भवन/भूमि का मौहल्ला रास्ता | खसरा नं. | कुल क्षेत्रफल (वर्गगज) | विशेष विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री इन्द्राज पलसानियां पुत्र श्री अमर सिंह | ढाणी रामसागर वाली वार्ड नं. 24 शाहपुरा | 4677 | 250.00 | कृषि भूमि नियमन |
| 2 | श्रीमती आशा जाट पत्नी श्री रूप सिंह जाट | ढाणी रामसागर वाली वार्ड नं. 24 शाहपुरा | 4677 | 250.00 | कृषि भूमि नियमन |
| 3 | श्रीमती कमली देवी पत्नी श्री मदन लाल | वार्ड नं. 15 बुनकर मौहल्ला शाहपुरा | 2107 | 75.00 | 69 क बाबत।। |
| 4 | श्री भास्कर शर्मा पुत्र श्री रामचरण शर्मा | मैन बाजार चोपड शाहपुरा | 3456 | 18.20 | 69 क बाबत।। |
| 5 | श्री कालूराम सैनी पुत्र श्री बिशना राम सैनी | वार्ड नं. 24 ढाणी दर्जियां वाली शाहपुरा | 4541 | 182.87 | कृषि भूमि नियमन |
| 6 | श्री बादू राम सैनी पुत्र श्री बिशना राम सैनी | वार्ड नं. 24 ढाणी दर्जियां वाली शाहपुरा | 4541 | 182.87 | कृषि भूमि नियमन |
| 7 | श्री विजय कुमार सैनी पुत्र श्री बिशना राम सैनी | वार्ड नं. 24 ढाणी दर्जियां वाली शाहपुरा | 4541 | 181.66 | कृषि भूमि नियमन |
| 8 | श्री बनवारी लाल मीणा पुत्र श्री अर्जुन लाल मीणा | चन्द्र नगर, देवन रोड, शाहपुरा | -- | 75.41 | भवन निर्माण |
| 9 | श्री बनवारी लाल मीणा पुत्र श्री अर्जुन लाल मीणा | चन्द्र नगर, देवन रोड, शाहपुरा | -- | 75.45 | भवन निर्माण |
| 10 | श्री रमेशचन्द मीणा पुत्र श्री कानाराम मीणा | चन्द्र नगर शाहपुरा | 4227 | 233.33 | भवन निर्माण |
| 11 | श्री मुकेश कुमार घनेटिया पुत्र श्री बलराम धोबी | चन्द्र नगर शाहपुरा | 4212 | 139.25 | भवन निर्माण |
| 12 | श्री बाबू खान पुत्र श्री अलादीन | काजी कॉलोनी शाहपुरा | 3676 | 129.0 | कृषि भूमि नियमन |
| 13 | श्री हरिश चन्द्र जाट पुत्र श्री रामनाथ जाट | वार्ड नं. 25 मोहन नगर शाहपुरा | 4679 | 110.83 | कृषि भूमि नियमन |
| 14 | श्रीमती सुशिला देवी पत्नी श्री रोशनलाल असवाल | बिदारा शाहपुरा | 24 | 248.88 | कृषि भूमि नियमन |
| 15 | श्रीमती जायदा बानो पत्नी श्री असगर खां | वार्ड नं. 14 लुहारों का मौहल्ला शाहपुरा | 3456 | 225.88 | 69 क बाबत।। |
| 16 | श्री मदन लाल खटीक पुत्र श्री स्व. घासीराम खटीक | वार्ड नं. 0.5 रामपुरा रोड शाहपुरा | 3456 | 55.00 | 69 क बाबत।। |
| 17 | श्री महेन्द्र सिंह पलसानियां पुत्र श्री राम सिंह पलसानियां | गार्डनों वाली गली, वृन्दावन विहार कॉलोनी शाहपुरा | 3823 | 203.05 | कृषि भूमि नियमन |
| 18 | श्रीमती अनिता गुप्ता पत्नी श्री महेन्द्र कुमार गुप्ता | गार्डन वाली गली शाहपुरा | 3802 | 61.11 | कृषि भूमि नियमन |
| 19 | श्री हरलाल सिंह पलसानियां पुत्र श्री रामस्वरूप पलसानियां | वार्ड नं. 07 शाहपुरा | 50 | 96.52 | कृषि भूमि नियमन |
| 20 | श्री महेश सेनी पुत्र श्री छीतरमल सैनी | वार्ड नं. 08 खोरी रोड पुलिस थाने के पास शाहपुरा | -- | 20.80 | 69 क बाबत।। |
| 21 | श्री श्याम सुन्दर वर्मा पुत्र श्री झूथाराम वर्मा | लक्ष्मी नगर, बिदारा शाहपुरा | -- | 166.66 | भवन निर्माण |
| 22 | श्री बंशीधर नैनावत पुत्र श्री कजोडमल बुनकर | वार्ड नं. 34 आदर्श कॉलोनी शाहपुरा | 2237 | 266.66 | 69 क बाबत।। |
| 23 | श्री बंशीधर नैनावत पुत्र श्री कजोडमल बुनकर | वार्ड नं. 34 आदर्श कॉलोनी शाहपुरा | 2237 | 266.66 | कृषि भूमि नियमन |
| 24 | श्री भैरू लाल लोरा पुत्र श्री रामजीलाल लोरा | चन्द्र नगर, देवन रोड शाहपुरा | 4212 | 225.32 | भवन निर्माण |
| 25 | श्री राधेश्याम सैनी पुत्र श्री भगवान सहाय सैनी | वार्ड नं. 25 जयगुरूदेव कॉलोनी शाहपुरा | 4487 | 215.30 | कृषि भूमि नियमन |
| 26 | श्रीमती मिश्री देवी पत्नी श्री राधेश्याम सैनी | वार्ड नं. 25 जयगुरूदेव कॉलोनी शाहपुरा | 4487 | 512.30 | कृषि भूमि नियमन |
| 27 | श्री मोहनलाल सैनी पुत्र श्री सेडु राम सैनी | वार्ड नं. 05 खोरी रोड शाहपुरा | 1875 | 441.44 | कृषि भूमि नियमन |
| 28 | श्री प्रदीप मित्तल पुत्र श्री सत्यनारायण दीवान | पुराना दिल्ली रोड वार्ड नं. 19 शाहपुरा | 4010 | 173.57 | भवन निर्माण |
| 29 | श्री महेश कुमार पुत्र श्री भॅवर लाल | वार्ड नं. 19 कसाईयों का मौहल्ला शाहपुरा | -- | 276.00 | कृषि भूमि नियमन |
| 30 | श्री जितेन्द्र सैनी पुत्र श्री प्रहलाद सैनी | पुराना दिल्ली रोड चुंगी नाका नं. 02 के पास वार्ड नं. 32 शाहपुरा | 3425 | 198.00 | कृषि भूमि नियमन |
| 31 | श्रीमती सरोज देवी पत्नी श्री शिव नाथ जाट | चौधरी कॉलोनी, कांट रोड, शाहपुरा | 4879 | 532.50 | कृषि भूमि नियमन |
| 32 | श्री भगवान सहाय जांगिड पुत्र श्री कन्हैयालाल जांगिड़ | ढाणी पातूहाली कांट रोड शाहपुरा | 4413 | 200 | भवन निर्माण |
| 33 | श्री सुरेश कुमार जाट पुत्र श्री नरसिंह लाल जाट | वार्ड नं. 06 नटवाडिया की कॉलोनी शाहपुरा | 3823 | 118.00 | कृषि भूमि नियमन |
| 34 | श्री मुरारी लाल अग्रवाल पुत्र स्व. श्री हनुमान अग्रवाल | पुराना दिल्ली रोड, शाहपुरा | -- | 60.39 | नामान्तरण बाबत्। |
| 35 | श्री जगदीश प्रसाद पुत्र रूडमल | वार्ड नं. 20 शिव कॉलोनी शाहपुरा | 4005 | 288.93 | कृषि भूमि नियमन |
| 36 | श्री मुनान खान पुत्र श्री सिंकदर खान | वार्ड नं. 15 काजी कॉजी कॉलोनी शाहपुरा | 3679 | 114.0 | कृषि भूमि नियमन |
| 37 | श्री भगवान सहाय जांगिड़ पुत्र श्री कन्हैया लाल जांगिड़ | ढाणी पातूहाली कांट रोड शाहपुरा | 4413 | 47.81 | कृषि भूमि नियमन |
| 38 | श्री महेन्द्र कुमार गुर्जर पुत्र श्री सूरज मल गुर्जर | सुधा विहार बिदारा शाहपुरा | 5,16,32, 33,8,11 16/1615 | 180.00 | कृषि भूमि नियमन |
| 39 | श्रीमती उषा देवी पत्नी श्री रमेश गुप्ता | वार्ड नं. 08 सुधा विहार कॉलोनी शाहपुरा | 33 | 190.34 | कृषि भूमि नियमन |
| 40 | श्री सत्यवीर पुत्र श्री अल्ला मेहर तेली | वार्ड नं. 05 काजी कॉलोनी शाहपुरा | 3676 | 200.00 | कृषि भूमि नियमन |
| 41 | श्री रामेश्वर प्रसाद गौरा पुत्र श्री रामनाथ गौरा | वार्ड नं. 19 पुराना दिल्ली रोड शाहपुरा | 4008 | 60.00 | कृषि भूमि नियमन |
| 42 | सुनील कुमार गुर्जर पुत्र सुल्तान राम गुर्जर | वार्ड नं. 08 द्रोण कॉलोनी शाहपुरा | 3869 | 230.47 | कृषि भूमि नियमन |
| 43 | कैलाश जांगिड़, अशोक कुमार शर्मा, मनोज कुमार जांगिड़ पुत्रान साधूराम जांगिड़ | विश्वकर्मा सदन थाना रोड शाहपुरा | 865/2 | 847.66 | 69 क बाबत।। |
| 44 | मंगली पत्नी हरफूल, तीजा देवी पत्नी जयराम | आई.टी.आई. कांट रोड शाहपुरा | 4409 | 440.00 | कृषि भूमि नियमन |
| 45 | मीरा देवी पत्नी उदय चन्द बुनकर | वार्ड नं. आर्दश कॉलोनी शाहपुरा | 2102/2 | 141.66 | 69 क बाबत।। |

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पालिका शाहपुरा (जयपुर)**



*हिमाचल की स्पीति घाटी में सबसे दिलचस्प स्थानों में एक है ''धनकर गोम्पा'' या ''मठ-किला''। यह स्पीति और पिन नदियों के संगम पर 12,774 फुट की ऊंचाई पर स्थित है। स्पीति घाटी का सबसे पहला उल्लेख 8 वीं शताब्दी की शुरुआत में मिलता है। तब इस क्षेत्र पर पश्चिमी तिब्बती साम्राज्य का कब्जा था, जिसका असर आज भी यहाँ की ''तिब्बती बोली'' में देखा जा सकता है। दसवीं शताब्दी में जब तिब्बत और उसके आसपास के क्षेत्रों में बौद्ध धर्म की एक नयी लहर चली हुई थी तब एक बौद्ध आध्यात्मिक नेता, रिनचेन सगंपो ने इस क्षेत्र में धनकर गोम्पा सहित कई मठों की स्थापना की। धनकर गोम्पा की दीवारों को थंगका चित्रकारी और भित्ति चित्रों से सजाया गया था। ये मठ बौद्ध धर्म के महायान संप्रदाय का अनुसरण करते थे, जिसमें बुद्ध को मानव के रुप में दिखाने की इजाजत थी। यही वजह है कि, इन मठों में सुंदर चित्रों व कलाकृतियों की भरमार थी। मठ के रुप में धनकर गोम्पा का वजूद एक सदी से भी कम समय तक रहा, क्योंकि बाद में इसमें कई बहुमंजिला इमारतें जोड़ दी गईं और इसकी किलाबंदी भी कर दी गई। इस मठ का नाम दो तिब्बती नामों ढाक (सीधी चट्टान) और कर (किला) को मिलाकर धक्कर खा गया था, जो बाद में धनकर हो गया। यह मठ भारत और तिब्बत को जोड़ने वाले व्यापारिक मार्गों में से एक प्रमुख मार्ग पर स्थित था, इसलिए तिब्बती व्यापारी स्पीति में अपने कारोबार के सिलसिले में ट्रांज़िट पास लेने के लिए यहीं आते थे। इस वजह से पश्चिमी तिब्बत के गूज और लद्दाख के बीच धनकर गोम्पा पर कब्जे के लिए लड़ाई हुई। इस लड़ाई में लद्दाख के नामज्ञाल राजा की जीत हुई, और उसने अपने स्थानीय प्रतिनिधि के रुप में यहां एक 'नोनो' या सूबेदार (वज़ीर) की नियुक्ति की। सत्रहवीं सदी के मध्य तक नामज्ञाल राजवंश का प्रभाव कम होने लगा, और फिर नोनो ही राजा बन गया। बाद में इस मठ पर रणजीत सिंह का कब्जा हो गया और फिर अंग्रेजों का। धीरे-धीरे धनकर गोम्पा का महत्व कम होने लगा। सन् 1920 में प्राच्यविद् हेनरी ली शटलवर्थ के नेतृत्व में एक टीम धनकर आई, जहां उसे मठ के भीतर कई दस्तावेज और पत्र, मूर्तियां और पेंटिंग्स मिलीं। इनमें 11 वीं और 13 वीं शताब्दी की बुद्ध की एक कांस्य -प्रतिमा और रिनचेन सांगपो के कुछ दस्तावेज भी मिले, जिनसे स्पीति और बौद्ध धर्म के इतिहास को समझने में मदद मिली। सन् 2006 में वर्ल्ड मॉन्युमैंट्स फण्ड के वर्ल्ड मॉन्युमैंट्स वॉच प्रोग्राम ने इसे विश्व के सौ स्मारकों की सूची में शामिल किया।*

# यू.पी. में वोटिंग से एक दिन पहले प्रधानमंत्री मोदी ने इंटरव्यू दिया

## कृषि कानून क्यों वापस लिये व लखीमपुर घटना के बाद भी अजय मिश्रा से इस्तीफा क्यों नहीं लिया, आदि मुद्दों पर प्रधानमंत्री ने अपनी राय व्यक्त की

नई दिल्ली, 9 फरवरी। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए वोटिंग से ठीक एक दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का इंटरव्यू सामने आया है। इंटरव्यू में प्रधानमंत्री मोदी ने यूपी समेत देश के कई अहम मुद्दों पर अपनी बात रखी है। लखीमपुर की घटना के बाद अजय मिश्रा टेनी सरकार में क्यों हैं? प्रधानमंत्री मोदी ने इसका भी जवाब दिया है।

■ **कृषि कानूनों की वापसी के मामले में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि, यह विधेयक किसानों के फायदे तथा उनकी भलाई के लिए लाया गया था लेकिन विरोध के बाद राष्ट्रहित में इसे वापस ले लिया गया।**

एक इंटरव्यू में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि, यूपी की योगी सरकार नियम के मुताबिक काम करती है। लखीमपुर की घटना में सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के मुताबिक सभी फैसले लिए गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट जो कमेटी बनाना चाहती थी, राज्य सरकार ने सहमति दी। जिस जज के नेतृत्व में जांच चाहती थी सरकार ने सहमति दी। राज्य सरकार पारदर्शिता के साथ काम कर रही है तभी सुप्रीम कोर्ट की इच्छा के अनुसार सारे निर्णय करती है।

कृषि कानूनों की वापसी के मामले में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि, यह विधेयक किसानों के फायदे उनको लाभ दिलाने के लिए लाया गया था तथा विरोध के बाद राष्ट्रहित में इसे वापस ले लिया गया।

गौरतलब है कि, पिछले साल तीन अक्टूबर को केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी के एक बयान से नाराज किसान टेनी के गांव में एक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के दौरे का विरोध कर रहे थे। उसी दौरान वहां हिंसा भड़क उठी और उसमें चार किसानों समेत आठ लोगों की मौत हो गई थी।

चार किसान व एक पत्रकार की मौत के मुकदमे में केंद्रीय मंत्री अजय मिश्र टेनी के पुत्र आशीष मिश्र समेत 14 आरोपियों के खिलाफ तीन जनवरी को चार्जशीट दाखिल हो चुकी है।

उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अखिलेश यादव और जयंत चौधरी पर हमला बोलते हुए कहा कि दो लड़कों का खेल पहले भी देखा था, उनमें इतना अहंकार था कि उन्होंने गुजरात के दो गधों का शब्द प्रयोग किया था। लेकिन उन्हें यूपी ने सबक सिखाया। प्रधानमंत्री मोदी ने यूपी और पंजाब चुनाव को लेकर बेबाकी से अपनी बात रखी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई मुद्दों पर अपनी बात रखी। उत्तर प्रदेश विधानसभा के पहले चरण का मतदान गुरुवार यानि कल होना है। इस दौरान यूपी की 58 सीटों पर मतदान किया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव और जयंत चौधरी का नाम लिए बिना हमला बोला। कहा कि हमने पहले भी दो लड़कों का खेल देखा था।

उनमें इतना अहंकार था कि उन्होंने गुजरात के दो गढ़े (गधे) शब्दों का प्रयोग किया। यूपी ने उन्हें सबक सिखाया। एक बार उनके साथ दो लड़के और एक बुआ जी थे। फिर भी, यह उनके लिए कारगर नहीं हुआ।''

## जैसलमेर ट्रक...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

सी.सी.आई. ने सोमवार को दिए अपने आदेश में कहा है कि, ट्रक यूनियन को अपनी कारगुजारियों से बाज आना चाहिए और इन्हें बंद कर देना चाहिए। सी.सी.आई. ने नाराजगी दिखाते हुए कहा कि, यह बात गलत है कि डम्पर ट्रक यूनियन, सी.जे.डी. लॉजिस्टिक्स कम्पनी को परिवहन के लिए अपने ट्रक इस्तेमाल नहीं करने देती है तथा कम्पनी को बाध्य करती है कि वो सिर्फ यूनियन के सदस्यों के ट्रकों व ड्राइवरों को ही परिवहन के लिए भाड़े पर ले, वो भी ऊँचे दामों पर। सी.सी.आई. ने टिप्पणी की कि, यूनियन और उसके सदस्यों ने ना केवल याचिकाकर्ता के वाहनों को कार्य करने की अनुमति प्रदान नहीं की, बल्कि वो उसके ड्राइवर्स व कर्मियों को यह धमकी भी दे रहे हैं कि यदि उन्होंने ऐसा करने की कोशिश की तो उनके हाथ-पैर तोड़ दिए जाएंगे।

सी.सी.आई. ने प्राप्त सबूतों के आधार पर माना कि डम्पर ट्रक यूनियन परिवहन सेवाओं की कीमतें तय करके और इन सेवाओं के नियमों को अपने हिसाब से चलाकर कॉम्पटीशन एक्ट 2002 के प्रावधानों का उल्लंघन कर रही है। उसने यूनियन और उसके तत्कालीन चेयरमैन कुंवर राज सिंह से कहा कि वह ऐसे कृत्यों से बाज आए।

# एमेज़ॉन की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने फ्यूचर ग्रुप को नोटिस जारी किया

## सुप्रीम कोर्ट इस मामले की अगली सुनवाई 23 फरवरी को करेगा

नई दिल्ली, 9 फरवरी (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने प्रमुख अंतरराष्ट्रीय ई-कॉमर्स कंपनी अमेज़ॉन की याचिका पर बुधवार को फ्यूचर ग्रुप को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया। मुख्य न्यायाधीश एन.वी.रमन की अध्यक्षता वाली न्यायमूर्ति ए.एस. बोपन्ना और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की खंडपीठ ने दिल्ली उच्च न्यायालय के पांच जनवरी के आदेश को चुनौती देने वाली अमेज़ॉन की याचिका पर फ्यूचर ग्रुप को नोटिस जारी किया।

■ **जैसा कि विदित है कि, दिल्ली उच्च न्यायालय ने एमेज़ॉन-फ्यूचर ग्रुप विवाद पर सिंगापुर ट्रिब्यूनल की मध्यस्थता प्रक्रिया पर अंतरिम रोक लगाने का आदेश दिया था। एमेज़ॉन ने हाई कोर्ट के इस फैसले को शीर्ष अदालत के समक्ष चुनौती दी है।**

शीर्ष अदालत इस मामले की अगली सुनवाई 23 फरवरी को करेगी। दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डी.एन. पटेल और न्यायमूर्ति ज्योति सिंह की पीठ ने अमेजॉन-फ्यूचर ग्रुप विवाद पर सिंगापुर ट्रिब्यूनल की मध्यस्थता प्रक्रिया पर अंतरिम रोक लगाने का आदेश दिया था। अमेज़ॉन ने इस फैसले को शीर्ष अदालत के समक्ष चुनौती दी है। अमेजॉन-फ्यूचर ग्रुप के बीच 24,713 करोड़ रुपये के वाणिज्य सौदे को लेकर कानूनी लड़ाई चल रही है। इसी सौदे के मामले में अमेज़ॉन की अनुमति के बिना फ्यूचर ग्रुप द्वारा रिलायंस रिटेल लिमिटेड को साझीदार बनाने के प्रस्ताव को लेकर कानूनी विवाद चल रहा है। फ्यूचर-रिलायंस के बीच प्रस्तावित सौदे के समझौते का अमेरिकी की प्रमुख ई-वाणिज्य कंपनी अमेज़ॉन विरोध कर रही है। मुख्य न्यायाधीश ने सुनवाई के दौरान अपनी मंगलवार को की गई टिप्पणियों के संदर्भ में विभिन्न समाचार पत्रों में छपी खबरों पर स्थिति स्पष्ट की।

आज की सुनवाई के दौरान उन्होंने कहा कि इस कानूनी विवाद को अमेज़ॉन और फ्यूचर ग्रुप, दोनों ही कंपनियां लंबा खींचने का प्रयास कर रही है।

मुख्य न्यायाधीश ने इसी मामले में एक अन्य मुद्दे पर सुनवाई के दौरान अमेजॉन द्वारा सात पन्नों की लिखित दलील पेश करने की अनुमति मांगने पर नाराजगी व्यक्त की थी। इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने अपनी असहमति व्यक्त करते हुए कहा था कि अमेज़ॉन इस मामले को लंबा खींचना चाहती है।

## सुनील जाखड़ ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

समिति का अध्यक्ष घोषित कर दिया गया। वे इस 25 सदस्यीय कमेटी के संयोजक तो थे ही, लेकिन ए.आई.सी.सी. महासचिव (संगठन प्रभारी) के.जी. वेणुगोपाल द्वारा जारी की गई प्रैस विज्ञप्ति के अनुसार, उन्हें तुरंत प्रभाव से उक्त समिति के अध्यक्ष पद का कार्यभार संभालने के लिये कह दिया गया है।

## डेनमार्क ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

की तुलना में न्यूनतम है। डेनमार्क वासियों ने ''सामान्य'' स्थिति की वापसी का स्वागत किया है। पिछले सप्ताह फैरी (नाव) से आरहूस, जो डेनमार्क का दूसरा सबसे बड़ा नगर है, जाते समय, न्यूयॉर्क टाइम्स के संवाददाता ने कहा कि, नावों में सवार सैकड़ों यात्रियों में से, केवल मुट्ठीभर लोग मास्क पहने हुये थे। डेनमार्क में प्रतिबंधों की समाप्ति, एक ऐसे भविष्य के आगमन की सूचना हो सकती है, जिसमें आर्थिक सम्पन्नता वाले देश ''वायरस के साथ जी सकते हैं'', अगर वहाँ टीकाकरण की दर बहुत अधिक हो, विशाल जाँच-क्षमता हो तथा मजबूत चिकित्सा डेटा इन्फ्रास्ट्रक्चर हो। डेनमार्क में 81 प्रतिशत लोगों का टीकाकरण पूरा हो चुका है तथा 62 प्रतिशत लोग बूस्टर खुराक ले चुके हैं। डेनमार्क के स्वास्थ्य मंत्री मैग्नस हॉनिके ने कहा, ''हमने जनता से वादा किया था कि, जितना जल्दी संभव हो सकेगा, हम सब कुछ खोल देंगे। लेकिन अगर कोई नया वैरिएंट आता है और लगता है कि वैक्सीन असर नहीं कर रही, तो हम कोई भी जरूरी कदम उठाने में संकोच नहीं करेंगे। यह (एक प्रकार से) हमारा इकरारनामा है।''

# ममता बनर्जी के चुनाव एजेंट को सुप्रीम कोर्ट ने जमानत दी

नई दिल्ली, 9 फरवरी (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के चुनाव एजेंट रहे एस. के. सुपियन को हत्या के एक मामले में बुधवार को अग्रिम जमानत दे दी।

■ **ममता बनर्जी के चुनाव एजेंट एवं टीएमसी नेता सुपियन पर गत विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद नंदीग्राम में भाजपा कार्यकर्ता देवव्रत मैती की हत्या का आरोप है।**

न्यायमूर्ति एल. नागेश्वर राव और न्यायमूर्ति अभय एस. ओका की पीठ ने सुपियन की याचिका शर्तों के साथ स्वीकार की।

टीएमसी नेता सुपियन पर गत विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद नंदीग्राम में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यकर्ता देवव्रत मैती की हत्या का आरोप है। इस मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) कर रहा है। आरोपी नेता ने कलकत्ता उच्च न्यायालय द्वारा याचिका पर सुनवाई से इनकार करने के बाद शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया था। सर्वोच्च न्यायालय ने चार फरवरी को याचिकाकर्ता की दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने सुनवाई के दौरान टीएमसी नेता सुपियन का पक्ष रखते हुए कहा था कि उनके मुवक्किल का नाम पिछले साल मई में अधिकारियों द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी या शिकायत में नहीं था और न ही सीबीआई द्वारा दायर आरोप पत्र में उनके नाम जिक्र था।

पीठ ने सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रखने के साथ ही याचिकाकर्ता को इस मामले में गिरफ्तारी से अंतरिम सुरक्षा प्रदान की थी।

सीबीआई ने सुपियन की याचिका का विरोध करते हुए अपने हलफनामे में अदालत से कहा था कि याचिकाकर्ता ने नंदीग्राम विधानसभा क्षेत्र में भाजपा को वोट देने वाले हिंदुओं को सबक सिखाने के लिए कथित तौर पर एक आपराधिक साजिश रची थी। एजेंसी ने दावा किया है कि सुपियन ने कथित तौर पर स्थानीय ग्रामीणों पर हिंसक हमले किये और इसी दौरान देवव्रत मैती की मौत हो गई।

बनर्जी नंदीग्राम विधानसभा चुनाव में अपने पूर्व सहयोगी भाजपा प्रत्याशी शुभेंदु अधिकारी से चुनाव हार गई थीं।

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने विधानसभा चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद राज्य में हुई हत्याओं और यौन उत्पीड़न की विभिन्न घटनाओं की सीबीआई जांच का आदेश दिया था।

# कश्मीर में आतंकी व उनके सहयोगियों समेत 11 लोग गिरफ्तार

## सुरक्षाबलों ने अनंतनाग में जैश-ए-मोहम्मद के दो आतंकी मॉड्यूल्स का पर्दाफाश किया

श्रीनगर, 9 फरवरी (वार्ता)। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने मंगलवार को दावा किया कि उसने अनंतनाग जिले में जैश-ए-मोहम्मद के दो मॉड्यूल का भंडाफोड़ कर तीन हाईब्रिड आतंकवादियों सहित 11 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि पुलिस ने विश्वसनीय खुफिया जानकारी पर कई चौकियों की स्थापना के बाद एक मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया। जैश के आतंकवादी अनंतनाग के श्रीगुफवाड़ा बिजबेहरा इलाकों में सुरक्षा बलों पर हमले करने की योजना बना रहे थे। उन्होंने बताया, श्रीगुफवाड़ा के पार सखरास में ऐसी ही एक चौकी पर जब दो पिलर सवारों के साथ एक बाइक सवार को रोका गया। तो उन्होंने भागने का प्रयास किया लेकिन सतर्क पुलिस दल ने चतुराई के साथ उन्हें पकड़ लिया। उनकी तलाशी में चीन में निर्मित दो पिस्तौल के साथ मैगजीन और गोला-बारूद बरामद हुआ है। उन्होंने कहा कि तीनों की पहचान अब्बास आह खान, जहूर अहमद गौगुजरी और हिदायतुल्ला कुताय के रूप में हुई है। ये सभी अनंतनाग के रहने वाले हैं।

■ **सुरक्षाबलों को आतंकियों की तलाशी में चीन में निर्मित दो पिस्तौल के साथ मैगजीन और गोला-बारूद बरामद हुआ है।**

उन्होंने कहा कि पूछताछ में हुए खुलासे के बाद दो और आतंकवादी सहयोगी शाकिर अहमद गोगोजरी और मुशर्रफ अमीन शाह को गिरफ्तार किया गया है। इसी तरह, अनंतनाग पुलिस ने केएफएफ के छह आतंकवादी सहयोगियों को गिरफ्तार कर बिजबेहरा इलाके में एक और आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया और उनके कब्जे से गोला-बारूद सहित आपत्तिजनक सामग्री बरामद हुई है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान फैयाज आह खान, मुंतजिर राशिद मीर, मोहम्मद आरिफ खान, आदिल अहमद तारे, जाहिद अहमद नजर के रूप में हुई है और छठे किशोर की पहचान उजागर नहीं की गई है।

## इस वर्ष ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

अगस्त में खाली होगा। यह निर्णय तो पंजाब विधानसभा चुनाव ही करेगा कि, किस दल को कितनी सीटें मिलती हैं। सर्वाधिक 11 राज्यसभा सीटें जुलाई में उत्तर प्रदेश से खाली होंगी। लेकिन उत्तर प्रदेश में भी इस बात का फैसला विधानसभा चुनाव ही करेंगे कि, राज्यसभा की किस दल को कितनी सीटें मिल पाती हैं।

## नए लोग ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

विधायकों को सिनेमा दिखाने पिक्चर हॉल ले जाया करती थीं। हम कहते थे कमाल का मामला है।

हमारे विपक्ष के लोगों को भी फिल्म दिखाने ले जा रही हैं। मैंने एतराज किया कि दिनभर तो तुम लोग लड़ते हो और फिर साथ में फिल्म देखते हो। लोग कहेंगे कि आप लोग आपस में मिले हुए हो।''

गहलोत ने बीजेपी विधायकों से शायराना अंदाज में कहा कि ''दुश्मनी जमकर करो, लेकिन ये गुंजाइश रखो कि जब कभी हम दोस्त हो जाएं तो कभी शर्मिन्दा ना होना पड़े।''

उन्होंने कहा ''आपस में लड़ाई हमारी विचारधारा की है। व्यक्तिगत दुश्मनी नहीं है। ये ध्यान रहे कि लक्ष्मण रेखा क्रॉस ना हो।''

# देश में करोना की रफ्तार धीमी पड़ी, बुधवार को 71 हजार नये मामले ही सामने आये

## गत 24 घंटे में 1.72 लाख मरीज करोना से रिकवर हुये

नई दिल्ली, 9 फरवरी (वार्ता)। देश में पिछले 24 घंटे में करोना संक्रमण के 71,365 नये मामले सामने आये हैं और इसी के साथ कुल मामलों की संख्या 4,24,10,976 हो गई। कोरोना की इस धीमी पड़ती रफ्तार के बीच राहत की बात यह भी है कि नये मामलों के मुकाबले ठीक होने वाले मरीजों की संख्या अधिक देखने को मिल रही है।

भारत में पिछले 24 घंटे में 1,72,211 मरीजों ने कोरोना को मात दी है जिन्हें शामिल करते हुए अब तक ठीक हो चुके मरीजों की संख्या देश में 4,10,12,869 हो गई है। वहीं, इसी अवधि में 1217 लोगों की महामारी से मौत होने के बाद पूरे देश में कोरोना की चपेट में आकर मरने वालों की संख्या 5,05,279 तक पहुंच गई है।

देश में मंगलवार को 53,61,099 लोगों को कोरोना के टीके लगाए गए। इसी के साथ यहां अब तक 1,70,87,06,705 टीके लगाये जा चुके हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से बुधवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, देश में कोविड के सक्रिय मरीजों की संख्या 1,02,063 घटकर 892828 रह गई है। मौजूदा समय में देश में कोरोना के सक्रिय मामलों की दर 2.11 प्रतिशत है। वहीं रिकवरी रेट 96.70 प्रतिशत है।

केरल करोना के सक्रिय मामलों में शीर्ष पर है जहां पिछले 24 घंटे में सक्रिय मामलों में 17,746 की कमी आने से इनकी संख्या घटकर 2,84,437 रह गयी। वहीं 46393 लोगों के स्वस्थ होने के बाद इससे निजात पाने वाले लोगों की संख्या 5979002 हो गयी है, जबकि 233 लोगों की मौत होने के बाद मृतकों का आंकड़ा 59,939 हो गया है।

कोरोना के सक्रिय मामलों में महाराष्ट्र दूसरे स्थान पर आ गया है, जहां पिछले 24 घंटों के दौरान सक्रिय मामले 12011 घटकर 1,10,004 रह गए।

इस दौरान राज्य में 18423 लोग स्वस्थ हुए, जिसके बाद इस महामारी को मात देने वालों की संख्या बढ़कर 75,57,034 हो गयी। इस महामारी से 24 और लोगों की जान जाने से मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 1,43,098 हो गया।तमिलनाडु में पिछले 24 घंटों में सक्रिय मामलों में 15755 की कमी आने से इनकी संख्या घटकर 90137 रह गयी है।

## 'सभी विधेयक प्रवर समिति के पास भेजे जायें'

नई दिल्ली, 9 फरवरी (वार्ता)। नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) के सांसद फारुक अब्दुल्ला ने कहा है कि यदि विपक्ष मांग करे तो सरकार को संसद में कोई भी विधेयक लाने से पहले उसे प्रवर समिति में भेजा जाना चाहिए अन्यथा कृषि कानून की तरह बाद में विवाद पैदा हो सकता है।

वर्ष 2022-23 के केंद्रीय बजट पर सामान्य चर्चा में तीसरे दिन जारी चर्चा की शुरुआत करते हुए अब्दुल्ला ने कहा कि देश मे गरीब और गरीब हो रहा है और अमीरों की संपत्ति बढ़ रही है। मनरेगा के बजट में कटौती करना अनुचित है।

उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर की अर्थव्यवस्था की रीढ़ पर्यटन है। इससे लाखों लोगों की आजीविका जुड़ी है। सरकार को पर्यटन को उद्योग का दर्जा देना चाहिए।

भारतीय जनता पार्टी के दिलीप घोष ने कहा कि यह बजट कोरोना महामारी में नुकसान से उभारने और अर्थनीति को पटरी पर लाने के उद्देश्यों को ध्यान में रखकर लाया गया है।

उन्होंने कहा कि यह बजट ऊपर से सामान्य प्रतीत हो सकता है लेकिन समावेशी है और अगले 25 वर्षों के विकास लक्ष्यों को हासिल करने का रोडमैप है।

# क्वाड देशों की बैठक में शामिल होने विदेश मंत्री जयशंकर ऑस्ट्रेलिया जायेंगे

## गौरतलब है कि, अमेरिका व ऑस्ट्रेलिया ने भारत और जापान को मिलाकर चार साझेदार देशों का गठजोड़ (क्वाड) तैयार किया है

नई दिल्ली, 9 फरवरी (वार्ता)। विदेश मंत्री एस जयशंकर भारत अमेरिका, जापान एवं ऑस्ट्रेलिया के चतुष्कोणीय गठजोड़ (क्वाड) के विदेश मंत्रियों की चौथी बैठक में भाग लेने गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया एवं फिलीपीन्स की यात्रा पर जा रहे हैं।

■ **विदेश मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि डॉ. जयशंकर ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्री मैरिस पायने के निमंत्रण पर 10 से 13 फरवरी तक मैलबर्न में रहेंगे जहां वे 11 फरवरी को क्वाड मंत्रिस्तरीय बैठक में भाग लेंगे।**

विदेश मंत्रालय ने आज यहां एक बयान बताया कि डॉ. जयशंकर ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री मैरिस पायने के निमंत्रण पर 10 से 13 फरवरी तक मेलबोर्न में रहेंगे जहां वह 11 फरवरी को क्वाड मंत्रिस्तरीय बैठक में भाग लेंगे। इस बैठक में क्षेत्रीय सामरिक मुद्दों पर चर्चा होगी जो एक स्वतंत्र, मुक्त एवं समावेशी हिन्द प्रशांत क्षेत्र के साझा दृष्टिकोण पर आधारित होगी। इस बैठक में कोविड महामारी, आपूर्ति श्रृंखला, क्रिटिकल तकनीक, जलवायु परिवर्तन, अवसंरचना आदि के बारे में भी विचार विमर्श होगा। बयान के अनुसार 12 फरवरी को भारत एवं ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्रियों के फ्रेमवर्क की 12वीं बैठक होगी जिसमें दोनों देशों की समग्र रणनीतिक साझीदारी की प्रगति की समीक्षा के साथ ही द्विपक्षीय, बहुपक्षीय एवं क्षेत्रीय मुद्दों पर भी चर्चा होगी। इसी दिन डॉ. जयशंकर एवं सुश्री पायने विदेश मंत्रियों की साइबर फ्रेमवर्क संवाद के उद्घाटन सत्र की सह अध्यक्षता करेंगे। विदेश मंत्री ऑस्ट्रेलिया के राजनीतिक नेताओं, शिक्षाविदों, कारोबारियों, छात्रों एवं प्रवासी समुदाय के प्रतिनिधियों से भी मिलेंगे। डॉ. जयशंकर 13 से 15 फरवरी तक फिलीपीन्स की यात्रा पर रहेंगे जहां उनकी मेजबान देश के विदेश मंत्री टियोडोरो एल लॉकसिन से भेंट होगी। दोनों मंत्री द्विपक्षीय सहयोग के लिए बने संयुक्त आयोग की बैठक की सह अध्यक्षता करेंगे। विदेश मंत्री मनीला में प्रवासी समुदाय के लोगों से भी भेंट करेंगे।

## भाजपा अभी...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

का दावा कर सकती है।

पिछले विधानसभा चुनावों में 300 से अधिक सीटें जीतने में, भगवा पार्टी ने पूरे राज्य में 100 से अधिक सीटों की बढ़त हासिल की थी। सपा के नेतृत्व वाला गठबंधन, भाजपा के लिये मुख्य चुनौती के रूप में बहुत अच्छी तरह उभर कर आया है। लेकिन सवाल यह है: क्या सपा ''फिनिशिंग लाइन'' को छू पाएगी?

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908